स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, बुधवार
27 मई, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 11
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 275 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
**मूल्य : 3 रुपये**

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net

मिचेल मार्श पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर



## सीएम योगी ने कहा - स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर सीधे आम आदमी को दिखे

# सरकारी अस्पतालों में गुणवत्ता लगातार बेहतर हो

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभागों की समीक्षा करते हुए साफ तौर पर कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं

- **आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा**

में सुधार का लाभ सीधे आम आदमी को मिलना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर होनी चाहिए।

साथ ही, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर मानव संसाधन और प्रभावी प्रबंधन से सशक्त बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा का उद्देश्य केवल संस्थान बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रदेश को प्रशिक्षित चिकित्सक, विशेषज्ञ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध कराना है। उन्होंने मेडिकल संस्थानों में आधुनिक उपकरणों, विशेषज्ञ फैकल्टी और रिसर्च गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा बन रही है। उन्होंने क्लेम दावों का तय समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों को समय पर भुगतान होता रहेगा तो मरीजों को बेहतर सुविधा मिलती रहेगी। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 6480 अस्पताल योजना से जुड़े हैं और अब तक 96.75 लाख से अधिक निःशुल्क उपचार किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना में आयुष पद्धतियों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी जैसी पद्धतियों की आईपीडी सेवाओं को भी योजना का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत कोविड कालखंड में सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का प्राथमिकता के आधार पर यथोचित समायोजन किया जाए।



उन्होंने कहा कि आशा वर्करों का भुगतान किसी भी स्थिति में लंबित न रहे। साथ ही, हेल्थ एटीएम सेवाओं का विस्तार करते हुए उन्हें अधिक से अधिक क्षेत्रों तक पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जनजागरूकता, स्वच्छता और समयबद्ध उपचार व्यवस्था के माध्यम से बेहतर परिणाम सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तीन माह से कम एक्सपायरी अवधि वाली दवाएं अस्पतालों में नहीं होनी चाहिए और उनकी जगह नई दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने टीबी उन्मूलन अभियान को जनआंदोलन बनाने पर जोर देते हुए स्कूलों, कॉलेजों और स्वयंसेवी संस्थाओं को इससे जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश को भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है।

## यूपी में आंधी-तूफान, घरों की टंकियां उड़ीं



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी में नौतपा का आज दूसरा दिन था। मंगलवार तड़के लखीमपुर खीरी में आंधी-तूफान आया। पेड़ और पोल उखड़ गए। घरों की टंकियां उड़ गईं। सुबह ज्यादातर जिलों में बादल छाए रहे। बीच-बीच में धूप निकलती रही। दिन चढ़ने के साथ ही गर्मी बढ़ गई। गर्म हवाओं ने जोर पकड़ लिया। आज 39 शहरों में हीटवेव का अलर्ट थी। इनमें 3 शहर बांदा, चित्रकूट और प्रयागराज में रेड अलर्ट रहा। यानी यहां बहुत गर्म हवाएं चलीं। इससे पहले, सोमवार देर रात अचानक मौसम बदल गया। लखनऊ में 90 की रफ्तार से तूफान आया। बस्ती, गोरखपुर और गोंडा में भी इतनी तेज आंधी आई कि हजारों पेड़-पोल उखड़ गए। गोंडा,

- **पेड़-पोल उखड़े, छह लोगों की मौत**

लखीमुपर, बस्ती, शाहजहांपुर और सीतापुर में आंधी-बारिश से जुड़े हादसों में बच्चे समेत 6 की मौत हो गई। बदायूं, अयोध्या, उन्नाव, संभल में भी तेज आंधी के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने बताया- 28 मई से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। आंधी, तूफान और आसमान में बादल छाए रहेंगे। 2-3 दिन पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश होगी। तापमान में 8 डिग्री-10 डिग्री तक गिरावट आएगी। पिछले 24 घंटे की बात करें तो बांदा एक बार फिर देश में सबसे गर्म शहर रहा। अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री दर्ज किया गया। महाराष्ट्र के ब्रह्मपुरी में पारा 47.6 डिग्री रहा। झांसी में पारा 46एष्ट तक पहुंच गया। जालौन में 45.8 डिग्री, आगरा में 45.5 डिग्री और प्रयागराज में 45.4 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया।

## अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों पर धोखाधड़ी का केस

**नई दिल्ली।** अनिल अंबानी ग्रुप से जुड़ी कंपनियों के तत्कालीन निदेशकों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया गया है। मुंबई पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंसेज विंग ने यह मामला कफ परेड पुलिस स्टेशन में दर्ज किया है। आरोपियों पर बैंक से 150 करोड़ रुपए का लोन लेकर उसे दूसरे कामों में ट्रांसफर करने और डिफॉल्ट करने का आरोप है। ईओडब्ल्यू के सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई एक्सिस बैंक के वाइस प्रेसिडेंट प्रकाश प्रभाकर राव की शिकायत पर की गई है। बैंक का कहना है कि आरोपियों ने बैंक को वित्तीय नुकसान पहुंचाने और धोखाधड़ी करने के इरादे से साजिश रची थी।

# अवैध खनन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## यूपी-एमपी और राजस्थान सरकारों को फटकार

**नई दिल्ली।** चंबल घड़ियाल अभयारण्य में लगातार बढ़ रहे अवैध रेत खनन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सख्त रुख अपनाया।

- **फर्जी नंबर वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश**



अदालत ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकारों को तत्काल प्रभाव से प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए राज्यों को निगरानी व्यवस्था मजबूत करनी होगी और खाली पड़े वन रक्षक पदों पर जल्द भर्ती करनी होगी।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। अदालत ने मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में बिना नंबर और बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों से अवैध रेत ढुलाई की मीडिया रिपोर्ट का भी संज्ञान लिया। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर रिपोर्ट सही है तो अधिकारियों ने अदालत में गलत हलफनामा दाखिल किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने तीनों राज्यों को प्रभावित इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल सेंटर और मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि यह काम युद्ध स्तर पर किया जाए और छह महीने के भीतर सभी निगरानी व्यवस्था पूरी तरह चालू होनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिन वाहनों का इस्तेमाल अवैध खनन में हो रहा है, उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। फर्जी नंबर प्लेट या बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए गए हैं।

**सिर्फ ड्राइवर नहीं, मालिकों पर भी होगी कार्रवाई**

अदालत ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई केवल वाहन चालक तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। अवैध खनन नेटवर्क से जुड़े वाहन मालिकों, ठेकेदारों और अन्य लोगों के खिलाफ भी आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वन विभाग के कर्मचारियों पर बढ़ते हमलों को लेकर भी चिंता जताई। अदालत ने कहा कि फील्ड लेवल पर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाना जरूरी है, ताकि अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

स्थानीय लोगों के रोजगार पर भी जोर कोर्ट ने राज्यों को यह भी सुझाव दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए विशेष रोजगार योजनाएं और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किए जाएं। साथ ही स्थानीय समुदायों को संरक्षण, वृक्षारोपण, इको-टूरिज्म और निगरानी कार्यों से जोड़ने की संभावनाएं तलाशने को कहा गया है। सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले की अगली सुनवाई जुलाई में करेगा। इससे पहले अदालत ने 17 अप्रैल को भी अवैध रेत खनन को लेकर चिंता जताते हुए कहा था कि कोर्ट इस मामले में मूक दर्शक नहीं बना रह सकता।

### चंबल अभयारण्य क्यों है खास?

राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में फैला करीब 5400 वर्ग किलोमीटर का संरक्षित क्षेत्र है। यह दुर्लभ घड़ियाल, गंगा डॉल्फिन और रेड क्राउन रूफ टर्टल जैसे संकटग्रस्त जीवों का घर माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लगातार हो रहा अवैध खनन इस संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इसी को देखते हुए अदालत ने तीनों राज्यों को सख्त और समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बस पलटी, एक दरोगा समेत छह की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के औरास थाना क्षेत्र क़े अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर एक

- **वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का किया निरीक्षण**
- **चालक को झपकी आने से डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलटी**

डबल डेकर बस पलटने से एक सब इंस्पेक्टर, एक कैदी समेत छह लोगों की मौत हो गई है। वहीं 21 अन्य



यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनमें तीन सिपाही भी हैं।

हादसे को संज्ञान में लेते हुए सीएम ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मृतकों के परिवार को उचित मुवाजा दिया जाएगा। पुलिस के मुताबिक लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर दिल्ली से बिहार जा रही एक बस के चालक को अचानक झपकी आने से डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेने में जाकर पलट गई। सुबह तकरीबन 4 बजे हुई इस दुर्घटना के बाद चीख पुकार मच गई। सूचना पर मौके पर यूपीडा और पुलिस भी पहुंच गई और बचाव अभियान चलाया गया। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह भी पहुंच गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से 21 घायलों को डॉक्टरों ने लखनऊ केजीएमयू रिफर कर दिया। पुलिस ने बस को मार्ग से हटवा कर यातायात शुरू कराया। दुर्घटना में मरने वालों में बिहार के जिला सीवान पुलिस लाइन में तैनात एक सब इंस्पेक्टर रामचंद्र राम और गुरुग्राम निवासी कैदी छत्तरपाल सिंह तोमर भी शामिल है। अन्य मृतकों में विजय गुप्ता, रवि वरन, सूरज जमालाल और पल्लव कुमार शामिल हैं।

> मंगलवार की सुबह करीब 5.30 बजे एक्सप्रेस-वे पर बस पलटने की जानकारी मिली जिसमें 5 लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि 2 की इलाज के दौरान मौत हो गई एक को सामुदायिक केंद्र से ही छुट्टी दे दी गई वहीं 20 लोगों को लखनऊ के हायर सेंटर रेफर किया गया।
>
> **सोनम सिंह**
> **क्षेत्राधिकारी, सफीपुर**

## दक्षिणी ईरान में अमेरिका का हवाई हमला

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। दक्षिणी ईरान और होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिका ने सेल्फ डिफेंस स्ट्राइक करते हुए ईरानी मिसाइल लॉन्च साइटों और माइन बिछाने की कोशिश कर रही नौकाओं को निशाना बनाया। अमेरिकी सेना ने कहा कि यह कार्रवाई अपने सैनिकों और युद्धपोतों की सुरक्षा के लिए की गई। खास बात यह है कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब दोनों देशों के बीच युद्धविराम और परमाणु समझौते को लेकर बातचीत जारी है।

## कांग्रेस में अब दलितों की होगी केंद्रीय भूमिका : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि दलित अब पार्टी के भीतर एक केंद्रीय भूमिका निभाएंगे, और उन्होंने जाति आधारित क्षेत्रीय दलों के उदय का श्रेय पिछले दशकों

- **पार्टी ने इनके लिए उचित उपाय नहीं किए**

में कांग्रेस की अपनी नीतियों को दिया। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग की बैठक को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस ने 1980 और 90 के दशक के दौरान दलितों के लिए उचित उपाय किए होते, तो



न तो जाति आधारित क्षेत्रीय पार्टियां उभरतीं और न ही दलित उनकी ओर आकर्षित होते।

बैठक में मौजूद सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी ने दलित समुदाय को एकजुट करने और उनमें आत्मविश्वास जगाने के लिए बसपा संस्थापक कांशी राम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भाजपा एक साथ क्षेत्रीय दलों को भंग करने और दलितों के अधिकारों को छीनने का प्रयास कर रही है, जिससे दलितों के खिलाफ अत्याचार बढ़ रहे हैं। राहुल गांधी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि कांग्रेस दलित अधिकारों की रक्षा करेगी और बाबासाहेब अंबेडकर के सपनों को साकार करेगी, साथ ही उन्होंने कहा कि दलित पार्टी में अहम भूमिका निभाएंगे। ठीक एक साल पहले, राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से स्वीकारकिया था कि कांग्रेस ने ओबीसी समुदाय की उपेक्षा की है और इसके लिए माफी मांगी थी। अब उन्होंने दलित समुदाय के बारे में भी इसी तरह की भावना व्यक्त की है। इन के माध्यम से राहुल गांधी दलित और पिछड़े समुदायों के बीच कांग्रेस की स्थिति को मजबूत करते नजर आ रहे हैं। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों के दौरान उन्होंने संविधान प्रदर्शित करते हुए रैलियां निकालीं और आरोप लगाया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में संविधान खतरे में है।

## बॉर्डर पर लगेंगे एंट्री ड्रोन सिस्टम : गृह मंत्री

**बीकानेर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बीकानेर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सांचू पोस्ट का दौरा किया। इस दौरान प्रहरी सम्मेलन में कहा- मैं ऐतिहासिक चौकी सांचू पर आया हूं। मेरे मन में सांचू चौकी को देखने की इच्छा गृहमंत्री बनने से पहले भी थी। 1964 के भारत-पाक युद्ध में सांचू की आबादी 500 से ज्यादा थी।



- **अमित शाह ने सांचू पोस्ट का किया दौरा**

आरएसी की चौकी 500 मीटर पीछे रणजीतपुरा गांव में थी। सूचना मिली थी कि सांचू पर कब्जा करने के लिए पाकिस्तान ने शुरुआत की थी। तब 3 आरएसी और 13 ग्रेनेडियर के जवानों ने हमला कर सांचू को भारत की सीमा में रखने का काम किया था। जवानों ने यह जिम्मेदारी निभाई और पाकिस्तानियों को पीठ दिखाकर भागना पड़ा था। उन्होंने कहा- सरकार अगले 6 महीने में ड्रोन रोधी संयंत्र लगाने की शुरुआत कर रही है। लेकिन ड्रोन यहां की जमीन पर उतरता है, इसे कौन रिसीव करता है, कौन उसके मटेरियल का उपयोग करता है, इस पर हमारी पैनी नजर होनी चाहिए। इसके लिए सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। शाह मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हेलिकॉप्टर से सांचू पहुंचे थे। उनके साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी थे। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर की ये सबसे ऐतिहासिक पोस्ट में शामिल है। ये दो बड़ी जंग की गवाह रही है। अमित शाह पहले गृहमंत्री हैं, जिन्होंने इस पोस्ट पर जाकर जवानों से मुलाकात की। उन्होंने यहां से पाकिस्तानी सरहद और जीरो पॉइंट वाला इलाका भी देखा।

## पन्ना में कुआं धंसा, पांच मजदूरों की मौत

**पन्ना।** पन्ना के अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम बीहरपुरवा के नयापुरवा में खेत पर कुएं की खुदाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। पांच मजदूरों की मौत हो गई है। बिन्नू अहिरवार के खेत में पिछले करीब 10 दिनों से सात मजदूर कुएं की खुदाई कर रहे थे। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे अचानक मिट्टी धंसने से पूरा घटनाक्रम मातम में बदल गया। पन्ना जिले के जनसंपर्क अधिकारी ने एक्स पर बताया कि अजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत बीहरपुरवा के नयापुरवा में मंगलवार को ग्राम पंचायत द्वारा निर्माणाधीन कुआं की मिट्टी धंसने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में पांच व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। दो व्यक्ति सकुशल बाहर निकले गए हैं।

## इबोला : अब तक 220 मौतें, भारत सुरक्षित

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के डायरेक्टर जनरल टेड्रोस घेब्रेयेसस ने बताया कि इबोला से मरने वालों की संख्या बढ़कर 220 हो गई है और यह महामारी तेजी से फैल रही है। भारत अभी तक इस खतरनाक संक्रमण से सुरक्षित है। डब्ल्यूएचओ की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन कहती हैं कि यह अंतरराष्ट्रीय चिंता का एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल है। इबोला का एक दुर्लभ स्ट्रेन बंडिबुग्यो फैल रहा है। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इस स्ट्रेन के लिए अब तक डायग्नोस्टिक्स, इलाज के विकल्प और टीके विकसित नहीं किए गए हैं।

## ओडिशा के पूर्व सांसद भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** ओडिशा के पूर्व राज्यसभा सांसद देबाशीष सामंतराय ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बीजू जनता दल (बीजद) छोड़कर भाजपा के साथ नई राजनीतिक पारी शुरू करने का फैसला लेने वाले देबाशीष पर बीजद ने स्वार्थ के कारण पार्टी छोड़ने का आरोप लगाया है। बीजद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने के बाद देबाशीष सामंतराय ने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। उनके कार्यक्रमों और व्यक्तित्व से प्रेरित होकर मैं आज भाजपा में शामिल हो रहा हूं। ओडिशा में भाजपा के लिए मुझे बहुत काम करना है; मैं पार्टी को मजबूत करने का प्रयास करूंगा।

**आफत** | एशिया से यूरोप तक गर्मी की मार से जूझ रहे लोग

# ब्रिटेन, फ्रांस और स्पेन जैसे देशों में लू का कहर

**नई दिल्ली।** दुनिया इस समय भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान की चुनौती का सामना कर रही है। भारत में जहां कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच रहा है, वहीं यूरोप, एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के कई देशों में भी रिकॉर्डतोड़ गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वैज्ञानिकों और मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अल नीनो और जलवायु परिवर्तन के कारण हीटवेव अब पहले से ज्यादा खतरनाक, लंबी और जल्दी आने लगी हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, जो गर्मी पहले जून-जुलाई में देखने को मिलती थी, अब वह मई महीने में ही रिकॉर्ड तोड़ रही है। कई देशों में स्कूलों, खेल आयोजनों और सार्वजनिक गतिविधियों पर असर पड़ा है।




कुछ जगहों पर मौतों और स्वास्थ्य संकट की घटनाएं भी सामने आई हैं।

**ब्रिटेन में गर्मी ने तोड़े पुराने रिकॉर्ड**

ब्रिटेन में मई महीने का अब तक का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया। देश के मौसम विभाग के अनुसार लंदन के क्यू गार्डन्स में तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिसने 1922 और 1944 के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी गर्मी आमतौर पर जुलाई या अगस्त में देखने को मिलती है, लेकिन इस बार मई में ही लोगों को झुलसा देने वाली गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी से बचने के लिए लोग पार्कों, फव्वारों और स्विमिंग पूल का सहारा लेते नजर आए।

**फ्रांस में 350 से शहरों में तापमान का रिकॉर्ड टूटा**

फ्रांस में भी स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। देश के 350 से ज्यादा शहरों में मई महीने के तापमान के रिकॉर्ड टूट गए हैं। कई इलाकों में तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। सरकार ने कई क्षेत्रों में हाई टेम्परेचर अलर्ट जारी किया है और लोगों को दोपहर के समय घरों में रहने की सलाह दी गई है। पेरिस में एक रनिंग इवेंट के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अधिकारियों का मानना है कि तेज गर्मी इसका एक बड़ा कारण हो सकती है।

**स्पेन में तापमान 40 डिग्री पहुंचने का अनुमान**

स्पेन भी इस समय भीषण हीटवेव का सामना कर रहा है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में कई हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हालात ऐसे हैं कि रात में भी तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं जा रहा, जिससे लोगों को राहत नहीं मिल रही।

# उन्नाव समाचार

## प्रधानों का बढ़ा कार्यकाल, गांव की राजनीति में खुशी और मायूसी का अनोखा संगम

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने की घोषणा होते ही क्षेत्र के मौजूदा प्रधानों के चेहरों पर ऐसी मुस्कान लौट आई मानो सूखे खेतों में अचानक सावन बरस पड़ा हो। कई प्रधानों ने इसे जनसेवा की निरंतरता बताया। वहीं पिछले कई महीनों से घर - घर पहुंचकर चरण वंदना, चैपाल और चाय-पानी की राजनीति में जुटे भावी प्रत्याशियों की सारी गणित गड़बड़ा गई। कुछ उम्मीदवारों ने तो पहले ही पोस्टर, बैनर और सोशल मीडिया प्रचार की तैयारी कर रखी थी। जो अब अलमारी और मोबाइल गैलरी में कैद होकर रह गए हैं। गांव के बुजुर्ग भी चुटकी लेते दिखे कि चुनाव की आहट सुनकर जो नेता रोज दिखाई दे रहे थे। अब शायद फिर पांच माह बाद दर्शन देंगे। फिलहाल गांव की राजनीति में खुशी और मायूसी का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है।

***ब्लॉक गंज मुरादाबाद*** *की ग्राम पंचायत मटुकरी के प्रधान एवं प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष आई आर साहिल ने कहा कि यह सरकार का सराहनीय और ऐतिहासिक फैसला है। अधिकारियों को प्रशासक बनाने से गांवों के विकास कार्य ठप हो जाते थे और ग्रामीणों को अपनी छोटी-मोटी समस्याओं के लिए ब्लॉक के चक्कर काटने पड़ते थे। अब प्रधान ही प्रशासक रहेंगे, जिससे जनता के काम सीधे और आसानी से हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि हम पूरी निष्ठा के साथ प्रशासक के रूप में भी गांवों के विकास और जनसेवा को जारी रखेंगे। श्री साहिल ने बताया कि आगामी 29 मई को ब्लॉक मुख्यालय पर सभी प्रधान एकत्रित होंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद प्रेषित करेंगे। इसके बाद जश्न मनाया जाएगा।*

***ब्लाक बांगरमऊ*** *अंतर्गत ग्राम पंचायत ततिया पुर के प्रधान एवं ब्लाक प्रधान संघ अध्यक्ष मनीराम ने प्रदेश सरकार द्वारा अधिकारियों के बजाए मौजूदा प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किए जाने के निर्णय को लोकतांत्रिक और ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारी अथवा अधिकारी आम जनता की समस्याओं को नहीं सुलझा सकते हैं। चूंकि जनप्रतिनिधि गांव का ही मूल निवासी होता है, इसलिए वह आम लोगों की समस्याओं और परेशानियों को पहले से ही भली भांति वाकिफ है। सरकार का यह फैसला ग्रामीण जनता के हित में है।*

## पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन की नई कार्यकारिणी गठित

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव- विकास खंड नवाबगंज में मंगलवार को पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन की बैठक आयोजित कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अशुमान सिंह को यूनियन का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष अशुमान सिंह ने कहा कि यूनियन के निर्देशानुसार ब्लॉक नवाबगंज के सभी पदाधिकारी पंचायत सहायकों की समस्याओं के समाधान और पंचायत संबंधी कार्यों की निगरानी के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित होने वाली बैठकों एवं कार्यक्रमों की तैयारियों में भी यूनियन की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। नई कार्यकारिणी में अखिल शर्मा को उपाध्यक्ष, हरिकेश को महामंत्री, सौरभ तिवारी को कोषाध्यक्ष, आशुवेंद्र कुमार को मीडिया प्रभारी तथा गोपाल कुमार को सचिव बनाया गया है। बैठक में पंचायत सहायकों ने संगठन को मजबूत बनाने और कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने का संकल्प लिया। नई कार्यकारिणी के गठन पर सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

## जगह-जगह भंडारे और धार्मिक आयोजनों में उमड़ा आस्था का सैलाब

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- ज्येष्ठ मास के चतुर्थ मंगलवार को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया। आज प्रातः काल से ही मंदिरों में पूजन-अर्चन, सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ होता रहा। नगर के स्टेशन रोड चैराहे पर पालिका अध्यक्ष राम जी गुप्ता, न्यू कटरा में संतोष शर्मा व पटेल तिराहा पर चैधरी विजय किशन ने भंडारे का आयोजन किया। इसके अलावा प्रमुख चैराहों, मंदिर परिसरों तथा मार्गों पर श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा एवं सेवा भाव से बजरंग बली भक्तों को पूड़ी, सब्जी, बूंदी, शरबत का प्रसाद वितरित किया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। जगह-जगह आयोजित भंडारे में महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया। भक्तों का मानना है कि ज्येष्ठ माह के मंगलवार को भंडारा कराने एवं प्रसाद ग्रहण करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है तथा जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इसी क्रम में मोहल्ला शुक्लाना स्थित प्राचीन राजराजेश्वरी देवी मंदिर में माता रानी के वार्षिकोत्सव पर प्रातःकाल से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर प्रबंधन द्वारा परिसर को रंगीन विद्युत लड़ियों और फूलों से सजाया गया। भक्तों ने विधि-विधान से माता का पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

## बड़े मंगल पर झंडेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, सुंदरकांड और विशाल भंडारे में जुटे हजारों श्रद्धालु



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- ज्येष्ठ माह के पावन चतुर्थ बड़े मंगल पर नगर के बड़े चैराहे स्थित प्राचीन झंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भक्ति, सेवा और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता भानू मिश्रा एवं भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा 'भानू' के नेतृत्व में आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा, महाआरती एवं विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन एवं भगवान श्रीराम तथा बजरंगबली के जयघोष के साथ हुआ। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में डूब गया। भजन-कीर्तन और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा और जय श्रीराम व जय बजरंगबली के उद्घोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक लस्सी, छोला-भटूरा, कचैड़ी, चावल, बूंदी एवं फ्रूटी सहित विभिन्न प्रसाद सामग्री वितरित की गई। बड़ी संख्या में नगरवासियों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन की व्यवस्थाएं अत्यंत सुव्यवस्थित रहीं, जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की। नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता भानू मिश्रा ने कहा कि बड़े मंगल का पर्व सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को मजबूत करता है। भगवान हनुमान जी की कृपा से समाज में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे, यही प्रार्थना है।

पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा 'भानू' ने कहा कि सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे, सहयोग और सेवा की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी कार्यकर्ताओं, श्रद्धालुओं और नगरवासियों का आभार जताया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का श्वेता भानू मिश्रा एवं प्रवीण मिश्रा 'भानू' द्वारा पट्टिका पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, वरिष्ठ पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## आजाद समाज पार्टी का तहसील पर प्रदर्शन, महिलाओं की सुरक्षा और जनसमस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव- आजाद समाज काशीराम पार्टी के जिला अध्यक्ष यतीन्द्र चैधरी के नेतृत्व में मंगलवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कुंवर राम भरोसे विद्यालय के पास से तहसील तक तख्तियां लेकर पैदल मार्च निकाला और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महिलाओं की सुरक्षा, बिजली संकट और गरीबों की समस्याओं को उठाया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं और थानों में पीड़ितों की सुनवाई नहीं हो रही है। साथ ही न्योतनी नगर पंचायत कस्बा में शराब ठेका हटाने, बिजली विभाग की समस्याओं के समाधान तथा तहसील एवं थानों में गरीबों की अनदेखी बंद करने की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने सेमरामऊ गांव की एक पीड़ित महिला की रिपोर्ट दर्ज न किए जाने के विरोध में तहसील परिसर में प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। बाद में मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम प्रज्ञा पांडे को सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई। जिला अध्यक्ष यतीन्द्र चैधरी ने कहा कि वर्तमान सरकार में आम जनता परेशान है और गरीबों को न्याय पाने के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन में राम किशन रावत, मोनू रावत, अरुण गौतम, अरविंद राजवंशी, विनोद गौतम, ज्ञानेंद्र गौतम, आकाश रावत, शसवेंद्र गौतम, सुनील गौतम, सुनील रावत, सोनी गौतम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भीषण आग से मची अफरा-तफरी, एक पशु की मौत, दर्जनभर घरों का सामान राख



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) फतेहपुर चैरासी उन्नाव- थाना क्षेत्र के एक गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग की चपेट में आकर एक पशु की मौत हो गई वही लगभग एक दर्जन घरो का गृहस्थी का सामान,अनाज,छप्पर आदि जलकर राख हो गये।ग्रामीणों ने दमकल की टीम पहुंचने से पहले ही आपसी सहयोग एवं निजी संसाधनों से आग पर काबू पा लिया था।

फतेहपुर चैरासी थाना क्षेत्र के ग्राम बूचागाड़ा में मंगलवार की दोपहर धनीराम पुत्र होरीलाल के घर के पास जमा फूस में अज्ञात कारणों से आग लग गई, ग्रामीण जब तक आग बुझाने की कोशिश करते तब तक आग ने गांव के दस घरों को अपने आगोश में ले लिया।आग की चपेट में आकर उमेश पुत्र हुलासी का छप्पर एवं राशन जल गया। वही राम गोपाल पुत्र हुलासी का छप्पर जल गया, प्रेम पुत्र दीनदयाल के छप्पर के नीचे रखें गेहूं जल गए, अनिल पुत्र पुसू के घर में रखा सामान जल गया वहीं मीरा पत्नी रमेश के घर में लगी आग से घर के में रखा सारा गेहूं राशन जलने के साथ ही आग की चपेट में आकर उनकी भैंस की भी मौत हो गई।आग की चपेट में आकर विनोद ,उमेश ,सुनील रिंकू का भी छप्पर एवं गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

दूरभाष पर सूचना देने के बाद भी काफी विलंब से पहुंची दमकल की टीम के गांव पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने अपने निजी संसाधनों हैंडपम्प, समरसिबल, पंपिंगसेट आदि का उपयोग कर आग पर काबू पा लिया था। पशु चिकित्सक की उपलब्धता न होने से मृत पशु का पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सका। वही समाचार लिखे जाने तक राजस्व कर्मी के गांव न पहुंचने से आग से हुए नुकसान का आकलन नहीं किया जा सका था।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा: डबल डेकर बस पलटी, दरोगा व बंदी समेत 7 की मौत, 21 घायल



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह भीषण सड़क हादसे में दरोगा और बंदी समेत सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा औरास थाना क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 262 पर उस समय हुआ, जब दिल्ली से बिहार जा रही एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी फैल गई।

सूचना मिलते ही यूपीडा और औरास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। गंभीर रूप से घायल 21 यात्रियों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

हादसे में बिहार के सीवान जनपद पुलिस लाइन में तैनात सब इंस्पेक्टर रविचरन और बंदी छत्रपाल सिंह तोमर की मौत हो गई। बताया गया कि दरोगा समेत तीन सिपाही बंदी छत्रपाल को गवाही के लिए गुरुग्राम लेकर गए थे और वहां से वापस बिहार लौट रहे थे। हादसे में तीन सिपाही भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

मृतकों में सुरेश कुमार जायसवाल निवासी चैरी-चैरा गोरखपुर, विदेशी गुप्ता निवासी पिपराइच गोरखपुर, विजय कुमार निवासी कप्तानगंज बस्ती, छत्रपाल तोमर निवासी हरियाणा समेत एक अज्ञात युवक शामिल है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल मोर्चरी भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह बस चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और एसएसपी जयप्रकाश सिंह मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों का जायजा लिया। डीएम ने लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती घायलों के बेहतर उपचार के लिए अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया।

वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। घटना के बाद आरटीओ विभाग की पीटीओ सैपर किदवई भी मौके पर पहुंचीं और बस की जांच शुरू कराई।

## गंगा दशहरा पर गंगा तट पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब, श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव- ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष के पावन गंगा दशहरा पर्व पर क्षेत्र के प्रसिद्ध नानामऊ गंगा तट पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंगलवार प्रातःकाल से ही हजारों श्रद्धालु हर-हर गंगे और गंगा मैया की जय के उद्घोष के साथ पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाते रहे। पूरे गंगा तट पर भक्तिमय वातावरण बना रहा। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया तथा पंडितों से भगवान सत्यनारायण की कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से अन्न, वस्त्र एवं धन का दान भी किया। गंगा तट पर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की भारी भीड़ देखने को मिली। गंगा दशहरा पर्व को लेकर गंगा घाट पर विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। तहसील प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस बल एवं गोताखोरों की तैनाती की गई थी। प्रशासनिक अधिकारी भी लगातार व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पर्व के अवसर पर गंगा तट पर धार्मिक आस्था और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला। श्रद्धालुओं का मानना है कि गंगा दशहरा पर गंगा स्नान और दान-पुण्य करने से पापों का नाश होता है तथा जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

# कानपुर देहात समाचार

## बकरीद के चलते डीएम ने की शांति समिति कानून व्यवस्था की बैठक दिए आवश्यक निर्देश

**ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के धार्मिक स्थलों के आसपास कराई जाए साफ.सफाई एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित।**

**त्योहारों के दौरान रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।**

**अराजक एवं भड़काऊ गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध की जाए कठोर कार्रवाई**



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

माती कानपुर देहात। आगामी पर्व बकरीद को सकुशल शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता वा पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय की उपस्थिति में जिला स्तरीय शांति समितिध्पीस कमेटी एवं कानून व्यवस्था की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नगर निकायों स्वास्थ्य विभाग विद्युत विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों ईदगाह एवं अन्य धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष साफ.सफाई अभियान चलाया जाए तथा पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ.सफाई जलापूर्ति एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सार्वजनिक स्थलों प्रमुख चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में कूड़ा ट्रॉली एवं बड़े डस्टबिन रखने के निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा सेक्टरवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी क्षेत्र से विद्युत आपूर्ति बाधित होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कुर्बानी स्थलों का पूर्व चिन्हांकन कर लिया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कुर्बानी से संबंधित गतिविधियां केवल निर्धारित स्थलों पर ही संपन्न हों। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा स्थापित न होने पाए तथा सभी त्योहार पारंपरिक एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए जाएं। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थलों एवं सड़कों पर नमाज अदा न की जाए तथा नमाज केवल निर्धारित स्थलों पर ही संपन्न कराई जाए।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने.अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने तथा आवश्यकतानुसार त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कानून एवं शांति व्यवस्था हर हाल में बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएं तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

उन्होंने सोशल मीडिया पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि अनावश्यक भड़काऊ अथवा अफवाह फैलाने वाले पोस्ट साझा करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी दशा में न होने पाए तथा सार्वजनिक स्थलों पर पशुओं की कुर्बानी पूर्णतः प्रतिबंधित रहे। कुर्बानी के उपरांत अवशेषों का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहारों के दौरान आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह सक्रिय रहें तथा आवश्यक दवाइयों एंबुलेंस एवं चिकित्सकीय टीमों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अवगत कराया कि आगामी बकरीद के दृष्टिगत पुलिस एवं प्रशासन द्वारा समस्त तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएंगी। उन्होंने बताया कि सभी छोटी एवं बड़ी मस्जिदों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा संवेदनशील एवं संदिग्ध स्थलों पर नियमित भ्रमण एवं निगरानी की जाएगी जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। उन्होंने पुनः स्पष्ट किया कि जनपद में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी स्थिति में नहीं होने दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न धर्मों के सम्मानित नागरिकों एवं धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं सुझावों एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पर्व आपसी भाईचारे सौहार्द एवं शांति के वातावरण में मनाए जाएं तथा प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

जिलाधिकारी ने सभी सम्मानित नागरिकों धर्मगुरुओं एवं जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें तथा त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराएं। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ प्रत्येक स्थिति पर नजर बनाए हुए है तथा आमजन के सहयोग हेतु सदैव उपस्थित रहेगा।

बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु सम्मानित नागरिक मौलवीगण जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी प्रतिभाग करते हुए अपने सुझाव एवं विचार साझा किए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ;प्रशासनद्ध अमित कुमार मुख्य चिकित्साधिकारी डॉण् एण्केण् सिंह अपर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रसाद समस्त उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी अधिशासी अधिकारी थाना प्रभारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के निर्णय पर खुशी रसूलाबाद में प्रधानों ने अर्जुन सिंह का किया स्वागत

**पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के ब्लाक अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने निर्णय का स्वागत किया**



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** रसूलाबाद कानपुर देहात। प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें प्रशासक बनाए जाने के निर्णय का पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने स्वागत किया है। शासन का निर्णय सार्वजनिक होते ही ग्राम प्रधानों में खुशी की लहर दौड़ गई और रसूलाबाद विकास खंड मुख्यालय पर प्रधानों ने एकत्र होकर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन सिंह का ग्राम प्रधानों एवं प्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। उपस्थित प्रधानों ने प्रदेश सरकार के फैसले की सराहना करते हुए इसे ग्राम पंचायतों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया। ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा कि ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने की मांग को लेकर संगठन लगातार प्रयासरत था। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय ने इस मुद्दे को शासन स्तर पर मजबूती से उठाया जिसके परिणामस्वरूप सरकार ने ग्राम प्रधानों के हित में यह सकारात्मक निर्णय लिया।अर्जुन सिंह ने कहा प्रदेश सरकार का यह फैसला ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने में सहायक साबित होगा। इससे गांवों में चल रहे विकास कार्य प्रभावित नहीं होंगे और ग्राम प्रधान पहले की तरह जनसेवा एवं पंचायत हित के कार्यों को सुचारु रूप से आगे बढ़ा सकेंगे। यह ग्राम प्रधानों की एक बड़ी जीत है। कार्यक्रम में हरि गोविन्द सिंह नेताजी उमेंद्र सिंह यादव जैल सिंह प्रमोद कुमार कृष्ण कुमार राठौर इसरोज खान उदय प्रताप सिंह प्रदीप कुमार यादव संजीव पाल हरिश्चंद्र प्रवीण यादव विमल सिंह यादव रोशन लाल कमलेश कुमारी राममूर्ति जयचंद बर्मा सतेंद्र गौतम सतवंत सिंह शैलेन्द्र कुमार शिवेंद्र पाल सिंह जयवीर सिंह यादव अनिल राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए संगठन की एकजुटता की सराहना की।

## समय से पूर्व पूरा हुआ जनगणना कार्य, नगर पंचायत रसूलाबाद में प्रगणकों का हुआ सम्मान



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** रसूलाबाद कानपुर देहात। भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत नगर पंचायत रसूलाबाद में प्रथम चरण का कार्य निर्धारित समय से पूर्व सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया। इस उपलब्धि पर नगर पंचायत परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों को सम्मानित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष देव शरण कमल एवं अधिशाषी अधिकारी कुल कमल सिंह ने प्रगणकों को मालाएं पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनगणना कार्य में उनकी कार्यकुशलता समर्पण और समयबद्ध कार्यशैली की सराहना की गई। जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकानों एवं परिवारों का मकान सूचीकरण तथा मकानों की गणना का कार्य कराया गया था। इस कार्य को समय से पूर्व पूरा करने वाले प्रगणकों में शैलेन्द्र सिंह सहायक अध्यापक प्रा0वि0 करियावर अरुण प्रताप सिंह राणा प्रवक्ता अमर शहीद राजा दरियाव चन्द्र इंटर कॉलेज एवं आशीष भान सिंह प्रवक्ता अमर शहीद राजा दरियाव चन्द्र इंटर कॉलेज शामिल रहे। उत्कृष्ट कार्य के लिए तीनों प्रगणकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी कुल कमल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को समय से पहले पूरा करना नगर पंचायत रसूलाबाद के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रगणकों की मेहनत और जिम्मेदारी के कारण यह कार्य सफलता पूर्वक संपन्न हो सका। सम्मान समारोह के दौरान नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार निकाय सदस्य विनोद गुप्ता मशरूफ नवाज हासिम पठान सहित जनगणना सुपरवाइजर प्रवक्ता उमेश कुमार सिंह प्रत्यूष राजपूत एवं निकाय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्लास्टिक कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग, अफरा-तफरी

**-तीन घंटे की मशक्कत के बाद फायर कर्मियों ने पाया काबू**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** किदवई नगर में मंगलवार तड़के प्लास्टिक कबाड़ के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटे देख इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने पूरा गोदाम अपनी चपेट में ले लिया। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंच पांच दमकल की गाड़ियों की मदद से करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

कजड़नपुरवा किदवई नगर निवासी संजय ने भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह का जगईपुरवा स्थित प्लाट किराए पर ले रखा है, जिसमें उनका प्लास्टिक कबाड़ का गोदाम हैं। क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब पांच बजे अचानक गोदाम से धुआं निकलना शुरू हुआ। वह लोग जब तक कुछ समझ पाते। देखते ही देखते 25 फीट ऊंची आग की लपटें उठने लगीं। गोदाम में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक का कबाड़ रखा था, जिसकी वजह से आग तेजी से फैल गई। आग से उठ रहा काला धुआं करीब एक किमी दूर तक नजर आ रहा था। इससे इलाके में दहशत फैल गई। इसके बाद लोगों ने गोदाम मालिक और यूपी 112 पर सूचना दी, जिसके कुछ देर बाद ही किदवई नगर, मीरपुर और फजलगंज फायर स्टेशन से पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची और फिर आग बुझाने का काम शुरु हुआ। प्लास्टिक में आग को काबू करना मुश्किल हुआ तो दमकल कर्मियों ने बाउंड्री को तोड़कर करीब तीन घंटे में आग पर काबू पाया। वहीं आग की जानकारी पहुंचे मालिक संजय गोदाम जलता देख वह भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि गोदाम में लाखों रुपये का माल रखा हुआ था। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि कबाड़ गोदाम में लगी आग को काबू कर लिया गया है। कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## बाइक सवार बदमाशों ने महिला की लूटी मंगलसूत्र

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। चकेरी में बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े एक महिला का मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

रायपुरवा देवनगर निवासी मीनू चौरसिया ने बताया कि 23 मई की शाम करीब 7 बजे वह अपनी बेटी के साथ सवारी वाहन से घाऊखेड़ा स्थित अपने मामा के घर जा रही थीं। हरजिंदर नगर से दो बदमाश उनकी रेकी करने लगे थे। एयरफोर्स गेट के अंदर घाऊखेड़ा के पास अचानक पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से मंगलसूत्र छीन लिया। घटना इतनी तेजी से हुई कि महिला कुछ समझ पाती, उससे पहले ही आरोपी फरार हो गए। वारदात के बाद महिला ने शोर मचाया, तो मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। पीड़िता ने बताया कि लूटा गया मंगलसूत्र उनके लिए भावनात्मक और आर्थिक दोनों रूप से महत्वपूर्ण था। चकेरी पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्यवाहक थाना प्रभारी जावेद अहमद ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि बाइक सवार बदमाशों की पहचान किया जा सके। उन्होंने पीड़िता को जल्द गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## पानी की टंकी पर नशे में धुत युवक ने किया हाईवोल्टेज ड्रामा





**-ऑटो मरम्मत के पैसे दिलाने की कर रहा था मांग**

**-पुलिस के आश्वासन के बाद तीन घंटे बाद नीचे उतरा**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** बर्रा में नशे की हालत में एक युवक 50 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गया। यह देख वहां मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। युवक लगातार आटो मरम्मत का खर्च दिलाने की मांग करता रहा और बात न मानने पर टंकी से कूद जाने की धमकी देता रहा। करीब साढ़े तीन घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस ने समझा-बुझाकर उसे सुरक्षित नीचे उतारा।

जरौली फेस-1 निवासी शैलेंद्र दुबे ऑटो चालक हैं। उसके पास दो ऑटो हैं, जो इस समय खराब पड़े हैं और उन्हें ठीक कराने के लिए उन्होंने गैराज में दिया है। ऑटो खराब होने की वजह से उनकी आमदनी बंद है। मंगलवार सुबह शैलेंद्र दुबे ने ऑटो ठीक कराने के लिए अपने पिता चंद्र कुमार दुबे से पैसे मांगे, लेकिन उन्होंने देने से मना कर दिया। इसके बाद शैलेंद्र ठेके पर जाकर शराब खरीदा जरौली फेस-1 स्थित 50 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गया। टंकी पर चढ़कर उसने वहीं शराब पी और नीचे आने-जाने वाले लोगों को गालियां देने लगा। जब राहगीरों ने उसे समझाकर नीचे उतरने को कहा तो वह और अधिक आक्रोशित होकर हंगामा करने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाउडहेलर के जरिए उसे नीचे उतरने के लिए समझाने का प्रयास किया तो वह कूदकर जान देने की धमकी देने लगा। इसके बाद पुलिस ने लाउडहेलर के माध्यम से शैलेंद्र से टंकी पर चढ़ने का कारण पूछा, जिस पर उसने बताया कि उसकी ऑटो खराब है और उसे ठीक कराने के लिए उसके पास पैसे नहीं हैं। परिवार वालों ने भी पैसे देने से मना कर दिया है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर उनके परिजनों को बुलाया, जिन्होंने पैसे देने की बात कही, लेकिन वह फिर भी नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। करीब तीन घंटे तक चले ड्रामे के बाद पुलिस ने ऑटो ठीक कराने का आश्वासन दिया तो वह नीचे उतरा। बर्रा इंस्पेक्टर रवींद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि युवक आर्थिक तंगी से परेशान होकर पानी की टंकी पर चढ़ गया था। इस दौरान वह नशे की हालत में था। उसे सुरक्षित नीचे उतारकर थाने लाया गया है।

## खबर एक नजर

### बकरा मंडी हुई गुलजार, महंगाई के बावजूद कुर्बानी को उत्साहित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** ईद-उल-अजहा का त्योहार के एक दिन शेष हैं। इसे देखते हुए जाजमऊ स्थित बकरा मंडी में मंगलवार से रौनक बढ़ गई है।

मंडी में अपने बकरों के साथ आए व्यापारी मोहम्मद फारूख ने बताया कि पिछले 38 सालों से वह अपने पिता के साथ यहां आ रहे थे। 10 साल पहले पिता के इंतकाल के बाद वह अकेले ही इस कारोबार को संभाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार एक्सपोर्ट महंगा होने की वजह से बकरा मंडी में भी मंहगाई देखने को मिल रही है। पहले जहां 15-20 हजार रुपये से बकरे शुरू हो जाते थे, वहीं इस बार 30 हजार रुपये से नीचे कोई बकरा उपलब्ध नहीं है। मंडी में एक लाख रुपये का बकरा भी बिकने आया है। पाड़े का रेट भी 35 से 40 हजार रुपये से शुरू हो रहा है। फारूख का कहना है हम अल्लाह की शान में कुर्बानी करते हैं, चाहे महंगा हो या सस्ता, हम कुर्बानी जरूर करेंगे। वहीं पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी का परिवार भी बकरा खरीदने मंडी पहुंचा। उनके भाई रिजवान सोलंकी ने कहा अल्लाह का लाख लाख शुक्र है कि तीन साल बाद पूरा परिवार इस बार बकरीद पर एक साथ खुशियां साझा करेगा। उन्होंने बताया कि अपनी हैसियत के अनुसार एक बकरा खरीदा गया है, जिसकी कुर्बानी बकरीद की नमाज के बाद की जाएगी। प्रशासन की ओर से मंडी में पीने योग्य साफपानी, साफ-सफाई, सुरक्षा और एनाउंसमेंट की समुचित व्यवस्था की गई है, जिसकी सभी व्यापारियों ने सराहना की है।

### तीन दिवसीय फुटबाल चैंपियनशिप का हुआ आयोजन



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। कोयला नगर स्थित मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वारा आयोजित इंटर स्कूल सीआईएससीई तीन दिवसीय फुटबाल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें तीन विभिन्न वर्गों में कुल 15 मैच खेले गए। फाइनल में अंकों के आधार पर बालिका वर्ग में अंडर 17 में मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेण्डरी स्कूल कोयला नगर टीम विजेता बनी। सभी विजेता टीमों को विद्यालय की डायरेक्टर वीना साइलस ने पारितोषिक प्रदान किया व विशिष्ट अतिथि व सभी भाग लेने वाले टीमों का स्वागत स्कूल प्रिंसिपल जेस्सी जॉन ने किया। इस अवसर पर फुटबॉल सचिव अजीत सिंह के अतिरिक्त मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेंडरी स्कल के अध्यक्ष यशराज साइलस एवं दीक्षा साइलस उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

### दबंगों ने परिवार पर बोला हमला, पांच घायल

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। हनुमंत विहार में हमलावरों ने एक परिवार पर ईंट पत्थरों से हमला बोल दिया। जिसमें पांच लोग घायल हो गए। एक पहले भी दबंगों ने पीड़ित के पिता की पिटाई की थी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। उस्मानपुर में रहने हिमांशु पाल ने बताया कि उनका कॉपी-किताब का व्यापार है। आरोप है कि वर्चस्व कायम करने के लिए क्षेत्र के कुछ शातिर अपराधी उनसे खुन्नस रखते हैं। रविवार शाम उनके पिता लालजी पाल मोहल्ले में ही मंदिर दर्शन करने गए थे। लौटते समय ईंट मारकर उनका हाथ तोड़ दिया। इसकी शिकायत रविवार को हनुमंत विहार थाने व चौकी में की थी। मामले की जांच चल ही रही थी कि सोमवार शाम को गिरोह के करीब 20 लड़कों ने एक बार फिर से हमला कर दिया। छोटे भाई नितिन ने विरोध किया तो उसे जमीन में गिरा-गिराकर लाठी-डंडों से पीटा। उनसे मिलने आए दोस्तों रितिक सिंह और नितिन सिंह का सिर फोड़ दिया। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। हनुमंत विहार थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# आरबीआई अधिकारी बन 9 साल में की 95 लाख की ठगी, दम्पत्ति गिरफ्तार

**-लैप्स पॉलिसी को रिफंड कराने के नाम पर रिटायर्ड जेई को बनाया शिकार**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** आरबीआई अधिकारी बनकर ठग ने पुलिस आवास निर्माण निगम के रिटायर्ड जेई से 95 लाख रूपए हड़प लिए। आरोपी ने ठगी की रकम को अपने और पत्नी के खाते में मंगवायी। नजीराबाद पुलिस ने ठगी करने वाले दंपती को गिरफ्तार कर लिया है। ठगी की रकम से आरोपी ने एक एक्सयूवी कार, आईफोन 15 खरीदा था।

डीसीपी सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शारदा नगर निवासी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव पुलिस आवास निमार्ण निगम में जेई पद पर कार्यरत थे। वर्ष 2022 में वह रिटायर्ड हुए थे। उनकी तकरीबन 28 बीमा पॉलिसी थी, किस्तें जमा न कर पाने के कारण 22 पॉलिसी लैप्स हो गई थी। लैप्स हुई पॉलिसी को रिफंड करने के लिए रिटायर्ड जेई ने वर्ष 2017 में गूगल पर सर्च करने के दौरान आरबीआई की फिशिंग वेबसाइट और मोबाइल नंबर मिला। दिए गए नंबर पर बात करने में युवक ने खुद को आरबीआई का जनरल मैनेजर बताते हुए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का फर्जी नोटिस रिटायर्ड जेई को दिया। इसके बाद लैप्स पॉलिसी को शुरू कराने के नाम पर 9 साल में 95 लाख रुपए खुद के व अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर करा लिए। लंबे समय से पैसे देने के बाद भी पॉलिसी प्रीमियम रिफंड न होने पर पीड़ित जेई ने मामले की शिकायत साइबर सेल में की। जिसके बाद साइबर सेल के प्रभारी दरोगा तनुज सिरोही, स्वाट प्रभारी शिवकुमार शर्मा की टीम जांच पड़ताल में जुट गई। डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि आरोपी युवक को पीड़ित ने फोन कर पैसे देने के लिए जेके मंदिर नहरिया के पास बुलाया, जहां नजीराबाद पुलिस ने ठग व उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सुल्तानपुर के अलिम्द्दीनपुर गिधौना के गांव गिधौना निवासी दीपक सिंह व जौनपुर के शाहगंज निवासी आंचल बताया। डीसीपी ने बताया कि दीपक सिंह इंटर पास है, जबकि उसकी पत्नी आंचल ने जीएनएम का कोर्स किया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि आंचल के खाते में ठगी के 15 लाख रुपए और शेष रकम दीपक ने अपने खाते में ट्रांसफर कराई थी। आरोपी दीपक ने वर्ष 2017 में आरबीआई की फिशिंग वेबसाइट बनाई थी, रिटायर्ड जेई को झांसे में लेने के बाद आरोपी ने फिशिंग साइट बंद कर दी थी और फोन के जरिए रिटायर्ड जेई के संपर्क में थे। आरोपियों के पास से एक एक्सयूवी कार, आईफोन-15, मोबाइल, लैपटॉप, चेकबुक व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरादम हुए हैं।

## घर से भागी किशोरी, जीआरपी ने परिजनों से मिलवाया



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। ऑपरेशन मुस्कान के तहत जीआरपी ने सेंट्रल रेलवे स्टेशन से एक किशोरी को बरामद कर उसके परिवार से मिलाया। किशोरी मां की डांट से नाराज होकर घर से सेंट्रल स्टेशन आ गई थी।

जीआरपी प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि मंगलवार को स्टेशन परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 1/10 पर एक किशोरी संदिग्ध हालत में अकेली बैठी मिली। पुलिसकर्मियों ने उसे महिला हेल्प डेस्क ले जाकर पूछताछ की।

पूछताछ में किशोरी ने बताया कि वह पश्चिमी दिल्ली की गौतम कॉलोनी की रहने वाली है। वह मां की डांट से नाराज होकर वह रविवार को घर छोड़कर कानपुर सेंट्रल आ गई थी। जीआरपी ने तुरंत उसके परिवार से संपर्क कर सूचना दी। सूचना मिलने पर किशोरी के परिजन कानपुर पहुंचे। थाने में उसे सुरक्षित देखकर परिजनों ने राहत की सांस ली। मां ने अपनी बेटी को गले लगाया। परिजनों ने जीआरपी पुलिस की तत्परता की सराहना की। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत स्टेशन परिसर में लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसका उद्देश्य भटके हुए बच्चों और गुमशुदा लोगों को सुरक्षित उनके परिवारों तक पहुंचाना है।

# सिख युवक की पगड़ी उतार पीटने वाले दो छात्र गिरफ्तार

-नशेबाजी को लेकर हुआ था विवाद

स्वतंत्र भारत ब्यूरो



कानपुर। सिविल लाइंस में सिख युवक की पगड़ी उतार कर उसे बेरहमी के पीटने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी ग्रेजुएशन के छात्र हैं। वहीं फरार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि पीड़ित युवक नशे में धुत होकर उनकी बहन के सामने गाली-गलौज कर रहा था, जिसका विरोध करने पर वह मारपीट को उतारू हो गया था।

आजाद नगर के आदित्य इन्क्लेव में रहने वाली सोनिया भाटिया का दिल्ली में कार एसेसीरीज का कारोबार है। उनके पति रजिन्द्र सिंह भाटिया का निधन हो चुका है। पहले वही यह कारोबार चलाते थे। अब इनके दो बेटे वंश और सहज भाटिया हैं, जो कारोबार संभालते हैं। सोनिया भाटिया ने बताया कि शुक्रवार रात को उनका बेटा वंश भाटिया कोतवाली थाना क्षेत्र के वीरेंद्र स्वरूप स्मृति बिल्डिंग स्थित क्लब में गया था। रात करीब 2 बजे वह क्लब की लिफ्ट से नीचे आ रहा था। तभी नाम लेने को लेकर उसका पांडु नगर निवासी धैर्य गुप्ता से विवाद हुआ। इसके बाद धैर्य अपने तीन साथियों व एक लड़की के साथ लिफ्ट से नीचे उतरा और बारबक परिसर में ही वंश को लात-घूंसों से पीटने लगा। उसकी पगड़ी उतारकर बाल खींचे और सिर दीवार से भिड़ा दिया। इस दौरान वंश के नाक और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। उसका गला भी दबाया गया। मामले में शनिवार को पीड़ित की मां सोनिया भाटिया ने कोतवाली में चारों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी धैर्य और उसके साथी सचिन गुप्ता को देर रात गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलाश की जा रही है। धैर्य के पिता लोहे के पाइप के कारोबारी और सचिन स्क्रैब व्यापारी है। कोतवाली इंस्पेक्टर ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पीड़ित वंश भाटिया उनका दोस्त था। वंश पांच साल पहले उनके पड़ोस में रहता था। इसके बाद आजाद नगर शिफ्ट हो गया था। आरोपी ओम ने बताया कि घटना के दिन उसकी बहन भी साथ में क्लब गई थी। वंश शराब के नशे में धुत होकर बहन के सामने उससे गाली-गलौज कर रहा था, जिस कारण विवाद हुआ।

# सपा सुप्रीमो के खिलाफ लगाई गई भ्रामक होर्डिंगें, कार्यकर्ताओं में आक्रोश

-नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो



कानपुर। सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव की चकेरी क्षेत्र में लगाई गई आपित्तजनक होर्डिंग को लेकर कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। इसके विरोध में मंगलवार को नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एडिशनल एडीसीपी अर्चना सिंह को ज्ञापन सौंपकर अराजकतत्वों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। नगर अध्यक्ष ने कहा कि कृष्णानगर और श्यामनगर क्षेत्र में लगाए गए ये झूठे और भ्रामक होर्डिंग शहर का माहौल बिगाड़ने व पार्टी की छवि धूमिल करने की सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्व जानबूझकर इस तरह की हरकत कर शहर में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की राजनीति किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं की जाएगी। कार्यकर्ताओं ने इसे पार्टी नेतृत्व का अपमान बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से मांग की है कि इन होर्डिंगों को तत्काल हटवाया जाए तथा इन्हें लगाने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराएंगे। इस मौके पर प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, रजत मिश्रा, दीपक खोटे, शादाब आलम, शहाबुद्दीन कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

## आटो सवार बदमाशों ने युवक का छीना बैग, एक गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो



कानपुर। बिधनू में युवक के साथ लूट करने वाले एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कनवांपुर निवासी रोहित सिंह ने बताया कि 24 मई की रात करीब 10.40 बजे वह शंभुआ पुल के पास सवारी का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान एक ऑटो वहां आकर रुका, जिसमें चार युवक सवार थे। आरोप है कि युवकों ने अचानक उनके हाथ से बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। इस दौरान उन्होंने ऑटो का नंबर देख कर पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। रोहित ने बताया कि छीने गए बैग में करीब 2700 रुपये नकद, रेडमी और सैमसंग कंपनी के दो मोबाइल फोन, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड समेत अन्य जरूरी दस्तावेज रखे थे। मामला दर्ज कर बिधनू पुलिस ने संदिग्धों की तलाश शुरू की। पुलिस ने एक आरोपी को ग्राम शंभुआ पावर हाउस के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान आदित्य मिश्रा उर्फ चेतन मिश्रा निवासी योगेंद्र विहार खाड़ेपुर थाना हनुमंत विहार के रूप में हुई है। बिधनू थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।

## खबर एक नजर

### शुक्लागंज के द्रोणाचार्य खेल प्रशिक्षक प्रदीप द्विवेदी हुए सम्मानित



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) शुक्लागंज उन्नाव** स्थानीय गंगानगर शुक्लागंज स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिक्षा के साथ.साथ संस्कार अनुशासन एवं खेल गतिविधियों को सदैव विशेष महत्व प्रदान किया जाता रहा है। विद्यालय के दूरदर्शी प्रबंधन एवं यशस्वी प्रधानाचार्य डॉण् बृजेंद्र मिश्र के कुशल नेतृत्व में विद्यालय में सत्र प्रारंभ से लेकर सत्र समापन तक संचालित होने वाली प्रत्येक गतिविधि का सतत अवलोकन एवं मूल्यांकन किया जाता है। विद्यालय की यह गौरवशाली परंपरा रही है कि जो भी आचार्य प्रशिक्षक अथवा विद्यार्थी अपने उत्कृष्ट कार्य एवं प्रतिभा से विद्यालय का नाम गौरवान्वित करते हैंए उन्हें समय.समय पर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाता है। इसी क्रम में बीते शैक्षिक सत्र में विद्यालय के खिलाड़ियों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं में अभूतपूर्व प्रदर्शन किया गया। विद्यालय के भैया.बहनों ने संकुल स्तर से लेकर जनपदण्प्रांत क्षेत्र अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं तथा स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया तक विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और विद्यालय का नाम गौरव के साथ ऊंचाइयों तक पहुंचाया। खिलाड़ियों की इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे विद्यालय के वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक प्रदीप द्विवेदी जी का अथक परिश्रमए अनुशासित प्रशिक्षण एवं समर्पित मार्गदर्शन प्रमुख रूप से दिखाई देता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉण् बृजेंद्र मिश्र ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता केवल भवनों और संसाधनों से नहीं होतीए बल्कि वहां कार्य करने वाले समर्पित आचार्यों एवं प्रशिक्षकों की निष्ठा और तपस्या से होती है। उन्होंने कहा कि जिस विद्यालय के प्रशिक्षक अनुशासनप्रियए कर्मठ एवं दूरदर्शी होते हैंए वहां के खिलाड़ी निश्चित रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। खेल केवल शारीरिक क्षमता का विकास नहीं करतेए बल्कि आत्मविश्वासए नेतृत्व क्षमताए टीम भावनाए धैर्य और राष्ट्रभाव का भी निर्माण करते हैं। प्रधानाचार्य जी ने विशेष रूप से वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक प्रदीप द्विवेदी जी की प्रशंसा करते हुए उन्हें विद्यालय का द्रोणाचार्य बताया

### पानी भरने को लेकर दो वर्गों में संघर्ष पुलिस सक्रिय

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)**

भीतरगांव कानपुर।साढ़ थाना क्षेत्र की बिरहर चौकी के नेवादा भरथुआ गांव में हैंडपंप से पानी भरने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया और देखते ही देखते लाठियां चटकने लगी वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव करने आए युवकों के साथ भी मारपीट की जिससे कई लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। नेवादा भरथुआ निवासी कपूरी देवी ने थाने में लिखित तहरीर देते हुवे बताया कि आज सुबह लगभग आठ बजे हैंडपंप में पानी भरने में विवाद हो गया गांव के ही अलीहसन कासिम चादबाबू छ्म्मी अलीहसन की पत्नी सभी लोग एकमत होकर अपने अपने हाथों में लाठी डंडे व तलवार लेकर मारपीट की है जिसमें कपूरी देवी व पुत्री रानी व अंजना पत्नी अमर सिंह के शरीर में गंभीर चोटें आई है बीच बचाव करने पहुंचे रोहित सिंह को भी मारा है जिसमें उसके भी गंभीर चोट आई है पीड़ित ने बताया कि अलीहसन आदि उपरोक्त लोगों कह रहे थे सभी को जान से मार दो कोई बचने न पाए कासिम हसन हाथ में घरेलू तलवार लेकर मारने के लिए दौड़ा था सभी अपने अपने घरों में घुसकर अपनी अपनी जान बचाई है अलीहसन आदि उपरोक्त लोग कह रहे थे कि हिंदू मुस्लिम के मध्य झगड़ा हो रहा है जहां भी जो लोग मिले उसको वही मार दो जिसके चलते गांव में भय का माहौल व्याप्त है साढ़ थाना प्रभारी के के मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भीतरगांव सीएचसी भेजा गया है उसके बाद मुकदमा दर्ज कर उचित कार्यवाही की जाएगी

### नदीहा बुजुर्ग में हुआ 9 वें उर्स के कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** बिल्हौर दृ बिल्हौर तहसील के ग्राम नदीहा बुजुर्ग में 9 वें उर्स के कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ उपदेश सिंह यादव घिमऊ जिला पंचायत प्रत्याशी ने शिरकत की और आशीर्वाद लिया। उर्स कमेटी के पदाधिकारियों ने डॉ उपदेश का भव्य स्वागत किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमेटी के फैजान मंसूरी पप्पू मंसूरी अल्तमस बबलू आदी कादिर मंसूरी आशीष पंडित अमन यादव प्रांशु सैनी पुनीत सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।

### कुड़नी मंदिर में आरती के दौरान महिला का पर्स चोरी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। साढ़ थाना क्षेत्र के कुड़नी स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने आई महिला का पर्स चोरी हो गया महिला ने पर्स चोरी की शिकायत पुलिस से की है फतेहपुर निवासी शिल्पी पत्नी अरुण वर्मा अपनी बहन नीलम उत्तम के साथ कुडनी हनुमान मंदिर दर्शन करने आई थी आरती करने के दौरान महिला ने अपना पर्स नीचे रख दिया आरती के बाद उसने देखा तो पर्स नहीं मिला दर्शन करने आई महिला ने बताया कि मेरे पर्स में पांच हजार रुपए सहित एक टच मोबाइल व चश्मा पड़ा था काफी खोजबीन करने के बाद भी पर्स का कही पता नहीं चल सका जिसके चलते महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से करने की बात कही।

## सड़क पर जा रही बच्ची को बचाने में ऑटो पलटा, तीन घायल

**हादसे में घायल दो बच्चों समेत तीन लोगों को इलाज केलिए लाया गया सीएचसीए बच्ची को किया गया रेफर**



घाटमपुर। मंगलवार को थाना रेउना क्षेत्र के घुघुवा पुल के पास सड़क पार कर रही बच्ची को बचाने में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार दो बच्चों समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज केलिए सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद बच्ची की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हमीरपुर जिले के मिलावा निवासी बिनी सचान 30 अपने 7 वर्षीय बेटे आरुष सचान व 13 वर्षीय बेटी तनवी के साथ कानपुर देहात के भोगनीपुर से ऑटो में सवार होकर हमीरपुर अपने घर लौट रहे थे। तभी घुघुवा पुल के पास पहुंचते ही एक बच्ची अचानक सड़क पार कर रही थीए जिसे बचाने में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार तीनों घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज करने के बाद तनवी को गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया। थाना प्रभारी अनुज राजपूत ने बताया कि घायलों को इलाज केलिए सीएचसी भेजा गया था। घटना के संबंध में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है

### हाथों में आई लव यू... लिख किशोरी ने की आत्महत्या

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। साढ़ थाना क्षेत्र की भीतरगांव चौकी के एक गांव में एक किशोरी ने प्रेम में बाधा बने समाज के सामने एक दूजे से न मिल पाने की टीस में जहरीला पदार्थ खा लिया हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल ले गए जहां किशोरी की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार गांव निवासी एक किशोरी का प्रेम प्रसंग गांव के ही आशीष नामक युवक से चल रहा था जिसका परिजन लगातार विरोध कर रहे थे बताया जाता है कि छह माह पूर्व किशोरी अपने प्रेमी के घर जा पहुंची तो प्रेमी के पिता ने उसे डांट डपटकर भगा दिया था तब से किशोरी बहुत परेशान थी लोगों की माने तो वह दोनों चोरी छुपे एक दूसरे से मिलते रहे बीती रात किशोरी ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी आनन फानन परिजन उसे लेकर कानपुर स्थित किसी अस्पताल में ले गए जहां उसकी मौत हो गई मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।



### अयोध्या आगमन पर राजा राम का हुआ भव्य राज्याभिषेक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शुक्लागंज ;उन्नाव** सनातन धर्म प्रचार.प्रसार समिति श्री रामनाम लेखन महायज्ञ समिति एवं मां गंगा सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में कृष्णानगर में आयोजित अमृतमयी श्रीराम कथा के नवम दिवस पर कथा व्यास आचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने लंका दहन के आगे के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया लंका दहन के पश्चात माता सीता को सांत्वना देकर प्रभु श्रीराम के पास आकर माता सीता का संदेश देना भगवान श्रीराम द्वारा रामेश्वरम सेतु की स्थापना समुद्र पर सेतु का निर्माण कर सागर पार करना अंगद जी को दूत बनाकर रावण को समझाना श्रीराम जी द्वारा विभीषण को लंका का राजा घोषित करना युद्ध प्रारंभ करना युद्ध में आने को योद्धाओं सहित कुंभकरण वध लक्ष्मण की मूर्छा हनुमान का संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण के प्राणों की रक्षा करना मेघनाथ वध श्रीराम रावण संग्राम रावण वध विभीषण का राज्याभिषेक श्रीराम जी द्वारा पुष्पक विमान से अयोध्या आगमन श्री राम जी का अयोध्या आगमन पर हर्षोल्लाह एवं राज्याभिषेक आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया । झांकियों के द्वारा भी भक्ति पूर्ण माहौल को अविस्मरणीय बनाया गया। उक्त अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी जिला मंत्री अवनीश शुक्ला मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला बउआ अवस्थी यजमान पंण् बद्री विशाल तिवारी श्याम बिहारी शुक्ल महेश शुक्ल अमित पाण्डेय तारकेश्वर पाण्डेय ओम प्रकाश मिश्रा हरिशंकर सहित अनेक राम भक्त एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे ।



### जनगणना मकान सूचीकरण कार्य को शत.प्रतिशत पूर्ण करने वाले हुए सम्मानित

बिल्हौर। बिल्हौर तहसील में जनगणना मकान सूचीकरण कार्य को शत.प्रतिशत पूर्ण करने वाले प्रगणकों को मंगलवार 26 मई 2026 को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी बिल्हौर एवं तहसीलदार द्वारा प्रगणकों को माल्यार्पण अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। सम्मानित होने वालों में अवनीश कुमार कटियार प्रधान अध्यापक प्राथमिक विद्यालय मोहिउद्दीनपुर प्रथम और निहारिका पाल सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय बैड़ी अलीपुर तथा विवेक पटेल प्रवक्ता नेहरू इंटर कॉलेज अरौल शामिल रहे। तीनों प्रगणकों ने जनगणना मकान सूचीकरण का कार्य निर्धारित समय में शत.प्रतिशत पूर्ण कर प्रशासन की सराहना प्राप्त की। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि जनगणना का कार्य देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होता है तथा इसमें लगे कार्मिकों की मेहनत और जिम्मेदारी सराहनीय है। सम्मान समारोह के दौरान तहसील परिसर में उपस्थित कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने भी सम्मानित प्रगणकों को बधाई दी।

### जनगणना मकान सूचीकरण कार्य को शत.प्रतिशत पूर्ण करने वाले हुए सम्मानित

बिल्हौर। बिल्हौर तहसील में जनगणना मकान सूचीकरण कार्य को शत.प्रतिशत पूर्ण करने वाले प्रगणकों को मंगलवार 26 मई 2026 को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी बिल्हौर एवं तहसीलदार द्वारा प्रगणकों को माल्यार्पण अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। सम्मानित होने वालों में अवनीश कुमार कटियार प्रधान अध्यापक प्राथमिक विद्यालय मोहिउद्दीनपुर प्रथम और निहारिका पाल सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय बैड़ी अलीपुर तथा विवेक पटेल प्रवक्ता नेहरू इंटर कॉलेज अरौल शामिल रहे। तीनों प्रगणकों ने जनगणना मकान सूचीकरण का कार्य निर्धारित समय में शत.प्रतिशत पूर्ण कर प्रशासन की सराहना प्राप्त की। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि जनगणना का कार्य देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होता है तथा इसमें लगे कार्मिकों की मेहनत और जिम्मेदारी सराहनीय है। सम्मान समारोह के दौरान तहसील परिसर में उपस्थित कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने भी सम्मानित प्रगणकों को बधाई दी।

## गंगा दशहरा पर माँ संतोषी मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शुक्लागंज उन्नाव** शुक्लागंज पोनी रोड स्थित वार्ड नंबर 27 में माँ संतोषी मंदिर के 27वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर गंगा दशहरा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा धार्मिक भजनों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा.अर्चना एवं मां संतोषी की आरती के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। महिलाओं बच्चों और बुजुर्गों सहित सभी ने भक्तिभाव से प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं जिससे पूरे कार्यक्रम का संचालन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। आयोजक ऋषभ पाण्डेय ने बताया कि मंदिर का वार्षिकोत्सव हर वर्ष बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर आयोजित भंडारे का उद्देश्य समाज में धार्मिक आस्था भाईचारे और सेवा भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से गोलू यादव अनिल अरविन्द ठाकुर प्रभात गौरव सुनील सर्वेश अयोध्या अशोक सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और शाम तक प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा।

### कुल्हाड़ी से हमलाकर जेब में पड़े रुपए निकालने का आरोप पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। साढ़ थाना क्षेत्र के उमरी गांव में मजदूरी कर वापस लौट रहे युवक के साथ गांव के करीब आधा दर्जन लोगों ने मारपीट कर रुपए छीन लिए विरोध पर कुल्हाड़ी से हमलाकर घायल कर दिया पीड़ित द्वारा मामले की लिखित तहरीर दी गई पुलिस द्वारा जांच कर कार्यवाही की बात कही जा रही। उमरी निवासी राजबाबू ने तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार दोपहर वह मजदूरी करके वापस अपने घर जा रहा था जैसे ही वह उमरी निवासी छोटे उर्फ भाठिया के मकान के सामने पहुंचा तभी बाबू जी के मकान से अनुज लवकुश पुत्रगण छन्नू नज़्जो पुत्र शरीफ अनुज सचिन अवधेश अंशू कल्लू सुरेश आदि अचानक आकर उसे गाली गलौज करते हुवे मारने पीटने लगे जिसमें प्राथी को बचने का कोई मौका नहीं मिला अनुज उपरोक्त ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिसमें युवक बेहोश होकर गिर गया पीड़ित ने जेब में पड़े तीन हजार रुपए निकाल लिये शोर शराबा सुनकर गांव के लोग पहुंचे तब तक आरोपी भाग चुके थे साढ़ थाना प्रभारी के के मिश्रा ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच की जा रही है।

### आस्था से जुड़े कुड़नी दरबार में उमड़ा जनसैलाब जगह जगह तैनात रही पुलिस

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। ज्येष्ठ मास के चतुर्थ बड़े मंगलवार को साढ़ क्षेत्र के कुडनी स्थित आस्था के प्रतीक हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा तड़के मंगला आरती के साथ कपाट खोले गए श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को देखते हुए साढ़ थाना प्रभारी द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए पंक्तियों में लगकर दर्शनार्थियों ने सुगमतापूर्वक दर्शन किए।
नौतपा की भीषण गर्मी और लू के बीच भी दूर दूर तक पंक्तियों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे मंदिर परिसर जय श्री राम जय हनुमान के जयकारों से गूंजता रहा मंदिर परिसर के बाहर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को शरबत पीकर भीषण गर्मी में राहत मिली वही जगह जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड कन्नौज

**ई–टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की निविदा आमंत्रित**

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या 01/अधि0अभि0/2026–27**

महामहिम श्री राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से सिंचाई विभाग के वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों हेतु पुनः आमंत्रित की जाती हैं एवं निहित कार्यक्रमानुसार विभाग द्वारा गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोला जायेगा। उपरोक्त निविदायें बजट की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही है। बजट उपलब्ध होने पर ही भुगतान संभव होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत जी0 एस0टी0 रहित (लाख रु0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रु0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं स्टेशनरी चार्ज + 18% GST (रु0 में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | विकूपुर ड्रेन के किमी0 21.200 से 0.000 तक सिल्ट सफाई का कार्य | 12.22 | 1.23 | 20 दिवस | 856.00 | "C" एवं उच्चश्रेणी |
| 2 | सफियापुर ड्रेन के किमी0 10.600 से 0.000 तक सिल्ट सफाई का कार्य | 6.05 | 0.61 | 20 दिवस | 856.00 | "C" एवं उच्चश्रेणी |
| 3 | खुबरियापुर स्केप ड्रेन के किमी0 7.400 से 0.000 तक सिल्ट सफाई का कार्य | 4.33 | 0.44 | 20 दिवस | 767.00 | "C" एवं उच्चश्रेणी |
| 4 | जिनौरा सप्लीमेंटरी कट ड्रेन के किमी0 4.000 से 0.000 तक सिल्ट सफाई कार्य | 2.15 | 0.22 | 20 दिवस | 767.00 | "C" एवं उच्चश्रेणी |
| 5 | चिरावर ड्रेन के किमी0 3.900 से 0.000 तक सिल्ट सफाई का कार्य | 2.12 | 0.22 | 20 दिवस | 767.00 | "C" एवं उच्चश्रेणी |
| 6 | बारापुर जनखत ड्रेन के किमी0 8.000 से 0.000 तक सिल्ट सफाई का कार्य | 4.35 | 0.44 | 20 दिवस | 767.00 | "C" एवं उच्चश्रेणी |
| 7 | महू सिबरा ड्रेन के किमी0 6.000 से 0.000 तक सिल्ट सफाई का कार्य | 2.21 | 0.23 | 20 दिवस | 767.00 | "C" एवं उच्चश्रेणी |
| 8 | नगला सुदामा स्केप ड्रेन के किमी0 3..200 से 0.000 तक सिल्ट सफाई का कार्य | 2.02 | 0.21 | 20 दिवस | 767.00 | "C" एवं उच्चश्रेणी |

Note:- Rates will be quoted without G.S.T. which will paid as per prevailing Govt. rules.

बिड डॉक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 29.05.2026 प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 04.06.2026 पूर्वाहन 11.00 बजे तक उपलब्ध हैं। जिसको दिनांक 04.06.2026 पूर्वाहन 11.30 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 04.06.2026 को अपरान्हन 12.30 बजे से निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें प्रपत्र के साथ उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://irrigation.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड कन्नौज

उ0प्र0 251746 दिनांक- 26.05.2026
Website: www.upgov.nic.in


## निवर्तमान प्रधान बनाए गए प्रशासक ग्राम पंचायतों में जश्न का माहौल

**■ आज बुधवार से सभी निवर्तमान प्रधान निभाएंगे प्रशासक की भूमिका, इससे पहले प्रधानों का कार्य काल खत्म होने पर एडीओ पंचायत को प्रशासक नियुक्त किया जाता था**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)**

घाटमपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंजूरी व पंचायती राज्य मंत्री ओम प्रकाश राजभर के निर्देश पर सोमवार को प्रमुख सचिव पंचायती राज अनिल कुमार द्वारा मौजूदा ग्राम प्रधानों को ही 6 माह तक ग्राम पंचायत का प्रशासक बनाए जाने पर निवर्तमान प्रधानों ने खुशी जताते हुए आभार जताया है।आज मंगलवार से मौजूदा ग्राम प्रधानों का कार्य काल खत्म होने पर कल बुधवार से सभी निवर्तमान प्रधान प्रशासक की भूमिका निभाएंगे।इससे पहले प्रधानों का कार्य काल खत्म होने पर एडीओ पंचायत को प्रशासक नियुक्त किया जाता था। प्रशासक बनाए गए निवर्तमान ग्राम प्रधान गांव की सफाईए पेय जलएमनरेगाए सड़क मरम्मत के अलावा ग्राम पंचायत में अन्य जरूरी कार्यों को भी अंजाम देंगे। प्रशासक बनाए जाने पर निवर्तमान प्रधानों व उनके समर्थकों में जहां जश्न का माहौल रहाए वहीं प्रधान पद का चुनाव लड़ने की तैयारी में कई माह से जुटे दावेदारों के चेहरे मुरझाए नज़र आ रहे थे।




**जयनारायन यादव, प्रधान भदरस सरकार की मंशा पर उतरेंगे खरा**

घाटमपुर। ब्लॉक घाटमपुर की ग्राम पंचायत भदरस में पेयजल व स्वच्छता पर विशेष कार्य करने पर प्रधान जय नारायन सिंह ने न सिर्फ बुलंदियों को पंख दिए। बल्कि दिल्ली तक कार्य शैली की गूंज रही थी।स्वतंत्रता दिवससमारोह में वह दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने प्रशासक बनाए जाने पर खुशी जताते हुए कहा कि सरकार ने प्रशासक के रूप में जो जिम्मेदारी सौंपी हैए उसे ईमानदारी से निभाने के साथ शासन की मंशा पर खरा उतरेंगे।



**सुलेखा कुशवाहा, प्रधान तिलसड़ा अधूरे कामों को पूरा करने का मिलेगा मौका**

पतारा घाटमपुर। लोक प्रशासन और ग्रामीण विकास राज्य संस्थान अगरतला त्रिपुरा द्वारा कानपुर मण्डल की एक मात्र तिलसड़ा ग्राम पंचायत से महिला ग्राम प्रधान सुलेखा कुशवाहा पत्नी दीपू कुशवाहा को बुलाए जाने पर वह एक अप्रैल से पांच अप्रैल तक एकस्पोजार विजिट पर त्रिपुरा गई थीं। जहां उत्कृस्ट ग्राम पंचायतो मे विजिट के लिए उन्हें भेजा गया था।उन्होंने प्रशासक बनाए जाने पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे ग्राम पंचायतों के अधूरे कामों को पूरा करने का भी मौका मिलेगा




**प्रहलाद सिंह निवर्तमान प्रधान कटरी**

**प्रशासक के रूप में ईमानदारी से निभाएंगे जिम्मेदारी**

घाटमपुर।निवर्तमान प्रधान कटरी प्रहलाद सिंह ने मंगलवार से मौजूदा ग्राम प्रधानों का कार्य काल खत्म होने के साथ कल बुधवार से सभी निवर्तमान प्रधान प्रशासक की भूमिका निभाएंगे।इससे पहले प्रधानों का कार्य काल खत्म होने पर एडीओ पंचायत को प्रशासक नियुक्त किया जाता था। अगर सरकार ने प्रधानों को प्रशासक के रूप ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी सौंपी है तो सभी लोग ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे निभाना हम सब का काम है।




**राम कुमार सैनी, निवर्तमान प्रधान शाखा जनवारा**

**प्रशासक की जिम्मेदारी का निभाएंगे नैतिक दायित्व**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)**

घाटमपुर। मौजूदा ग्राम प्रधानों को ही 6 माह तक ग्राम पंचायत का प्रशासक बनाए जाने पर निवर्तमान प्रधान राम कुमार सैनी ने खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह सरकार ने उन लोगों पर विश्वास कर ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी सौंपी हैए उसे ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि गांव के विकास कार्यों को रफ्तार देने के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से करेंगे।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता द्वितीय मण्डल सिंचाई कार्य, कानपुर

**ई–निविदा सूचना संख्या:–12/एस.ई.–II/2026–27**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (https://etender.up.nic.in) टेक्निकल/प्री–क्वालीफिकेशन बिड एवं फाइनेन्शियल बिड सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों द्वारा दिनांक 29/05/2026 पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 05/06/2026 अपरान्ह 15:00 बजे तक ऑनलाइन डाउनलोड/अपलोड की जा सकेगी। टेक्निकल/प्री–क्वालीफिकेशन बिड दिनांक 05/06/2026 की अपरान्ह 15:30 बजे निविदा समिति द्वारा कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय मण्डल सिंचाई कार्य, कानपुर के कार्यालय कक्ष में उपस्थित फर्मों/ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल/प्री–क्वालीफिकेशन की प्री–बिड बैठक दिनांक 30/05/2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता द्वितीय मण्डल सिंचाई कार्य, कानपुर के कक्ष में होगी। निविदा अपलोड करने के पहले निविदादाता शर्तों का भली–भाँति अध्ययन कर लें। कार्यालय बन्द होने या राजकीय अवकाश होने की दशा में अगले कार्य दिवस में उसी समय निविदा खोली जायेगी।

| लाट संख्या | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा मूल्य कर सहित (रू0 में) | सिंचाई विभाग में पंजीकृत श्रेणी | सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता जिनके नाम प्रतिभूति बन्धक होनी है। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जनपद कानपुर नगर में रजवहा हथेई के किमी0 0.000, 0.262, 1.194, 1.959, 2.807, 3.352, 3.742, 5.151 एवं 5.961 पर क्षतिग्रस्त पुलों के पुर्ननिर्माण का कार्य। | 158.00 | 3.16 | 365 दिवस | 2800.00 | श्रेणी-"ए" | अधिशासी अभियन्ता, कानपुर प्रखण्ड निचली गंगा नहर, कानपुर |
| 2 | जनपद कानपुर नगर में रजवहा हथेई के किमी0 6.760, 7.800, 8.510, 9.810, 10.320, 12.240, 13.286, 14.000, 14.750, 15.417, 15.866 एवं 16.510 पर क्षतिग्रस्त पुलों के पुर्ननिर्माण का कार्य। | 170.00 | 3.40 | 365 दिवस | 2800.00 | श्रेणी-"ए" | |
| 3 | जनपद कानपुर नगर में अल्पिका बबुरहा के किमी0 0.000, 0.900, 1.480, 2.420, 2.985 एवं 4.185 पर क्षतिग्रस्त पुलों के पुर्ननिर्माण एवं 03 अदद हेड रेगुलेटर के पुनरोद्धार का कार्य। | 94.00 | 1.88 | 365 दिवस | 2800.00 | श्रेणी-"बी" | |
| 4 | जनपद कानपुर नगर में अल्पिका आगापुर के किमी0 0.503, 1.222, 2.243, 2.862, 3.728 एवं 4.749 पर क्षतिग्रस्त पुलों के पुर्ननिर्माण का कार्य। | 85.00 | 1.70 | 365 दिवस | 2800.00 | श्रेणी-"बी" | |

*Note: Rates will be quoted without GST. GST will be paid extra as per prevailing government Rules.

*उक्त निविदा बजट आवंटन की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही है।

*यह निविदा/बिड की सूचना उ.प्र. की वेबसाइट (https://information.up.gov.in) एवं सिंचाई विभाग की वेबसाइट (https://idup.gov.in) पर भी उपलब्ध है। निविदा/बिड की विस्तृत आवश्यक शर्तें (https://etender.up.nic.in) पर उपलब्ध है।

(कौशलेश प्रसाद पाण्डेय)
अधीक्षण अभियन्ता
द्वितीय मण्डल सिंचाई कार्य,
कानपुर

उ0प्र0 251763 दिनांक- 26.05.2026
Website: www.upgov.nic.in

### गंगा स्नान करने गए युवक की डूबने से मौत

फतेहपुर। अपने दोस्तों के साथ ओम घाट पर गंगा स्नान करने गए 22 वर्षीय युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। सदर कोतवाली क्षेत्र के कलिकन रोड मसवानी मोहल्ला निवासी सुशील यादव का पुत्र अजीत यादव अपने चचेरे भाई शिवा (15) और गुलशन (15) के साथ बाइक से ओम घाट गया था। नहाते समय अजीत गहरे पानी में चला गया। गोताखोरों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# रेडक्रॉस चुनाव में डॉ. अनुराग पैनल की महाविजय, विरोधी टीम चित





**- 286 वोटों की ऐतिहासिक जीत से गूंजा प्रेक्षागृह, नवीन कार्यकारिणी गठित**

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी फतेहपुर की कार्यकारिणी का चुनाव मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ। इस चुनाव में डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के पैनल ने एकतरफा मुकाबला करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की। चुनाव अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, सोसाइटी में कुल 618 वोटर पंजीकृत थे, जिनमें से 398 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतों की गिनती में विजेता डॉ. अनुराग श्रीवास्तव को 308 वोट हासिल हुए, जबकि प्रतिद्वंद्वी गुरमीत सिंह की टीम को महज 78 मतों से ही संतोष करना पड़ा।

यह पूरी चुनाव प्रक्रिया इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश के उपसभापति व चुनाव पर्यवेक्षक अमरनाथ मिश्र और चुनाव अधिकारी व अपर उपजिलाधिकारी दुर्गेश यादव की कड़ी देखरेख में संपन्न हुई। मतदान को लेकर सुबह से ही सदस्यों में खासा उत्साह देखा गया और मतों की गिनती के बाद भारी संख्या में पहुंचे समर्थकों के बीच नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उपसभापति अमरनाथ मिश्र द्वारा मानव सेवा और समर्पण की पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

गठित की गई नवीन कार्यकारिणी में डॉ. अनुराग श्रीवास्तव को चेयरमैन, डॉ. विवेक श्रीवास्तव को वाइस चेयरमैन, श्रीमती मोहन ज्योति को कोषाध्यक्ष तथा अजीत सिंह को सचिव चुना गया। इसके साथ ही स्मिता सिंह, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र अग्निहोत्री, प्रवीण अवस्थी और चैतन्य कुमार को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। जीत की घोषणा होते ही सोशल मीडिया पर समर्थकों द्वारा बधाई देने का तांता लग गया।

विजयी घोषित होने और सेवा की शपथ ग्रहण करने के बाद नवनिर्वाचित चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी को और अधिक सक्रिय बनाकर गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सेवा को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि सोसाइटी के सभी आजीवन सदस्यों को जल्द ही परिचय पत्र (आईडी कार्ड) जारी किया जाएगा, ताकि सेवा कार्य बिना किसी बाधा के अबाध गति से चलते रहें।

एक अहम सवाल के जवाब में डॉ. अनुराग ने चुनावी व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने का भरोसा दिया। उन्होंने स्वीकार किया कि वर्तमान मतदाता सूची में कुछ मृतकों के नाम भी शामिल रह गए हैं, जिन्हें आगामी दिनों में एस.आई.आर. के माध्यम से पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए हटाने का काम किया जाएगा, ताकि भविष्य के लिए एक साफ-सुथरी और अद्यतित सूची तैयार की जा सके।

### चुनाव में हार-जीत लगी रहती है, मतदान निष्पक्ष व पारदर्शी रहा - गुरमीत सिंह

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। रेडक्रॉस सोसाइटी के चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद प्रतिद्वंद्वी पैनल के प्रत्याशी सरदार गुरमीत सिंह ने बेहद सकारात्मक और खेल भावना से भरा बयान दिया है। उन्होंने पूरी चुनाव प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि आज का चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी और सही तरीके से संपन्न हुआ है। लोकतंत्र में हार-जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और वह इस जनादेश को सहर्ष स्वीकार करते हैं।

सरदार गुरमीत सिंह ने विपरीत परिस्थितियों में भी उनके पैनल पर भरोसा जताने वाले सम्मानित मतदाताओं का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चुनावी मैदान में उतार-चढ़ाव तो लगे रहते हैं, लेकिन उन्हें इस बात की बेहद खुशी है कि विपरीत लहर के बावजूद लगभग 93 लाइफ मेंबर्स (आजीवन सदस्यों) ने उनके पक्ष में वोट देकर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इसके लिए वह सभी सहयोगियों और मतदाताओं के सदैव आभारी रहेंगे और भविष्य में भी रेडक्रॉस के माध्यम से समाज सेवा से जुड़े कार्यों में सहयोग करते रहेंगे।

## बिंदकी अधिवक्ता संघ चुनाव- कल्याण सिंह अध्यक्ष व प्रतिभा देवी बनीं महामंत्री

**- वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कमलेश और कोषाध्यक्ष पद पर सुधीर ने दर्ज की शानदार जीत**



बिंदकी (फतेहपुर)। अधिवक्ता संघ तहसील बिंदकी के वार्षिक चुनाव 2026 के परिणाम मंगलवार को घोषित हो गए। इस बेहद दिलचस्प और प्रतिष्ठापूर्ण मुकाबले में अध्यक्ष पद पर कल्याण सिंह यादव ने 56 मतों से और महामंत्री पद पर प्रतिभा देवी पटेल ने 20 मतों से शानदार जीत दर्ज कर परचम लहराया है। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों ने विजयी प्रत्याशियों को फूल-मालाओं से लाद दिया और गाजे-बाजे के साथ भव्य विजय जुलूस निकाला।

सुबह से शुरू हुआ मतदान, कुल 237 अधिवक्ताओं ने किया वोट - तहसील परिसर में मंगलवार की सुबह 10 बजे से कड़ी सुरक्षा और भारी उत्साह के बीच मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई, जो अपरान्ह 3 बजे तक चली। कुल 242 पंजीकृत मतों में से 237 वोट पड़े। मतगणना के दौरान एक वोट इनवैलिड (अवैध) पाया गया, जिसके बाद कुल 236 वैध मतों के आधार पर हार-जीत का फैसला हुआ।

मतों का पूरा समीकरण, किसे मिले कितने वोट?- चुनाव अधिकारियों द्वारा जारी किए गए अंतिम परिणाम के अनुसार, विभिन्न पदों पर प्रत्याशियों को मिले मतों का विवरण- अध्यक्ष पद- विजयी प्रत्याशी कल्याण सिंह यादव को 142 वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी ज्ञानेंद्र सिंह को 86 मत प्राप्त हुए। कल्याण सिंह ने ज्ञानेंद्र सिंह को 56 मतों के अंतर से शिकस्त दी। वहीं, तीसरे प्रत्याशी रामनारायण अग्निहोत्री को केवल 8 वोटों से ही संतोष करना पड़ा।

महामंत्री पद- महिला प्रत्याशी प्रतिभा देवी पटेल ने 128 मत हासिल कर जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अशोक मिश्र (108 वोट) को 20 मतों से पराजित किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद- इस पद पर कमलेश को एकतरफा 159 वोट मिले। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी शैलेंद्र अग्निहोत्री (74 मत) को 85 वोटों के भारी अंतर से मात दी। कोषाध्यक्ष पद- प्रत्याशी सुधीर कुमार को 149 वोट प्राप्त हुए। सुधीर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी ललित पांडे (85 मत) को 64 वोटों से हराकर कोषाध्यक्ष पद की कमान संभाली। गाजे-बाजे के साथ हुआ भव्य स्वागत- चुनाव परिणाम आते ही पूरा तहसील परिसर जयकारों से गूंज उठा। अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का मुंह मीठा कराया और अबीर-गुलाल उड़ाकर खुशी का इजहार किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कल्याण सिंह यादव और महामंत्री प्रतिभा देवी पटेल ने सभी साथी अधिवक्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि वे अधिवक्ता हित और बार-बेंच के बीच मधुर संबंध बनाए रखने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

# डीएम-एसपी के निर्देश पर नशे के कारोबार पर कसेगा शिकंजा

**■ एनकॉर्ड समिति की बैठक में जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश**



**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** जनपद में नशीले पदार्थों की तस्करी और मादक द्रव्यों के दुरुपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त रूप से की।
बैठक में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और नशे के बढ़ते जाल पर गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने आबकारी और पुलिस विभाग को समन्वय बनाकर लगातार चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भांग की दुकानों का औचक निरीक्षण किया जाए और यदि वहां किसी अन्य नशीले पदार्थ की बिक्री पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाए।
इसके साथ ही शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि स्कूलों-कॉलेजों के आसपास नशे से संबंधित कोई दुकान संचालित न हो और युवाओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और जनता भी इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दे। बैठक में एडीएम (वित्त एवं राजस्व), सीओ, ड्रग इंस्पेक्टर और आबकारी निरीक्षक आदि समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### रेडक्रॉस चुनाव परिणाम में धांधली, हाईकोर्ट में देंगे चुनौती - रवि दुबे

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चुनाव परिणामों से असंतोष जताते हुए दूसरे गुट ने इसे उच्च न्यायालय में चुनौती देने का ऐलान किया है। उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रवि दुबे ने कलेक्ट्रेट में पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि चुनाव लोकतांत्रिक तरीके और निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना कराया गया है। रवि दुबे ने कहा कि उनके संगठन के युवा जिलाध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया था, लेकिन चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता नहीं बरती गई। प्रत्याशी को वोटर लिस्ट काफी देर से दी गई, जिसमें वोटरों के क्रम संख्या गलत थे और मोबाइल नंबर भी त्रुटिपूर्ण थे।

उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव में केवल आजीवन सदस्यों को वोट देने का अधिकार होता है, लेकिन लिस्ट में रेगुलर सदस्यों के नाम भी शामिल थे। कई वोटरों के पहुंचने पर उनका वोट पहले से ही पड़ा हुआ पाया गया। उन्होंने कहा कि इस पूरी धांधली के खिलाफ वे हाईकोर्ट जाएंगे और चुनाव रद्द करने की मांग करेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष फरहत अली सिद्दीकी भी मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के बाहर हुआ भजन-कीर्तन और भंडारा

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। ज्येष्ठ मास के चैथे बड़े मंगल के पावन अवसर पर चैडगरा स्थित पावर ग्रिड कॉरपोरेशन में तैनात पूर्व सैनिकों द्वारा भजन-कीर्तन के साथ विशाल शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच पूर्व सैनिकों ने राहगीरों, ई-रिक्शा चालकों, यात्रियों एवं बाइक सवारों को रोक-रोकर ठंडा शरबत पिलाया।
पूर्व सैनिकों ने बताया कि हर वर्ष बड़े मंगल के अवसर पर इस प्रकार का सेवा कार्य किया जाता है और भगवान की कृपा से यह कार्य आगे भी निरंतर चलता रहेगा। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों में एस. पांडेय, जगनंदन सिंह, रामेश्वर सिंह, एके दीक्षित, राजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विजय कुमार, संजय सिंह, श्रीप्रकाश तिवारी, राजीव कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, संतोष कुमार व मुशीर अहमद आदि मौजूद रहे।

### पीलू तले चैराहे समेत शहर में जगह-जगह लगे शरबत स्टॉल

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। बड़े मंगल के अवसर पर पूरे शहर में भक्ति, सेवा और सामाजिक सहयोग का माहौल देखने को मिला। भीषण गर्मी के बीच विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और समाजसेवियों द्वारा शहर के कई प्रमुख चैराहों एवं मार्गों पर शरबत वितरण स्टॉल लगाए गए, जहां राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाकर राहत पहुंचाई गई। इसी क्रम में पीलू तिराहा चैराहा स्थित कुमार इलेक्ट्रिक के संचालक द्वारा भी शरबत वितरण स्टॉल लगाया गया। तेज धूप और उमस भरी गर्मी में लोगों ने ठंडा शरबत पीकर राहत महसूस की तथा इस पहल की सराहना की। स्टॉल पर मौजूद लोगों ने बताया कि बड़े मंगल पर सेवा और मानवता का संदेश देना ही मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर राजेंद्र गुप्ता, विनोद गुप्ता, सुधीर, सुशील, राजेश, रोहित, आकाश मोदनवाल, जैकी मोदनवाल, दिलीप मोदनवाल, राकेश मोदनवाल आदि मौजूद रहे।

### निवेशकों के भुगतान को लेकर गरजे बीएचपी पीड़ित

- 10 जून को प्रशासन को चेतावनी देंगे निवेशक, नहर कॉलोनी में हुई रणनीति बैठक

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। नहर कॉलोनी परिसर में मंगलवार को बीएचपी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रेमलाल ने की। बैठक में जिले भर से बड़ी संख्या में पीड़ित निवेशक शामिल हुए और अपने डूबे हुए भुगतान को लेकर रणनीति बनाई।
बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 10 जून को जिले के करीब 15 लाख निवेशक अपने भुगतान की मांग को लेकर शासन-प्रशासन को बड़ी चेतावनी देंगे। इस कार्यक्रम में सदर एसडीएम और जिलाधिकारी को भी आमंत्रित किया गया है। वक्ताओं ने कहा कि 1 सितंबर 2024 से लगातार आंदोलन चल रहा है, लेकिन अब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी सुध लेने नहीं आया, जिससे निवेशकों में भारी आक्रोश है।
पीड़ितों ने चेतावनी दी कि यदि 10 जून को भी कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, तो शहर के मुख्य चैराहों पर चक्का जाम कर आंदोलन को उग्र किया जाएगा। बैठक में राकेश कुमार, चंद्रशेखर प्रजापति, प्रेम कुमार, नरेंद्र कुमार, हिमाचल सिंह, राम बहादुर आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के अंधौली पुलिया के समीप मंगलवार की भोर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 28 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के अमरजई मोहल्ला निवासी रामकिशोर शर्मा का पुत्र अरुण शर्मा बाइक से रिश्तेदारी में गया था। भोर पहर लगभग चार बजे वापस आते समय अंधौली पुलिया के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### घरेलू विवाद से तंग आकर युवक ने लगाई फांसी

फतेहपुर। रोज-रोज के झगड़े से तंग आकर मंगलवार की सुबह एक 27 वर्षीय युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार चांदपुर थाना क्षेत्र के कुलखेड़ा गांव निवासी रमेश के पुत्र सत्य प्रकाश का अपनी पत्नी रिंकी देवी से आए दिन विवाद होता था। सोमवार की रात भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद सुबह उसने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेजा है।

### बहू की गला दबाकर हत्या करने वाले पिता-पुत्र को 10-10 साल की कठोर सजा

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। दहेज के लालच में एक विवाहिता की जिंदगी छीनने वाले पिता-पुत्र को अदालत ने कड़ी सजा सुनाते हुए समाज में एक बड़ा संदेश दिया है। जनपद में चलाए जा रहे श्ऑपरेशन कनविक्शनश् अभियान के तहत दहेज हत्या के सनसनीखेज मामले में एएसजे/एफटीसी कोर्ट संख्या-02 ने दोनों दोषियों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।
मामला थाना किशनपुर क्षेत्र के ग्राम थुरियानी का है। वर्ष 2019 में विवाहिता को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने महिला की गला दबाकर निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस महानिदेशक व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन पक्ष ने मुकदमे की मजबूत पैरवी की। वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी राजेश (पति) पुत्र बुद्धराज और बुद्धराज (ससुर) पुत्र शिवमोहन को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई।
सफलता में मॉनिटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अश्विनी वर्मा, कांस्टेबल रोहित राजावत, जितेंद्र सिंह, विवेक कुमार, विवेचक/सीओ अंशुमान मिश्र, पैरोकार कांस्टेबल नरेंद्र कुमार, कोर्ट मुहर्रिर मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार मिश्रा और एडीजीसी अजय कुमार सिंह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नाबालिग अपहृता सकुशल बरामद, आरोपी शनि गिरफ्तार

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना औंग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना औंग में पंजीकृत मु0अ0सं0 37/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस से संबंधित मामले में पुलिस लगातार अभियुक्त की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में मंगलवार को औंग थाना पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए नाबालिग अपहृता को सुरक्षित बरामद कर लिया। साथ ही मामले में वांछित अभियुक्त शनि पुत्र केशनपाल (निवासी ग्राम भगनाखेड़ा, थाना कल्याणपुर) को गिरफ्तार कर लिया। इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक विकास वर्मा एवं कांस्टेबल संदीप यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सौरम यार्ड में खड़े एक दर्जन वाहनों में लगी भीषण आग

- हादसे में भारी नुकसान की आशंका, फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। मलवां थाना क्षेत्र के सौरा गांव स्थित एक यार्ड में खड़े लगभग 13-14 वाहनों में से 12 से 13 वाहनों में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के लोग सहम गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मलवां थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक परिसर में खड़े करीब 10 ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे। ट्रकों के टायर फटने की आवाजों से इलाका दहल उठा था। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, मामले की जांच की जा रही है। इस हादसे में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है, हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

### पुलिस और गौकश के बीच मुठभेड़, पैर में लगी गोली

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम चांदीपुर के जंगल में हुई गौकशी की सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। देर रात हुई एक मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने शातिर गौकश हफीज को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस और बदमाश के बीच हुई फायरिंग में पैर में गोली लगने से हफीज घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। उसका साथी अजमेरी अभी भी फरार है।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि चांदीपुर में गौकशी की घटना के बाद पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर सुराग रस्सी शुरू की थी। देर रात जहानाबाद थाना पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी, तभी संदिग्ध अवस्था में दिखे हफीज को रोकने का प्रयास किया गया। आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं और हफीज के पैर में गोली लग गई।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस, लोहे की रॉड, चापड़ तथा गौकशी में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरण बरामद किए हैं। गिरफ्तार हफीज के खिलाफ पहले से ही कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। फरार अजमेरी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

## कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं 77 फरियादें

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। कलेक्ट्रेट कार्यालय में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जनपद के दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसामान्य द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों पर उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए।
जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व, बिजली, आवास, पेंशन, सड़क और जल निकासी सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 77 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### धाता नगर पंचायत में अब तीसरी आंख से होगी निगरानी

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। धाता नगर पंचायत प्रशासन ने कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक और अभेद्य बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। अब नगर क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के जरिए चैबीसों घंटे निगरानी की जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सरोज और पुलिस प्रशासन की संयुक्त पहल पर कस्बे के प्रमुख तिराहों, चैराहों, स्कूलों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों का सर्वे कर कैमरा लगाने की योजना तैयार की गई है। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी देवहूति पांडेय ने बताया कि धाता कस्बे के 15 महत्वपूर्ण टर्निंग प्वाइंटों पर 55 अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। सभी कैमरों को इसी माह के भीतर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इन कैमरों की मदद से आपराधिक गतिविधियों, सामाजिक सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया है।

# फतेहपुर सर्राफा एसोसिएशन ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

- ज्वेलरी उद्योगों से जुड़े लोगों की जीविका बचाने की लगाई गुहार



फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के लोगों से सोना न खरीदने के आह्वान के बाद ज्वेलरी कारोबारियों के व्यापार में आ रही गिरावट पर फतेहपुर सर्राफा एसोसिएशन ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। इसके जरिए सर्राफा कारोबारियों व उद्योग से जुड़े परिवारों की आजीविका बचाने की गुहार लगाई गई है।
मंगलवार को फतेहपुर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप रस्तोगी उर्फ पप्पन की अगुवाई में सराफा कारोबारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि सर्राफा एवं ज्वेलरी उद्योग केवल एक व्यापारिक गतिविधि नहीं, बल्कि देश की पारंपरिक कौशल विरासत, सूक्ष्म एवं लघु व्यापारिक संरचना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और करोड़ों भारतीय परिवारों की आजीविका का मुख्य आधार है। यह उद्योग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से ज्वेलर्स, पारंपरिक सुनार, कारीगर, मैन्युफैक्चरिंग, हॉलमार्किंग सेंटर और रिफाइनरीज समेत लगभग 3.5 करोड़ भारतीयों के रोजगार का साधन है।
व्यापारियों ने कहा कि अपील के बाद सर्राफा बाजारों में व्यापारिक गतिविधियों में अभूतपूर्व गिरावट आई है। छोटे एवं मध्यम व्यापारियों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। लगातार घटती मांग, कर्मचारियों के वेतन, प्रतिष्ठानों के किराए, बिजली बिल और बैंक देनदारियों के कारण कारोबारी परेशान हैं। उन्होंने मांग की कि गोल्ड इम्पोर्ट मैनेजमेंट के संबंध में संतुलित नीति अपनाई जाए, पुराने सोने के बदलने में टैक्स में राहत दी जाए और व्यापारियों को उत्पीड़न से संरक्षण मिले। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश सोनी, महामंत्री धर्मेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष मोनू रस्तोगी आदि ज्वेलर्स मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## रूबियो का दौरा

पश्चिम एशिया में ढाई महीने से भी अधिक समय से जारी जबर्दस्त तनाव के बीच अमेरिका ने एक बार फिर भारत के साथ भरोसेमंद दोस्ती का दम भरा है। इसी के तहत वहां के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने नई दिल्ली की यात्रा की। रूबियो वैसे तो क्वाड की बैठक में भाग लेने के लिए आए थे लेकिन इस यात्रा का उपयोग उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ करने के लिए किया। भारत को उन्होंने इस पूरे समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा और अमेरिका के साथ मित्रता का सबसे मजबूत स्तंभ बताया। उन्होंने खास तौर पर स्पष्ट किया कि उनके देश में हो रहे आव्रजन प्रणाली में बदलाव या आधुनिकीकरण किसी एक देश, विशेषकर भारत पर केंद्रित नहीं हैं। यह एक वैश्विक प्रक्रिया है जिसे दुनियाभर में लागू किया जा रहा है। पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी उन्होंने अमेरिका की स्थिति और उद्देश्य को स्पष्ट किया। शायद उनका मकसद भ्रम पैदा करने वाले विषयों पर अमेरिकी नजरिए को साफ तौर पर बता देना रहा। यही कारण है कि उनकी इस यात्रा को कूटनीति के विशेषज्ञ विश्व राजनीति में बड़ा कदम मान रहे हैं। लंबे समय बाद विदेश मंत्री स्तर के अधिकारी को भारत भेजने का मतलब है कि अब अमेरिका के लिए भारत कितना प्रमुख देश है। यही कारण है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने बयानों में भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए इस बात पर जोर देते रहते हैं कि भारत उनके लिए कितना अहम देश है। वैसे भी इस समय पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण ट्रंप वैश्विक उतार-चढ़ाव के एक अलग दौर से गुजर रहे हैं जिसमें इस विषय को लेकर तमाम पहले के मित्र देश उनका साथ छोड़ते जा रहे हैं। यही कारण है कि अब उनके बयानों में अक्सर भ्रम और अस्पष्टता दिखाई देती है। यह बात मुक्त व्यापार समझौते यानी एफटीएल पर भी लागू होती है जिसे लेकर दोनों देशों के बीच वार्ता का क्रम चल रहा है। इस पर रूबियो ने कहा है कि हमने काफी प्रगति की है और मुझे लगता है कि भारत और अमेरिका के बीच ऐसा व्यापार समझौता होगा जो लंबे समय तक कायम रहेगा। यह राष्ट्रीय हितों को भी ध्यान में रखेगा। अमेरिका को यह पता है कि भारत कच्चे तेल के आयात पर सबसे अधिक एक सौ चौहत्तर डॉलर खर्च करता है। इसीलिए भारत यात्रा से पहले रूबियो ने साफ-साफ कहा कि उनका देश चाहता है कि भारत के ऊर्जा पोर्टफोलियोमें अमेरिकी ऊर्जा क्षेत्र का बड़ा हिस्सा हो। भारत के लिए यह वास्तव में परीक्षा का समय है। वह अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए अमेरिका पर बहुत निर्भर नहीं हो सकता। इसका कारण ट्रंप के टैरिफ प्रकरण में ही निहित है। इस बात को ट्रंप प्रशासन भी अच्छी तरह से जानता है। यही वजह है कि भारत के साथ संबंधों को लेकर अमेरिका बहुत फूंक फूंक कर कदम रख रहा है। रूबियो की यात्रा को भी इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए।

## जनकल्याण

किसी भी शासन-प्रशासन की उपलब्धियां एवं उपयोगिता तब होती हैं, जब तक वह आम लोगों की सुरक्षा तथा जन समस्याओं के समाधान की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहे और इसके लिए वह पूरी तरह कटिबद्ध भी हो। उत्तर प्रदेश के लिए इससे अच्छा और क्या हो सकता है कि इस दिशा में खुद यहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बराबर सजग रहते हैं। शासन और आम जनता के बीच सेतु की तरह काम करने वाले अधिकारियों के वह पेंच कसते रहते हैं कि जन समस्याओं का निर्धारित समय सीमा के भीतर उचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जन समस्याओं से सीधे तौर पर परिचित रहने के साथ ही सीएम योगी नियमित रूप से जनता दर्शन का आयोजन करते हैं। इनमें आने वाले पुरुषों, महिलाओं और यहां तक कि बच्चों की दिक्कतों को वह मौके पर ही हल करने का हर समय प्रयास करते हैं। उदाहरण के लिए इस कार्यक्रम में कई फरियादियों की समस्याएं शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी रहती हैं। इस बारे में मुख्यमंत्री का कहना है कि ये दोनों ही विषय सरकार की विशेष प्राथमिकताओं में शामिल हैं। प्रदेश का हर व्यक्ति शिक्षित हो और हर जरूरतमंद को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। अधिकारियों को उनका यह निर्देश भी है कि बिना किसी भेदभाव के सभी को न्याय मिले। हर व्यक्ति तक सरकारी योजना का लाभ पहुंचे और जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दे रखे हैं। सीएम योगी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि जन समस्याओं की अगर कि अगर अनदेखी की जाती रही तो उनका ढेर लगता जाता है। तब जनता अधिकतर असंतुष्ट ही रहती है। पिछली सरकारों में यही हाल था। जब सरकार का प्रयास अधिकतम सीमा तक सुशासन स्थापित करने का है, तब ऐसी अनदेखी को सहन नहीं किया जा सकता। इसलिए अधिकारियों को भी अपनी ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी से निभानी चाहिए। किसी जरूरतमंद का काम न करने से उन्हें कोई लाभ को मिलना नहीं है। इसलिए शासकीय कार्य पूरी गरिमा के साथ पूरे कराए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री के निर्देश इसी की ओर प्रेरित करने के कदम है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**दिल्ली ब्लास्ट में यूट्यूब चैटजीटीपी का इस्तेमाल**
हमारा गृह मंत्रालय काबिल लोग संभाले हुए हैं!

**हम अमेरिका की धमकियों से नहीं डरते-ईरान**
लेकिन अमेरिका इजरायल लाबी से डरता है!

**यूपी में अब नौतपा की गर्मी का कहर शुरू हुआ**
विधायक आवासों में मौसम वातानुकूलित है!

**नीट में पिछली गलतियों से कुछ नहीं सीखा-कोर्ट**
सीखा है हुजूर,इस बार ज्यादा बेशर्मी दिखाई है!

**पत्नी संग अमेरिकी विदेशमंत्री ने देखा ताजमहल**
तेजोमहालय बन गया तो परिक्रमा करनी होगी!

**हजारों किलो मादक पदार्थों का आपरेशन दहन**
कौन पूछेगा कि जब्त माल आखिर गया कहां?

♦♦♦

# पेट्रोल के बढ़ते भाव

पिछले कुछ समय से देश के शहरों और गांवों में एक चिंता लगातार सुनाई दे रही है—पेट्रोल और डीज़ल की बढ़ती कीमतें। यह चिंता केवल वाहन चलाने वालों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव हर उस



– डॉ. प्रियंका सौरभ

नागरिक पर पड़ता है जो रोजमर्रा की वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग करता है। जब पेट्रोल महंगा होता है तो उसका असर केवल पेट्रोल पंप तक नहीं रहता; वह परिवहन, खाद्य पदार्थों, निर्माण सामग्री, कृषि लागत और घरेलू बजट तक पहुंच जाता है। इसलिए पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि को केवल एक आर्थिक घटना मानना पर्याप्त नहीं है। यह एक सामाजिक, राजनीतिक और नीतिगत प्रश्न भी है, जो सरकार, बाजार और नागरिक—तीनों से जुड़ा हुआ है। भारत जैसे विकासशील देश में ऊर्जा केवल आर्थिक गतिविधियों का आधार नहीं है, बल्कि सामाजिक गतिशीलता और विकास की भी महत्वपूर्ण शक्ति है। देश का विशाल परिवहन तंत्र, कृषि क्षेत्र, औद्योगिक उत्पादन और सेवा क्षेत्र बड़ी मात्रा में पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भर हैं। ऐसे में जब पेट्रोल की कीमतें बढ़ती हैं, तो उसका प्रभाव अर्थव्यवस्था के लगभग हर क्षेत्र में दिखाई देता है। यही कारण है कि पेट्रोल के बढ़ते भाव हमेशा जनचर्चा और राजनीतिक बहस का विषय बन जाते हैं। पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों को समझने के लिए सबसे पहले यह जानना आवश्यक है कि भारत अपनी तेल आवश्यकताओं का अधिकांश हिस्सा आयात करता है। देश अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक विदेशों से खरीदता है। इसका अर्थ यह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का सीधा प्रभाव भारतीय उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ता है। यदि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ती है तो भारत को अधिक भुगतान करना पड़ता है, और उसका असर अंततः खुदरा कीमतों में दिखाई देता है। वैश्विक तेल बाजार केवल आर्थिक कारकों से प्रभावित नहीं होता। इसके पीछे भू-राजनीतिक परिस्थितियां भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पश्चिम एशिया में तनाव, समुद्री मार्गों की सुरक्षा, प्रमुख तेल उत्पादक देशों की उत्पादन नीतियां, रूस-यूक्रेन संघर्ष जैसे कारक तेल की कीमतों को प्रभावित करते हैं। किसी भी क्षेत्रीय संघर्ष या आपूर्ति संकट का असर कुछ ही दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार पर दिखाई देने लगता है। भारत जैसे आयात-निर्भर देश के लिए यह एक बड़ी चुनौती है क्योंकि घरेलू बाजार को इन परिस्थितियों से पूरी तरह अलग नहीं रखा जा सकता। हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजार एक महत्वपूर्ण कारण है, लेकिन पेट्रोल की कीमतों का पूरा सच केवल वहीं तक सीमित नहीं है। भारत में पेट्रोल और डीज़ल की खुदरा कीमतों में करों की भी बड़ी भूमिका होती है। पेट्रोल की अंतिम कीमत में कच्चे तेल की लागत के अलावा केंद्र सरकार का उत्पाद शुल्क, राज्य सरकारों का मूल्य वर्धित कर (वैट), परिवहन लागत और डीलर कमीशन भी शामिल होता है। यही कारण है कि अलग-अलग राज्यों में पेट्रोल की कीमतें अलग-अलग होती हैं। तेल पर लगने वाले कर सरकारों के लिए राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। इन करों से प्राप्त आय का उपयोग सड़क निर्माण, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के वित्तपोषण में किया जाता है। लेकिन दूसरी ओर यही कर आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी डालते हैं। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होता है और कर संरचना में कोई राहत नहीं मिलती, तब उपभोक्ताओं को दोहरी मार झेलनी पड़ती है। यही स्थिति अक्सर राजनीतिक बहस का कारण बनती है। पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव परिवहन क्षेत्र पर दिखाई देता है। टैक्सी चालक, ऑटो चालक, ट्रक मालिक, बस संचालक और डिलीवरी सेवाओं से जुड़े लाखों लोग बढ़ती लागत का सामना करते हैं। उनके सामने सामान्यतः दो विकल्प होते हैं—या तो बढ़ी हुई लागत को स्वयं वहन करें अथवा किराए और सेवा शुल्क बढ़ाकर उसका भार उपभोक्ताओं पर डाल दें। अधिकांश मामलों में दूसरा विकल्प अपनाया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ने लगती हैं। यहीं से महंगाई का व्यापक प्रभाव शुरू होता है। जब माल ढुलाई महंगी होती है तो सब्जियां, फल, दूध, अनाज, दवाइयां, निर्माण सामग्री और अन्य उपभोक्ता वस्तुएं भी महंगी हो जाती हैं। इस प्रक्रिया को अर्थशास्त्र में लागत-प्रेरित महंगाई कहा जाता है। इसका असर विशेष रूप से मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है, क्योंकि उनकी आय सीमित होती है जबकि खर्च लगातार बढ़ते जाते हैं। ग्रामीण भारत में पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों का प्रभाव और भी गहरा होता है। खेती-किसानी आज भी बड़ी मात्रा में डीज़ल आधारित मशीनों और




उपकरणों पर निर्भर है। ट्रैक्टर, सिंचाई पंप, कटाई मशीनें और कृषि उत्पादों का परिवहन—सभी में ईंधन की आवश्यकता होती है। जब डीज़ल महंगा होता है तो कृषि लागत बढ़ जाती है। छोटे और सीमांत किसान, जिनकी आय पहले से ही सीमित होती है, इस बढ़ती लागत का सबसे अधिक बोझ उठाते हैं। इसके अतिरिक्त कृषि उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने की लागत भी बढ़ जाती है। अक्सर किसान अपने उत्पादों का मूल्य स्वयं निर्धारित नहीं कर पाते और उन्हें बिचौलियों या थोक व्यापारियों पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में परिवहन लागत बढ़ने का दबाव किसानों की आय को और कम कर सकता है। परिणामस्वरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर दोहरा प्रभाव पड़ता है—उत्पादन लागत बढ़ती है और लाभ घटता है। शहरी मध्यम वर्ग भी इस महंगाई से अछूता नहीं रहता। आज का शहरी जीवन डिजिटल सेवाओं, ऑनलाइन खरीदारी, भोजन वितरण और निजी परिवहन पर काफी हद तक निर्भर हो चुका है। लेकिन इन सभी सेवाओं के पीछे परिवहन लागत एक महत्वपूर्ण तत्व है। चाहे कोई ऑनलाइन भोजन मंगाए या ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से सामान खरीदे, अंततः उसे पहुंचाने वाला वाहन ईंधन पर ही निर्भर होता है। इसलिए पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि धीरे-धीरे उपभोक्ता के दैनिक खर्च को बढ़ाती जाती है। पेट्रोल की बढ़ती कीमतों पर चर्चा करते समय एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी उठता है कि भारत ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में कितना आत्मनिर्भर है। पिछले वर्षों में सरकार ने रणनीतिक तेल भंडार विकसित करने और ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने के प्रयास किए हैं। इससे आपूर्ति संकट की स्थिति में कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन यह दीर्घकालिक समाधान नहीं है। जब तक देश आयातित तेल पर अत्यधिक निर्भर रहेगा, तब तक वैश्विक बाजार की अस्थिरता का प्रभाव घरेलू अर्थव्यवस्था पर पड़ता रहेगा। यहीं से ऊर्जा स्वाधीनता का प्रश्न सामने आता है। ऊर्जा स्वाधीनता का अर्थ केवल घरेलू तेल उत्पादन बढ़ाना नहीं है, बल्कि वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को मजबूत करना भी है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, जैव ईंधन और विद्युत आधारित परिवहन व्यवस्था इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन अभी भी लंबा रास्ता तय करना बाकी है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्याय:

(गतांक से आगे

रूपं महत्ते बहुवक्त्रनेत्रं बहुबाहूरुपादम्।
महाबाहो । बहूदरं बहुदंष्ट्राकरालंकार दृष्ट्वा लोकाः प्रव्यथितास्तथाहम्।। 23 ।।

महाबाहु (श्रीकृष्ण महाबाहु हैं और अर्जुन भी। प्रकृति से परे महान् सत्ता में जिसका कार्यक्षेत्र हो, वह महाबाह है। श्रीकृष्ण महानता के क्षेत्र में पूर्ण हैं, अधिकतम सीमा में हैं। अर्जुन उसी की प्रवेशिका में है, मार्ग में है। मंजिल मार्ग का दूसरा छोर ही तो है।) योगेश्वर! आपके बहुत मुख और नेत्रोंवाले; बहुत हाथ, जंघा और पैरोंवाले; बहुत उदरोंवाले, अनेक विकराल दाढोंवाले महान् रूप को देखकर सब लोक व्याकुल हो रहे हैं तथा में भी व्याकुल हो रहा हूँ। अब अर्जुन को कुछ भय हो रहा है कि श्रीकृष्ण इतने महान् हैं!

नभःस्पृशं दीप्तमनेकवर्णनरोग व्यात्ताननं दीप्तविशालनेत्रम् ।
दृष्ट्वा हि त्वां प्रव्यथितान्तरात्मा हिमानील धृतिं न विन्दामि शमं च विष्णो ।। 24।।

विश्व में सर्वत्र अणुरूप से व्याप्त हे विष्णो ! आकाश को स्पर्श किये हुए, प्रकाशमान, अनेक रूपों से युक्त, फैलाये हुए मुख और प्रकाशमान विशाल नेत्रों से युक्त आपको देखकर विशेष रूप से भयभीत अन्तःकरणवाला मैं धैर्य और मन के समाधानरूपी शान्ति को नहीं पा रहा हूँ।

दंष्ट्राकरालानि च ते मुखानि दृष्ट्वैव कालानलसन्निभानि ।
दिशो न जाने न लभे च शर्म प्रसीद देवेश जगन्निवास ।। 25 ।।

आपके विकराल दाढ़ोंवाले और कालाग्नि (काल के लिये भी अग्नि है परमात्मा) के समान प्रज्वलित मुखों को देखकर मैं दिशाओं को नहीं जान पा रहा हूँ। चारों ओर प्रकाश देखकर दिशाभ्रम हो रहा है। आपका यह रूप देखते हुए मुझे सुख भी नहीं मिल रहा है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गुणाः सर्वत्र पूज्यन्ते न महत्योअपि सम्पदः।**
**पूर्णेन्दुः किं तथा वन्द्यो निष्कलङोक यथा कृशः।।**

अपने गुणों के कारण व्यक्ति को जैसा सम्मान मिलता है, वैसा सम्मान उसे अपार धन-सम्पत्ति पाकर भी नहीं मिलता। उदाहरणार्थ, पूर्णिमा के समृद्ध चांद को भी अपने कलंक के कारण पूजा नहीं जाता, जबकि क्षीण होने पर भी दूज के चांद की पूजा की जाती है।

♦♦♦

# मौत के मुंह में धकेलती नकली दवाएं

अगर आप डॉक्टर की बताई मात्रा और सही समय पर दवाइयां ले रहे हैं और आपकी तबीयत में सुधार नहीं हो रहा है तो फिर आप जो दवा ले रहे हैं वो नकली हो सकती है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में हर



डॉ. ओम प्रकाश त्रिपाठी

चौथी दवा नकली है। बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर, पेन किलर से लेकर कैंसर तक की घटिया या नकली दवाएं मार्केट में हैं। कई नामी देसी-विदेशी कंपनियों के नाम की ये दवाइयां बिक रही हैं। देश में बनने वाली अंग्रेजी दवाएं पिछले कुछ सालों से अपनी गुणवत्ता को लेकर सवालों के घेरे में हैं। देश में आये दिन घटिया और नकली दवाओं के जखीरे पकड़े जा रहे है जो साबित करते है आमजन का स्वास्थ्य खतरे में है। ताजा मामला राजस्थान के कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डिलीवरी के बाद चार महिलाओं की मौत का है। इस घटना के बाद हुई जांच में पता चला है कि महिलाओं को प्रसव के दौरान ब्लीडिंग रोकने के लिए जो ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन दिया गया था, उसकी एक खेप पूरी तरह नकली थी। ड्रग कंट्रोल विभाग की जांच रिपोर्ट के अनुसार, इस इंजेक्शन में वह एक्टिव इंग्रीडिएंट मौजूद ही नहीं था, जो प्रसव के बाद खून बहने से रोकने के लिए जरूरी होता है। मृत महिलाओं को भी इसी प्रभावित बैच का इंजेक्शन लगाया गया था। हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने अभी महिलाओं की मौत का सीधा संबंध इस नकली इंजेक्शन से होने से इनकार किया है और मामले की जांच के लिए विशेषज्ञों की एक कमेटी गठित की है। असल में यह संकट केवल एक इंजेक्शन तक सीमित नहीं है। पिछले दस दिनों के भीतर राजस्थान में बिक रही बुखार, एलर्जी, एंटीबायोटिक, पेट संक्रमण और इमरजेंसी दर्द निवारक समेत कुल 11 दवाइयों के सैंपल जांच में फेल पाए गए हैं। ये दवाइयां राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, दिल्ली और महाराष्ट्र की विभिन्न कंपनियों में बनाई जा रही थीं। विभाग अब इन सभी संबंधित कंपनियों के खिलाफकानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में दवाओं की नियमित और कड़ी जांच बेहद जरूरी है, क्योंकि ऐसी लापरवाही सीधे मरीजों की जान से खिलवाड़ है। बीते साल भी राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद दवा बाजार को लेकर भूचाल उठ खड़ा हुआ था। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन का दावा है कि दुनिया में नकली दवाओं का कारोबार 200 बिलियन डॉलर यानी करीब 16,60,000 करोड़ रुपये का है। नकली दवाएं 67 फीसदी जीवन के लिए खतरा होती हैं। बची हुई दवाएं खतरनाक भले ही ना हों, लेकिन उनमें बीमारी ठीक करने वाला साल्ट नहीं होता है, जिस वजह से मरीज की तबीयत ठीक नहीं होती है। आखिरकार मर्ज बिगड़ता चला जाता है, जिससे वह मौत के मुंह तक चला जाता है। नकली या घटिया दवाओं के एक्सपोर्ट और इंपोर्ट का भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार है। एसोचैम की एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 25 फीसदी दवाएं नकली या घटिया हैं। भारतीय मार्केट में इनका कारोबार 352 करोड़ रुपये का है। तेलंगाना में 2024 में करोड़ों की नकली या घटिया दवाइयां पकड़ी गईं। तेलंगाना ड्रग्स कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन की जांच में खुलासा हुआ कि नामी कंपनियों के नाम से बनी इन दवाइयों में चाक पाउडर या स्टार्च था। इसी साल



उत्तराखंड में भी कई दवा कंपनियों के सैंपल जांच में खरे नहीं उतरे तो उनका लाइसेंस कैंसल किया गया। यह सभी दवाइयां उत्तराखंड में बन रही थीं। इसी तरह आगरा के मोहम्मदपुर में 2024 में नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई। पुलिस ने 80 करोड़ रुपये की नकली दवाएं पकड़ी थीं। इसमें कैंसर, डायबिटीज, एलर्जी, स्लीपिंग पिल्स और एंटीबायोटिक्स दवाएं शामिल थीं। इसी तरह देश के कई राज्यों में छापेमारी कर नकली दवाओं की खेप पकड़ी गई। इससे पहले कोविड-19 के समय भी देश भर में नकली रेमडेसिवीर के इंजेक्शन सप्लाई करने के मामले तक सामने आए थे। बीते साल भी यूपी के आगरा और अन्य शहरों से नकली दवाओं की बड़ी खेप प्रशासन ने पकड़ी थी। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने भी कई ऑपरेशन में पिछले सालों में दिल्ली-एनसीआर में चल रहे कई सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया। गाजियाबाद के लोनी स्थित ट्रोनिका सिटी में नकली दवाओं का गोदाम पकड़ा, जिसका मास्टरमाइंड एक डॉक्टर निकला। ये सोनीपत के गन्नौर स्थित फैक्ट्री में भारत, अमेरिका, इंग्लैंड, बांग्लादेश और श्रीलंका की 7 बड़ी कंपनियों के 20 से ज्यादा ब्रैंड की नकली दवा तैयार कर रहे थे। इंडिया मार्ट और भागीरथ प्लेस तक में इनकी सप्लाई थी। भारत के अलावा चीन, बांग्लादेश और नेपाल में एक्सपोर्ट करते थे। इस गिरोह से 8 करोड़ की नकली दवाएं और करीब 9 करोड़ रुपये के दो प्लॉट के दस्तावेज मिले। दिल्ली में कैंसर के इलाज के दौरान कीमोथेरेपी के नकली इंजेक्शन बनाने वाला गैंग भी पकड़ा गया। इनसे दो भारतीय और सात विदेशी कंपनियों की नकली दवाइयां बरामद हुईं। इस मात्रा की असली दवाई की कीमत 4 करोड़ रुपये थी। ये ब्रांडेड इंजेक्शन की खाली शीशी 5000 रुपये में खरीदते थे, जिसमें 100 रुपये की एंटी फंगल दवा 'फ्लुकोनाजोल' भरते और मार्केट में ब्रांड के हिसाब से एक से तीन लाख रुपये में बेच देते थे। एक्सपर्ट बताते हैं कि नामी ब्रांडेड कंपनियों के नाम से ही नकली या घटिया दवाइयां बनती हैं, क्योंकि इसके जरिए जालसाज मोटा मुनाफा कमाते हैं। दूसरी तरफ, जेनेरिक दवाइयों के नकली होने के मामले अभी तक सामने नहीं आए हैं, क्योंकि इन्हें नकली बनाने पर कोई ज्यादा फायदा नहीं होने वाला है।

## प्रेरक प्रसंग

### परोपकार क्या है

एक बार आदि शंकराचार्य समुद्र के किनारे बैठे हुए थे। उनकी शिष्य मण्डली में से एक चाटुकार शिष्य उनके पास आया और कहने लगा गुरुदेव आपने इतना अधिक ज्ञान कैसे प्राप्त किया होगा, यह सोचकर हमें आपपर आश्चर्य और गर्व होता है।

शंकराचार्य ने उससे कहा तुम्हे किसने कहा की मेरे पास ज्ञान का भंडार है।

शिष्य का सर शर्म से झुक गया, यह वार्तालाप सुनकर अन्य शिष्य भी उनके पास आ गए। शंकराचार्य जी ने अपने शिष्यों को अपने ज्ञान का अहंकार उत्पन्न ना हो। यह समझाने के लिए अपने हाँथ में एक पतली टहनी लेकर उसे समुद्र में डुबोया।

कुछ देर बाद बाहर निकाला और शिष्य से पूछा इसने कितना पानी ग्रहण किया। कुछ शिष्यों ने कहा कुछ भी नहीं, कुछ ने कहा मात्र कुछ बून्द। शंकराचार्य ने कहा मैं भी ज्ञान के सागर में डुबकी लगाता हूँ। और बाहर निकलने पर मुझे अनुभूति होती है। कि मै कितना कम जानता हूँ। मै लगातार ज्ञान ग्रहण करने की कोशिस करता रहता हूँ।

सच्चा ज्ञानी व्यक्ति ज्ञान की सीमा जानता है। इसी कारण उसमे अहंकार जन्म नहीं ले पाता, अल्पज्ञ अपने आप को सर्वज्ञानी समझकर अहंकारी हो जाता है।

मनुष्य में ज्ञान ग्रहण करने की क्षमता का कभी अंत नहीं होता, ज्ञान की कोई सीमा नहीं है, हमें हर समय कुछ ना कुछ ग्रहण करते रहना चाहिए।

ज्ञान एक ऐसा समुद्र है जिसमे जितना प्राप्त होगा उतना ही कम है। अतः ज्ञान का सदुपयोग परोपकार में हो अहंकार उत्पन्न करने में नहीं।

## आपका पत्र मिला

### पेट्रो मूल्यवृद्धि : सरकार और जनता दोनों ध्यान दें

भारत में चंद दिनों के अंदर चौथी बार पेट्रोल-डीजल के मूल्यों में वृद्धि यही बताती है कि तेल कंपनियों के लिए उनके दाम स्थिर रखना संभव नहीं रह गया है। पेट्रोल-डीजल के साथ गैस के दाम इसीलिए बढ़ रहे हैं, क्योंकि अमेरिका-ईरान के बीच टकराव के चलते वह होर्मुज समुद्री मार्ग बाधित है, जहां से विश्व के पांचवें हिस्से की ऊर्जा आपूर्ति होती है। चूंकि भारत अपनी आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक ईंधन आयात करता है, इसलिए उसके सामने पेट्रोल-डीजल-गैस के दाम बढ़ाने के अतिरिक्त और कोई उपाय नहीं। जो मजबूरी भारत के समक्ष आ खड़ी हुई है, वही विश्व के अन्य देशों के सामने भी है। इसकी अनदेखी न की जाए कि भारत ने अन्य देशों की तुलना में कहीं बाद में पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ाए। पेट्रोल-डीजल और गैस के बढ़ते दामों के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जिस तरह यह कहा कि तेल, उर्वरकों और विदेशी मुद्रा पर कड़ी निगाह रखने की जरूरत है, उसकी पूर्ति तो सरकार को स्वयं ही करनी होगी। आम जनता इतना अवश्य कर सकती है और उसे करना भी चाहिए कि किफायत बरतने के उन उपायों पर ध्यान दे, जो सरकार और विशेष रूप से प्रधानमंत्री की ओर से सुझाए गए हैं।

विभूति बुपक्या
वाया ई-मेल

इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

# कृषि को तकनीक से जोड़कर करें कमाई इन कोर्सेज से मिलेगी भविष्य को ऊंचाई

*वर्तमान समय में कृषि स्नातकों के लिए पारंपरिक कृषि योग्यताएं ही पर्याप्त नहीं हैं। तकनीकी से कृषि का क्षेत्र भी अछूता नहीं है। इसलिए बेहतर उत्पादकता और करिअर की बेहतर संभावनाओं के लिए कृषि पेशेवरों को उभरती हुई आधुनिक कृषि तकनीकों को जानने की जरूरत आन पड़ी है। प्रेसिजन एग्रीकल्चर कृषि की आधुनिक तकनीक है, जिसमें सैटेलाइट इमेज, ग्रिड सैंपलिंग, परिवर्तनीय-दर प्रौद्योगिकी (वीआरटी), सेंसर, ड्रोन, एआई और ब्लॉकचेन सहित कई उन्नत तकनीकों का कृषि में उपयोग करना सिखाया जाता है।*



यह पारंपरिक कृषि ज्ञान को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर कृषि उत्पादकता को बेहतर बनाती है। साथ ही कृषि कुशल पेशेवरों के लिए नए कॅरिअर के अवसर भी प्रदान करती है। अगर आप भी कृषि स्नातक हैं, तो प्रेसिजन एग्रीकल्चर के ज्ञान के साथ आप बेहतर कॅरियर संभावनाओं की तलाश कर सकते हैं। **कोर्सेज-** पारंपरिक खेती के तरीकों की अच्छी समझ के लिए आप कृषि में स्नातक करने के अलावा पंजाब कृषि विश्वविद्यालय से प्रेसिजन एग्रीकल्चर में सर्टिफिकेट कोर्स और उडेमी, कोर्सेरा, स्किल इंडिया और विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आधुनिक कृषि तकनीकों से जुड़े ऑनलाइन कोर्स कर सकते हैं। आप चाहें तो इग्नू से एक वर्ष का पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा एग्रीबिजनेस और नेशनल स्कूल ऑफ ओपन स्कूलिंग, चौधरी चरण सिंह विवि आदि से प्लांट प्रोटेक्शन में डिप्लोमा भी कर सकते हैं। इससे आप कृषि में आधुनिक तकनीकों जैसे जीपीएस सिस्टम, ड्रोन, मृदा सेंसर और डाटा विश्लेषण टूल का उपयोग करना सीख पाएंगे। **व्यावहारिक अनुभव-** आप कृषि तकनीक का उपयोग करने वाले खेतों में इंटर्नशिप या तरीके से कृषि उत्पादन करने वाली कंपनियों में काम करके व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। इससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि वास्तविक खेती में आधुनिक तकनीक और टूल्स का इस्तेमाल किस तरह से किया जाता है। इसके अलावा कृषि मंचों में शामिल हों और कृषि सम्मेलनों या ऑनलाइन समूहों में भाग लें। इससे आपको क्षेत्र के विशेषज्ञों से जुड़ने और उनके अनुभवों से सीखने में मदद मिलेगी। साथ ही आपकी नेटवर्किंग भी बढ़ेगी।



# ग्रेजुएशन कर चुके युवा डिजिटल मार्केटिंग में बनाएं कॅरियर

युवाओं के लिए हमेशा से रोजगार एक बड़ा मुद्दा रहा है। एक सर्वे के मुताबिक देश में कॉलेज पास करने वाले हर दो युवाओं में सिर्फ एक युवा ही रोजगार के योग्य है। करीब 48.75 फीसदी युवा रोजगार के योग्य नहीं हैं। ऐसे में युवाओं के पास बीए, बी.एससी. बी.कॉम की डिग्री होने के बाद भी अच्छी नौकरी नहीं मिल रही हैं। इसलिए आप डिग्री के अलावा अन्य स्किल्स पर भी काम कर सकते हैं। एक सर्वे के मुताबिक मौजूदा कर्मचारियों में करीब 50 फीसदी ऐसे कर्मचारी हैं, जिनको डिजिटल स्किल सीखने की जरूरत है। क्योंकि आज के समय में तेजी से बढ़ती टेक्नोलॉजी में हर कंपनी में डिजिटली काम होने लगा है। वहीं साल 2026 तक देश को करीब 3 करोड़ से अधिक डिजिटली स्किल्ड प्रोफेशनल्स की आवश्यकता होगी।

ऐसे में अगर आप भी नौकरी की तलाश में हैं, तो आप प्रोफेशनल सर्टिफिकेट इन डिजिटल मार्केटिंग और एडवांस सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइन जैसे स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स की सहायता ले सकते हैं। बता दें कि यह दोनों ही प्रोग्राम भविष्य में रोजगार को ध्यान में रखते हुए एक्सपर्ट द्वारा तैयार किए गए हैं। इन कोर्स को घर बैठे कोई भी युवा, प्रोफेशनल, छात्र या गृहिणी कर सकते हैं। जिससे वह बड़े पैकेज की नौकरियां पा सकते हैं। ऐसे में आप इन कोर्सेज के लिए रजिस्टर कर डिजिटल सेक्टर में शानदार कॅरियर बना सकते हैं।

बनाएं अपना कॅरिअर : अगर आप भी ग्रेजुएशन कर चुके हैं और करियर को लेकर तमाम तरह की चिंताओं से घिरे हैं। तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसे में युवा कई प्रोफेशनल और स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट और लॉन्ग टर्म कोर्सेज कर सकते हैं। आप घर बैठे खुद को किसी फील्ड का प्रोफेशनल बनाकर अपने करियर को एक दिशा दे सकते हैं।

### कोर्स के फायदे

100 घंटे की लाइव व रिकॉर्डेड क्लासेज
25+ लाइव प्रोजेक्ट्स एवं केस स्टडीज
2 महीने की ऑन जॉब ट्रेनिंग
एक्सपर्ट द्वारा इंटरव्यू प्रिपरेशन
ई-बुक्स, प्रोग्राम नोट्स और मॉक टेस्ट
गूगल सर्टिफाइड मेंटर्स द्वारा पढ़ाई
10 इंडस्ट्री बेस्ड मॉड्यूल्स
100त्न प्लेसमेंट अपॉरचुनिटी
40+ लर्निंग टूल्स
इंडस्ट्री एक्सपर्ट द्वारा मास्टर क्लास
साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन

## कॅरियर अलर्ट

### कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के 3,951 पदों पर सीधी भर्ती

यदि आप कंप्यूटर साइंस या सूचना प्रौद्योगिकी में मास्टर डिग्री धारक हैं और राजस्थान में एक प्रतिष्ठित सरकारी शिक्षक के रूप में अपना करियर बनाना चाहते हैं, तो आपके लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने सीनियर और बेसिक कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के कुल 3.951 पदों पर सीधी भर्ती के लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया कल यानी 25 मई 2026 से शुरू हो चुकी है। **पदों की डिटेल्स-** इस व्यापक भर्ती अभियान के माध्यम से राजस्थान सरकार राज्य के दो प्रमुख शिक्षा विभागों के स्कूलों में आईटी शिक्षा को सुदृढ करेगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग में सीनियर कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के लिए 300 पद आवंटित किए गए है (गैर-अनुसूचित क्षेत्र के लिए 268 और अनुसूचित क्षेत्र के लिए 32 पद)। संस्कृत शिक्षा विभाग के स्कूलों के लिए सीनियर कप्यूटर इस्ट्रक्टर के 22 पद निकाले गए है (गैर-अनुसूचित क्षेत्र के लिए 20 और अनुसूचित क्षेत्र के लिए 02 पद)। इस प्रकार सीनियर कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के कुल 322 पदों पर भर्ती की जाएगी, जबकि शेप 3,629 पद बेसिक कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के लिए रखे गए है।

### स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड में विभिन्न पदों पर भर्ती

देश की प्रतिष्ठित महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने इंजीनियरिंग की डिग्री रखने वाले युवाओं के लिए एक बेहद शानदार और बड़ी भर्ती निकाली है। सेल द्वारा यह भर्ती यंग प्रोफेशनल के विभिन्न पदों के लिए निकाली गई है। इस विशेष भर्ती अभियान के तहत चयनित होने वाले योग्य उम्मीदवारों को 1.40 लाख रुपये प्रति माह तक भारी-भरकम सैलरी दी जाएगा। यह भर्ती मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल में स्थित सेल के तीन प्रमुख विंग - दुर्गापुर स्टील प्लांट. आईआईएससीओ स्टील प्लांट और अलॉय स्टील प्लांट के लिए की जा रही है, जहां कुल मिलाकर 48 रिक्त पदों को भरा जाएगा। **शैक्षणिक योग्यता और जरूरी पात्रता-** उम्मीदवार के पास देश के किसी भी मान्यता प्राप्त कॉलेज या यूनिवर्सिटी से फुल-टाइम B.E. या B. Tech की डिग्री होनी चाहिए। उम्मीदवार के ग्रेजुएशन में कम से कम 65% अंक होने आवश्यक हैं। यह इंजीनियरिंग डिग्री मुख्य रूप से मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल, कंप्यूटर साइंस, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे कोर विषयों में होनी चाहिए। जिन उम्मीदवारों के पास बीई-बीटेक के अलावा M.E./M.Tech, एमबीए या उससे उच्च डिग्री मौजूद है. उन्हें चयन प्रक्रिया में अतिरिक्त वरीयता (लाभ) दी जा सकती है।

### स्पेशल टीचर पदों पर निकली भर्ती

राजस्थान में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं और विशेष शिक्षा के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए एक शानदार अवसर सामने आया है। राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रथम श्रेणी स्कूल लेक्चरर (स्पेशल एजुकेशन) भर्ती 2026 का आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस भर्ती अभियान के माध्यम से कुल 121 रिक्त पदों पर योग्य उम्मीदवारों की नियुक्तियां की जाएंगी। इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 01 जून 2026 से शुरू होने जा रही है। आवेदन करने की अंतिम तिथि- 30 जून 2026 (रात 12-00 बजे तक)।

# एफिलिएट मार्केटिंग में बनाएं अपना कॅरियर

आज के दौर में मार्केटिंग के कई तरीके तेजी से चलन में आ रहे हैं। हर तरफ कंपनियां अपना व्यवसाय लोगों तक पहुंचाने की जुगत में लगी हुई हैं। मौजूदा समय में सैकड़ों मोबाइल एप भी कंपनियों के व्यवसाय को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं और एप कंपनियां लाखों रुपये महीना कमाई भी कर रहीं हैं। दरअसल ये एप्स एफिलिएट मार्केटिंग के जरिए ग्राहकों को एप के जरिए वेबसाइट पर लेकर जाते हैं जहां ग्राहक उत्पाद खरीदता है। इसी तरह लाखों लोग फेसबुक, इंस्टाग्राम व ट्विटर पर 5 हजार से अधिक फॉलोअर होने पर एफिलिएट मार्केटिंग कर कमाई कर रहे हैं। या फिर आपके पास एक लंबी ई मेल लिस्ट है तो भी आप एफिलिएट मार्केटिंग करके लाखों रुपए कमाने का रास्ता खोल सकते हैं। इनमें से कोई योग्यता नहीं है तो आपको डिजिटल मार्केटिंग टेक्नीक्स सीखनी होंगी। अगर आप बेरोजगार हैं और एफिलिएट मार्केटिंग में अपना करिअर बनाने की सोच रहे हैं तो सफलता के डिजिटल मार्केटिंग कोर्स के जरिए ऐसा कर सकते हैं। अभी तक सैकड़ों युवाओं ने सफलता के Master Digital Marketing Course के जरिए एफिलिएट मार्केटिंग में अपना शानदार करिअर बनाया है।




**ये भी सीखें -**
**एडवांस्ड डिजिटल मार्केटिंग**
**डिजिटल मार्केटिंग ई बुक**
**ऐसे करें एफिलिएट मार्केटिंग**

शुरूआत में आप Amazon Affiliate, Filpkart Affiliate, Snapdeal Affiliate, Clickbank, Commission bank और E-bay जैसी वेबसाइट्स के साथ जुड़कर काम शुरू कर सकते हैं। इसमें आप कंपनियों के उत्पाद को अपने सोशल मीडिया, यूट्यूब चैनेल या वेबसाइट में लिंक डालकर उस उत्पाद को अपने फॉलोअर तक पहुंचा सकते हैं। यदि कस्टमर उस लिंक से उत्पाद या सर्विस की खरीदारी या उपयोग करता है तो आपको उसके बदले कमीशन प्राप्त होगा। अगर आपके पास जानकारी होगी तो इसमें आप अच्छे पैसे कमा सकते हैं।

**किन उत्पादों पर मिलता है ज्यादा कमीशन** - हमें यह समझना होगा की हर तरह की सेवा या उत्पाद के लिए अलग - अलग कमीशन प्राप्त होता है। जैसे आप अगर फैशन और लाइफ स्टाइल प्रोडक्ट पर एफिलिएट मार्केटिंग कर रहे हैं तो इनके जरिए आपको ज्यादा कमीशन मिलाता है वहीं टेक्निकल उत्पाद की मार्केटिंग पर कमीशन दर कम होती है।

**सफलता एक्सपर्ट्स के साथ सीखें एफिलिएट मार्केटिंग**

वर्तमान में डिजिटल मार्केटिंग तेजी से बढ़ने वाला बाजार है। इस सेक्टर में परफेक्ट बनकर लंबे समय तक जमे रहने और अधिक से अधिक लोगों तक एफिलिएट मार्केटिंग के जरिए पहुंच बनाने के लिए आपको सफलता के साथ जुड़ना चाहिए।

## अभ्यास

1. निम्न में से किस दिन हर साल अफ्रीका दिवस मनाया जाता है?
(क) 22 मई
(ख) 23 मई
(ग) 24 मई
(घ) 25 मई
**उत्तर-(घ)**

2. हाल ही में बॉर्डर सिक्योरिटी फॉर्स की पहली ऑल-वुमन पर्वतारोहण टीम ने मिशन वंदे मातरम के तहत किस चोटी की सफलतापूर्वक चढ़ाई की है?
(क) कंचनजंघा
(ख) के 2
(ग) एवरेस्ट
(घ) मकालू
**उत्तर-(ग)**

3. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा लॉन्च किये गए भारत के पहले स्वदेशी 300 द्वद्व यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चिंग सिस्टम का क्या नाम है?
(क) प्रलय
(ख) सूर्यास्त्र
(ग) निर्भय
(घ) पृथ्वी 1
**उत्तर-(ख)**

4. निम्न में से किसे राज्यसभा की याचिका समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?
(क) राघव चड्ढा
(ख) महेश पाठक
(ग) अनुराग ठाकुर
(घ) स्मृति ईरानी
**उत्तर-(क)**

5. निम्न में से किसे केरल विधानसभा का 25 वां अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?
(क) रथींद्र बोस
(ख) रणजीत कुमार दास
(ग) गद्दाम प्रसाद कुमार
(घ) तिरुवंचूर राधाकृष्णन
**उत्तर-(घ)**

# डिजिटलीकरण के चलते भविष्य में इन क्षेत्रों में नहीं होगी नौकरियों की कमी

दुनिया डिजिटलीकरण के चलते तेजी से बदल रही है। पिछले कुछ वर्षों में डिजिटलीकरण के चलते ऑनलाइन जॉब्स तेजी से उभरकर सामने आई हैं। इसका सीधा फायदा कंपनी को होता कि कोई भी कहीं से भी अपने वर्क को पूरा कर सकता है। इसी के चलते आने वाले कुछ वर्षों में कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां ऑनलाइन जॉब्स की भरमार के चलते जॉब्स के ढेरों अवसर उत्पन्न होंगे। **कंटेंट क्रिएटर्स :** आज क्षेत्र चाहे मेडिकल, इंजीनियरिंग का हो या टीवी, मीडिया, Youtube, Facebook, X या Instagram का हो हर किसी को कंटेंट क्रिएटर्स की जरूरत होती है। बड़े से लेकर छोटे ब्लॉगर तक, छोटी से लेकर बड़ी कंपनियों को अपने प्रोडक्ट के प्रचार के लिए भी इनकी जरूरत होती है। ऐसे में इस क्षेत्र में आगे भी जॉब्स की भरमार रहेगी। बस आपको इस क्षेत्र में जाने के लिए किसी एक भाषा (हिंदी या अंग्रेजी) पर बेहतर पकड़ रखनी होगी। अगर दोनों भाषाओं का ज्ञान है तो और भी बेहतर है बस गलतियां न करते हों। सोशल मीडिया मैनेजर : जिस प्रकार किसी प्रोडक्ट को प्रचारित करने के लिए कंटेंट आवश्यक है वैसे ही आज का जमाने में लोगों तक उसे पहुंचाने के



लिए सोशल मीडिया मैनेजर जरूरी हैं। इसलिए कंटेंट राइटर्स के साथ ही सोशल मीडिया मैनेजर की जॉब्स भी बनी रहेंगी। गेम स्ट्रीमर : डिजिटलीकरण के चलते गेम इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है। इसके लिए आपको कोई आधिकारिक डिग्री या डिप्लोमा की भी आवश्यकता नहीं है, जरूरत है तो बस आपकी गेम्स के ऊपर पकड़। अगर आप दो-चार गेम्स भी बेहतर खेल सकते हैं तो ऑनलाइन गेम स्ट्रीमिंग बेहतर विकल्प है। इससे आप खुद को बिना किसी की ज्यादा मदद के स्थापित कर सकते हैं।

# विदेश में है नौकरी की चाहत तो ऐसे बनाएं अपना रिज्यूमे

हर युवा विदेश में नौकरी करने का सपना देखता है। कुछ लोग विदेश में नौकरी करने के लिए कई सालों तक इंटरव्यू देते हैं। लेकिन कई बार सालों तक ट्राई करने के लिए भी विदेश से इंटरव्यू के लिए कॉल नहीं आता है। विदेश में नौकरी पाने के लिए सबसे ज्यादा अपने रिज्यूमे पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि जब आपका रिज्यूमे सही से बना होगा, तभी आपको नौकरी के लिए कंपनी से कॉल आ सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं, रिज्यूमे बनाते समय किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। **वर्क एक्सपीरियंस :** रिज्यूमे में वर्क एक्सपीरियंस सही तरीके से लिखना है। आपने किस कंपनी में क्या काम किया है क्या सीखा है। इसके बारे में विस्तार से लिखें। क्योंकि कंपनी की तरफ से आपको कॉल तभी आएगी, जब आपका रिज्यूमे दमदार होगा। इसलिए आपको अपना वर्क एक्सपीरियंस बहुत अच्छे से लिखना चाहिए। **एजुकेशन :** रिज्यूमे में अपनी एजुकेशन के बारे में विस्तार ले लिखना चाहिए। तभी आपको इंटरव्यू के लिए कंपनी की तरफ से कॉल आएगा। अपनी एजुकेशन क्वालिफिकेशन में यह भी लिखें कि आपके कितने मार्क्स आए थे, क्योंकि कई कंपनियां आपके मार्क्स भी देती हैं। स्किल्स : रिज्यूमे में अपनी स्किल्स के बारे में आप जो लिखते हैं, उसी से संबंधित आपसे सवाल किए जाते हैं। ऐसे में आपको अपनी स्किल्स को लेकर काफी ध्यान देना चाहिए। आपको उन चीजों के बारे में ही लिखना चाहिए, जो आपको आता है। अगर आपको कोई चीज नहीं आती होगी और आपने इसके बारे में रिज्यूमे में लिखा है, तो जब आपसे इंटरव्यू के दौरान इससे जुड़े सवाल पूछे जाएंगे, तो आप उसका जवाब नहीं दे पाएंगे।

## प्रोफेशनल नेटवर्किंग बढ़ाने के लिए अपनाएं ये टिप्स

करियर ग्रोथ के लिए समय-समय पर एम्प्लॉय को वक्त के साथ खुद को अपडेट करने के साथ एक चीज और बेहद जरूरी है और वह है प्रोफेशनल नेटवर्किंग, क्योंकि यही एक क्वालिटी है, जो जितनी ज्यादा मजबूत होगी, उतनी तेजी से आप सक्सेस की सीढ़िया चढ़ते जाएंगे। डेटा भी इस बात की तस्दीक करते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, लिंक्डइन सर्वे में लगभग 80 प्रतिशत प्रोफेशनल्स करियर में सफलता पाने के लिए नेटवर्किंग को आवश्यक मानते हैं। इसी रिसर्च में यह भी पाया गया कि 35 प्रतिशत लोगों ने लिंक्डइन पर कैजुअल मैसेजिंग के माध्यम से नए अवसर, बिजनेस डील और जॉब्स हासिल की है। ऐसे में अगर आप भी ग्रोथ के लिए नेटवर्किंग को मजबूत करना चाहते हैं तो ये टिप्स आपकी हेल्प कर सकते हैं। आइए डालते हैं एक नजर। **इवेंट और वर्कशॉप करें अटेंड :** इंड्रस्टी से जुड़े इवेंट, वर्कशॉप, सेमिनार या फिर अन्य प्रोगाम को अटेंड कर लें। ये सभी जगहें ऐसी हैं, जहां आपको आपके फील्ड से संबंधित जूनियर और सीनियर्स के साथ मुलाकात हो सकती है। इन लोगों से मेल-जोल बढ़ाएं। इनसे बातचीत कर सकते हैं। अगर आप चाहें तो आप पुराने कलीग्स के अवॉर्ड या फिर अन्य समारोह में भी शामिल होकर दूसरे ऑफिस के लोगों से कनेक्ट कर सकते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ बुधवार, 27 मई 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ प्रथम ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे एकादशी तिथौ बुध वासरे 06/23/ हस्त नक्षत्रे 05/57/ व्यतिपात योग 27/25/ भद्रा करणे 06/23/ तुला राशिगत चन्द्रमा घं.19 मि.00पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा समाप्त घं.06 मि. 23 पर। कमला एकादशी।

**मेष :** परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता के योग रहेंगे। उत्तरदायित्वों की पूर्ति होगी। दैनिक सुख संसाधनो की वृद्धि होगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनो का अनुग्रह मिलेगा। मिथ्यारोप भय रहेगा। भागदौड़ की अधिकता रहेगी। कानूनी कार्यों पर व्यय होगा।

**मिथुन :** शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष मजबूत होंगे।

**कर्क :** परिवार का सहियोग मिलेगा। यात्रा एवं देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**सिंह :** निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। जीवन के क्षेत्र में प्रगति होगी। सम्मान में वृद्धि होगी।

**कन्या :** व्यवसयिक योजना को बल मिलेगा। सम्बन्धो में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहियोग मिलेगा।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** सम्बन्धों में निकटता आयेगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने से प्रभाव में वृद्धि होगी।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा का योग बनेगा।

**मकर :** सन्तान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक एवं आर्थिक स्थति में सुधार होगा।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। उधार देने से बचे। जनसंपर्क में वृद्धि होगी।

**मीन :** जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। रुके कार्यों में प्रगति होगी। नए कार्यों को टालना हितकर रहेगा। वाद-विवाद टाले

# विषय बदलने का फैसला जल्दबाजी में न लें

छात्र अक्सर अपने कॉलेज के शुरुआती कुछ महीनों में अपने विषय के चुनाव को लेकर भ्रमित महसूस करते हैं। कई बार ऐसा होता है कि बारहवीं पास करने के बाद स्नातक में दाखिला लेते समय छात्र कुछ ऐसे विषयों का चयन कर लेते हैं, जिसका उनके पिछले शैक्षणिक रिकॉर्ड से कोई लेना-देना नहीं होता। ऐसा निर्णय वे विषय की बढ़ती मांग और अपने कॅरिअर को ध्यान में रखते हुए लेते हैं। लेकिन कॉलेज में पढ़ाई के दौरान कुछ समय बाद उन्हें अपने फैसले पर पछतावा होता है और वे अपने विषय को बदलने पर विचार करते हैं। अगर आप भी स्नातक के प्रथम वर्ष में अपने विषय को बदलने की सोच रहे हैं, तो ऐसा कोई भी निर्णय लेने से पहले कुछ महत्वपूर्ण बातों पर गौर करना जरूरी हो जाता है। इससे आपको कठिन परिस्थिति में भी प्रेरणा मिलती रहेगी और असफलता का भय भी नहीं सताएगा। कॅरिअर योजना बनाएं : यह उन तरीकों में से एक है, जिससे छात्र अपने चुने हुए प्रमुख विषयों में ही सफलता की संभावनाओं को बढ़ा सकते हैं। उस कॅरिअर के बारे में सोचें, जिसमें आपको आनंद आता हो और यह भी विचार करें कि कैसे आप अपने चुने हुए विषय को अपने लिए उपयोगी बना सकते हैं। इन सबके बावजूद अगर पढ़ाई में बोरियत महसूस हो, तो विषय बदलने पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा विषय से जुड़े अलग-अलग कॅरिअर विकल्पों की पहचान करके और दूरगामी परिणामों को ध्यान में रखते हुए ही नया विषय चुनें। अपना शोध करें : कॉलेज के छात्र कभी-कभी अपने चुने हुए विषयों को छोड़ देते हैं, क्योंकि वे अपने द्वारा चुने गए शैक्षणिक क्षेत्र से निराश हो जाते हैं। हो सकता है कि वे खुद को पूरी तरह से एक अलग शैक्षणिक विषय के लिए सही मानते हों। ऐसे में जिस विषय में आप अधिक रुचि रखते हैं, उससे संबंधित अपना शोध जारी रखें।



**ईद-उल-अजहा बकरीद का सार्वजनिक अवकाश 28 मई को**
ललितपुर। प्रभारी जिलाधिकारी दिनेश कुमार ने अवगत कराया है कि ईद-उल-अजहा बकरीद का त्योहार स्थानीय चन्द्र दर्शन के अनुसार मनाया जायेगा व सार्वजनिक अवकाशों की सूची में ईद-उल-अजहा बकरीद का सार्वजनिक अवकाश 27 मई को घोषित है व शहर पेश इमाम की आख्यानुसार ईद-उल-अजहा बकरीद का त्योहार 28 मई को मनाया जायेगा, अतः: ईद-उल-अजहा बकरीद का सार्वजनिक अवकाश 27 मई के स्थान पर 28 मई को घोषित किया गया है।

## खबर एक नज़र

### कृषि वैज्ञानिक है भारत राष्ट्र का भविष्य-प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश शास्त्री



ललितपुर। नेहरू महाविद्यालय स्नातकोत्तर कृषि संकाय के एम.एस.सी कृषि मृदा एवं रसायन विज्ञान के मेधावी शोधार्थियों के शोध प्रबन्ध को परीक्षकों के परीक्षणार्थ अग्रसारित करते हुए शोधार्थियों को कृषि वैज्ञानिक के रूप में राष्ट्र एवं समाज की सेवा करने हेतु प्रेरित किया व छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक भारत राष्ट्र का भविष्य हैं क्योंकि वह आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से अन्न सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं व देश वैज्ञानिकों की हरित क्रांति ने भारत राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाया व आज भी यह वैज्ञानिक जलवायु-अनुकूल खेती और सतत विकास द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं व भारतीय कृषि को सशक्त बनाने और देश के भविष्य को सुरक्षित रखने में कृषि वैज्ञानिकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है व कृषि वैज्ञानिकों के अथक प्रयासों के कारण ही भारत अपनी विशाल आबादी के लिए खाद्य समस्या का समाधान कर सका है व हरित क्रांति इसके सबसे बड़े उदाहरणों में से एक है। शोध प्रबन्ध के परीक्षण हेतु बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी के कृषि संकाय के आचार्य डॉ सत्यवीर सिंह ने कहा कि कृषि संकाय के कृषि रसायन एवं मृदा विज्ञान के 13 छात्र छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर शोध कार्य पूर्ण किया है। इस अवसर पर शोधार्थियों में उत्प्रेक्षा राजे, भक्त प्रह्लाद अगडे, फहीम बख्श आदि उपस्थित थे।

### मिंत्रा ईओआरएस 29 मई से शुरू होगी

कानपुर। मिंत्रा ने भारत के ई-लाईफस्टाईल ईकोसिस्टम को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आज अपनी एंड ऑफ रीज़न सेल के 24वें एडिशन की घोषणा की, जो 29 मई से शुरू होगा। इसमें अरली वी.आई.पी एक्सेस 28 मई से शुरू होगी। ईओआरएस के इस एडिशन में 6 मिलियन से अधिक स्टाईल मिलेंगे, जो भारत में फैशन और लाईफटाईल ईकोसिस्टम के विकास में मिंत्रा की महत्वपूर्ण भूमिका को मजबूत करेंगे। इस बार ईओआरएस में हिस्सा लेने वाले हजारों ब्रांड्स में ग्लोबल, डोमेस्टिक और होमग्रोन डी2सी ब्रांड शामिल हैं। साथ ही 15,000 उभरते हुए ब्रांड, जिनमें ईओआरएस में पहली बार हिस्सा ले रहे 5,000 ब्रांड शामिल हैं, मिंत्रा प्लेटफॉर्म की टेक्नोलॉजी, क्रिएटर ईकोसिस्टम और पूरे देश में पहुँच की मदद से भारत के करोड़ों ग्राहकों तक पहुँचेंगे। रितेश मिश्रा, एसवीपी हेड ऑफ रेवेन्यू एंड कैटेगरी मिंत्रा ने कहा ईओआरएस पिछले सालों में भारत की एक ऐसी शॉपिंग ईवेंट बन गई है, जिसका इंतजार सबसे अधिक बेसब्री से किया जाता है। यह देश में फैशन और लाईफस्टाईल ईकोसिस्टम से जुड़े ब्रांड्स को विकास का एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराती है, उनकी आय बढ़ाती है तथा रोजगार के अवसरों का निर्माण करती है। इस ईवेंट में भाग लेने वाले उभरते हुए ब्रांड्स, क्रिएटर समुदायों और ग्राहकों की विशाल संख्या से भारत के डिजिटल कॉमर्स परिवेश की बढ़ती ताकत प्रदर्शित होती है।[5~11 क्क़ 5/26/2026] स्ह्यह्य स्ष्ह्यह्वह्यह्यह्य~ ????

### स्थानांतरित एसडीएम को भावभीनी विदाई, अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया सम्मानित



कालपी : विदाई समारोह में स्थानांतरित एसडीएम का सम्मान करते अधिकारी एवं कर्मचारी ।

कालपी (जालौन)। तहसील सभागार में मंगलवार को लेखपाल संघ के तत्वावधान में स्थानांतरित उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह के सम्मान में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं राजस्व कर्मियों ने माल्यार्पण कर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।

मालूम हो कि उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह का प्रमोशन होने के बाद उन्नाव में सिटी मजिस्ट्रेट पद पर स्थानांतरण हुआ है। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को अपने पद की गरिमा के अनुरूप पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य करना चाहिए। कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने पर समाज और व्यवस्था दोनों मजबूत होते हैं। नवागंतुक उपजिलाधिकारी अमित शेखर ने कहा कि मनोज कुमार सिंह से उन्हें प्रशासनिक कार्यों को लेकर समय-समय पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन मिला है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और विकास कार्यों को गति देना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कार्यक्रम का संचालन लेखपाल संघ तहसील अध्यक्ष जयवीर सिंह ने किया। समारोह में क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, मुकेश कुमार, राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर सहित कई अधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर लेखपाल जितेंद्र सिंह, सय्यद टीपू, विभा, राघवेंद्र सचान, धीरज पुरवार, सलीम खान, इंग्लेश शर्मा, वन विभाग के सर्वेयर ज्ञान शक्ति, शिवमंगल पाठक समेत बड़ी संख्या में अमीन, कानूनगो, लेखपाल एवं राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, डीएम ने दिए सुधार के सख्त निर्देश

जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक कर स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं व पोर्टलों की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर पोर्टल पर वास्तविक प्रगति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने एसएनए स्पर्श पोर्टल 2.0 एवं डीडीओ पोर्टल पर आशा, आशा संगिनी व जेएसवाई लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए। आरसीएच पोर्टल पर कई इकाइयों की प्रगति लक्ष्य से कम पाए जाने पर नाराजगी जताई गई। हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) चिन्हांकन की समीक्षा में छिरिया, कदौरा, पिंडारी, कुठौंद, कालपी, रामपुरा एवं अरवन के उपकेंद्रों पर विशेष ध्यान देते हुए एएनएम के क्षमता संवर्धन के निर्देश दिए गए। एफबीएनसी पोर्टल के तहत एनआरसी कार्यक्रम की बेड ऑक्यूपेंसी मात्र 59 प्रतिशत पाई गई। डीएम ने प्रत्येक ब्लॉक को प्रतिमाह न्यूनतम 25 बच्चे एनआरसी में भर्ती कराने का लक्ष्य दिया। एसएनसीयू एवं एनबीएसयू इकाइयों में सीएचसी जालौन, माधौगढ़ एवं कोंच में कम एडमिशन पर नाराजगी जताई गई। ई-कवच पोर्टल के तहत आभा आईडी, गर्भवती पंजीकरण व सीबीएसी स्क्रीनिंग में धीमी प्रगति वाले ब्लॉकों को चेतावनी दी गई।राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में रामपुरा, कदौरा, कुठौंद, डकोर, उरई एवं अरवन की धीमी प्रगति पर डीएम ने प्रभावी रणनीति बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध खनन पर शिकंजा, ड्रोन से निगरानी तीन बार पकड़े जाने पर वाहन होंगे स्क्रैप



उरई : टास्क फोर्स समिति की बैठक लेते डीएम,एसपी ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**
**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में कानून व्यवस्था एवं जनपद स्तरीय टास्क फोर्स समिति की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं बिना रॉयल्टी परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अब ड्रोन कैमरों से खनन पट्टा क्षेत्रों की आकस्मिक निगरानी की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि स्रोत स्थल पर ही अवैध खनन व परिवहन को रोका जाए। तीन बार अवैध गतिविधियों में पकड़े गए वाहनों को ब्लैकलिस्ट कर सीज एवं स्क्रैप कराने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

डीएम ने कहा कि कोई भी अधिकारी अकेले चेकिंग नहीं करेगा। टास्क फोर्स समितियों द्वारा संयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यदि किसी बालू पट्टाधारक की अवैध खनन में संलिप्तता पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई करते हुए पट्टा निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

तहसील स्तरीय टास्क फोर्स समितियों की निगरानी के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी, आईपीएस एवं एडीएम नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य को जनपद प्रभारी नामित किया गया। साथ ही, कालपी स्थित यमुना पुल के मरम्मत कार्य को देखते हुए वैकल्पिक यातायात व्यवस्था की समीक्षा कर जाम से बचने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, प्रभागीय वनाधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी व सीओ मौजूद रहे।

# निकाय बोर्ड की बैठक की अधिसूचना जारी,29 मई को होगी बोर्ड की बैठक



उरई : जानकारी देते एसडीएम राकेश सोनी ।

रामपुरा(जालौन)। नगर पंचायत रामपुरा ने निकाय बोर्ड की बैठक की जानकारी सार्वजनिक करते हुए बताया कि नगर विकास के कार्यों को गति देने के लिए 29 मई को बोर्ड की बैठक बुलाई गई हैं।
नगर पंचायत रामपुरा के अधिशासी अधिकारी/ उप जिलाधिकारी राकेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 मई को नगर पंचायत रामपुरा की बोर्ड की बैठक बुलाई जा रही हैं। जिसमे नगर के विकास के क्रम को दृषिगत रखते हुए अनुमानित बजट वित्तीय वर्ष 2026-27 पर विचार, नगर निकाय क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था पर विचार, मार्ग प्रकाश व्यवस्था पर विचार, कर- करोत्तर वृद्धि पर विचार, पेयजल व्यवस्था पर विचार, शासन द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन पर विचार, 15 वॉ वित्त आयोग निधि व राज्य वित्त आयोग निकाय निधि के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों पर विचार, स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों पर विचार तथा नगर विकास के कार्यों में बोर्ड द्वारा प्रस्तावों के प्रस्तुत होने पर सहमति बनाकर उक्त कार्यो की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उक्त बैठक की जानकारी अधिशासी अधिकारी उप जिलाधिकारी राकेश कुमार सोनी द्वारा जनप्रतिनिधियों को तथा नगर अध्यक्ष व सभासदों को उपलब्ध करा दी गई हैं।

# ज्येष्ठ मंगलवार पर नगर में दिखी आस्था और सेवा की मिसाल, जगह-जगह प्रसाद वितरण



कालपी (जालौन)। ज्येष्ठ माह के चैथे मंगलवार एवं हनुमान जयंती के अवसर पर नगर में धार्मिक आस्था और सेवा भाव का अनूठा संगम देखने को मिला। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा प्रसाद वितरण और शीतल पेय सेवा के आयोजन किए गए। भीषण गर्मी के बीच लोगों को शरबत, पेठा और अन्य प्रसाद वितरित कर राहत पहुंचाई गई।

टरननगंज में धुमन्तु हसन्तु क्लब द्वारा विशेष रूप से शरबत एवं पेठा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां राहगीरों, श्रद्धालुओं और बाजार आने वाले लोगों को शीतल पेय वितरित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर सेवा कार्य की सराहना की। नगर के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कई स्थानों पर भंडारे एवं प्रसाद वितरण के आयोजन भी किए गए, जिससे पूरे नगर का माहौल भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरविंद यादव, अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, जय खत्री, हरीभूषण सिंह चैहान, मुन्ना चैधरी, चंद्रशेखर पुरवार, श्रीकांत पुरवार, शरद तिवारी, गंगाराम प्रजापति, आशीष यादव सहित धुमन्तु हसन्तु क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा और परोपकार का विशेष महत्व है। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से लोगों को राहत पहुंचाना और समाज को जोड़ना सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करते हैं। अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को शीतल पेय एवं प्रसाद उपलब्ध कराना मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने आयोजनकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि सामाजिक संगठनों को इसी प्रकार जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए।

### बगैर सी सी निर्माण के क्षेत्र पंचायत ने करा लिया भुगतान

कोंच(जालौन)। भ्रष्टाचार के नए नए कारनामे सामने आते रहते हैं जिनमें से ग्राम पंचायत गुमावली के मजरा ग्राम हरदुआ में फर्जी सी सी भुगतान बगैर कार्य के क्षेत्र पंचायत द्वारा करा लिया गया।

क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रदीप कुमार निबासी ग्राम कैथी ने दिन मंगलवार को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को एक शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि ग्राम हरदुआ में क्षेत्र पंचायत द्वारा बर्ष 2022-23 में सी सी निर्माण शंकर जी के मंदिर से रघुराज के मकान तक बर्क आई डी संख्या 3138006/आर सी/958486255823410959 है जिसका कुल भुगतान 5 लाख 27 हजार रुपया निकाला गया है जबकि मौके पर कोई भी कार्य नहीं कराया गया प्रदीप कुमार ने एस डी एम से उपरोक्त फर्जी काम की जांच टी एस सी/चीफ टी एस सी से कराकर भ्र्ष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की है।

### कार्यकारिणी समिति के चुनाव हुये सम्पन्न

ललितपुर। अरविन्द कुमार जैन पतंजली ने जानकारी देते हुये बताया कि श्री महावीर दिगम्बर जैन संस्कृत उ.मा विद्यालय साढूमल कार्यकारिणी समिति के चुनाव एडवोकेट अभय कुमार जैन महरौनी एवं डॉ कमलेश कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुये। सर्वप्रथम पंडित संतोष कुमार जैन शास्त्री ने मंगलाचरण कर विगत बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई व तत्पश्चात चुनाव की प्रक्रिया हुई, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर सिंघई बर्द्धमान जैन उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार, रतनचन्द जैन मड़ावरा, अरविन्द कुमार जैन पंतजलि प्रबन्धक सिंघई धन्य कुमार जैन एडवोकेट, मंत्री सिंघई जीवन कुमार जैन, उप मंत्री सिंघई अनिल कुमार जैन लेखा निरीक्षक डॉ. शिखरचन्द जैन मडावरा, सदस्य सिघई राजेश जैन, कल्याण कुमार जैन, प्रकाश चन्द्र जैन, सुरेन्द्र कुमार, मन्जू देवांशु जैन मोदी, अजय कुमार, संजू बाबा महरौनी निर्विरोध चुने गये व बैठक में ट्रस्टी सिंघई कन्छेदीलाल जैन, देवेन्द कुमार जैन, राजकुमार नायक, विजय, कमल कुमार जैन, चक्रेश कुमार जैन, विजय कुमार पारौल, हुकुमचन्द जैन, जय कुमार, भजनलाल, अंकित कुमार, सुरेन्द्र जैन, मुकेश कुमार मोदी, अखिलश जैन पारौन आदि मौजूद रहे।

# कोल्ड स्टोर में गैस के रिसाव से ऑपरेटर हुआ घायल



-घटना की जांच के लिए पहुंचे एस डी एम व सी ओ

कोंच(जालौन)। ग्राम अंडा स्थित कोल्ड स्टोरेज में गैस रिसाव होने के कारण वहां काम करने बाला व्यक्ति झुलस गया जिससे वह घायल हो गया जिसे आनन फानन में इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अंडा में ओम नमः शिवाय नाम से श्याम द्विवेदी पुत्र पवन दुवेदी एवं राज कुमार दुबे का कोल्ड स्टोर निर्माणाधीन है जो पूरी तरह से बनकर तैयार भी नहीं हुआ है लेकिन जल्द बाजी में उसे चालू कर दिया गया और उसमें 90 हजार बोरी मटर का स्टॉक भी रखा हुआ है घटना दिनांक 26 मई 2026 की है जब कोल्ड स्टोर में सुवह 6 बजे आपरेटर जिला मैनपुरी के ग्राम हुसैनपुर निबासी अनूप कुमार पुत्र जयवीर सिंह कोल्ड में मौजूद था तभी मशीन से गैस का रिसाव हो गया जिससे अनूप कुमार झुलसकर घायल हो गया जिसे आनन फानन में नगर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल ने भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत स्थिर है। कोल्ड स्टोरेज में गैस रिसाव से ऑपरेटर झुलसने की सूचना जैसे उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल व पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद को मिली तो वह तुरंत ही घटना स्थल पर पहुंच गए और जांच के दौरान उन्होंने बताया कि यहां पर 28 वर्षीय युबक काम करते हुए अमोनिया गैस के रिसाव से झुलस गया है जो डॉक्टर के यहां गया था जहां से इलाज के बाद उसे स्वस्थ्य करार देते हुए अपने सुपर विजन से बाहर कर दिया उन्होंने यह भी बताया कि बी एच ओ को सूचना दे दी गयी है वह अपने स्तर से जांच करके लाईसेन्स बैद्य न होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी ।

# सिविल लाइन में सी.सी सड़क व नाली निर्माण कार्य का हुआ भूमि पूजन

**जनहित कार्यों की मोहल्लेवासियों ने की सराहना**



ललितपुर। नगर के विकास एवं जनसमस्याओं के निराकरण के संकल्प के साथ नगर पालिका परिषद द्वारा लगातार विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है, इसी क्रम में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन अभिलाषा ने वार्ड नंबर 17 स्थित मोहल्ला सिविल लाइन में वार्ड पार्षद कुन्दन पाल के साथ सीसी सड़क एवं नाली निर्माण व मरम्मत कार्य का विधि-विधान एवं पूजन-अर्चन के साथ भूमि पूजन किया व भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों एवं मोहल्लेवासियों ने पालिका अध्यक्ष का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया व नगर में कराए जा रहे विकास एवं जनहितकारी कार्यों की प्रशंसा की व वार्ड नंबर 17 मोहल्ला सिविल लाइन में क्षेत्रपाल मंदिर के पीछे घनश्याम रैकवार के मकान से हरिप्रसाद शुक्ला के मकान होते हुए नारायण पटेल के मकान तक जाने वाली सड़क लंबे समय से जर्जर एवं बदहाल स्थिति में थी। सड़क टूट-फूट जाने के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं बरसात के मौसम में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाने से समस्या और अधिक गंभीर हो जाती थी व नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहने के कारण लोगों का निकलना तक दूभर हो गया था व मोहल्लेवासियों की इस लंबे समय से चली आ रही समस्या को गंभीरता से लेते हुए पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन अभिलाषा एवं वार्ड पार्षद कुन्दन पाल द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण कर सी.सी सड़क एवं नाली निर्माण व मरम्मत कार्य कराए जाने का निर्णय लिया गया व अवर अभियंता निधि पाण्डेय एवं ठेकेदार को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी व निर्धारित मानकों एवं तय समयसीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण कराया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके।

# किसान दिवस का हुआ आयोजन




ललितपुर। मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में नामित समस्त अधिकारी जिसमें सिंचाई, बिजली, वन विभाग एवं कृषि उत्पादन शाखा से जुड़े विभाग जैसे कृषि, उद्यान, सहकारिता, दुग्ध, पशुपालन विभाग के अधिकारियों के अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, लीड बैंक मैनेजर तथा फसल बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, अपर जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं जिला प्रबन्धक पीसीएफ कार्यालय में उपस्थित होकर बारदाना की उपलब्धता की सूचना प्रत्येक दिवस मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराये व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नगर पालिका में दूरभाष पर वार्ता कर निर्देशित किया गया कि कृषको से कोई भी वसूली नही की जाए व कृषको द्वारा अनुरोध किया गया कि खरीफ की फसलो की बुवाई के समय खाद की उचित व्यवस्था की जाए ताकि कृषक समय से बुवाई कर सकें, जिसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में यूरिया 7236 मै. टन के लक्ष्य सापेक्ष 10268 मै. टन एवं डीएपी 9458 मै. टन के लक्ष्य सापेक्ष 12018 मै. टन उपलब्ध है, जिसे समय से गोदामों पर पहुंचा दिया जायेगा व सहकारिता विभाग को एक सप्ताह के अन्दर सूची उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया व किसान दिवस के अन्त में उपस्थित कृषको के समक्ष कृषि विभाग से संचालित बुन्देलखण्ड एकीकृत सोलर फेसिंग योजना के लाभ एवं लागत के विषय में मनमोहन साहू विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। किसान दिवस में चकबन्दी अधिकारी एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता की अनुपस्थिति होने पर कृषको द्वारा काफी रोष प्रकट किया गया।

जिसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिये उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया गया। किसान दिवस में कृषि विभाग से उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि अधिकारी तथा अन्य कर्मचारीगण व किसान संगठनो से केहर सिंह बुन्देला, सुरेश टोंटे, पहाड़ सिंह, राजपाल यादव, कीरत, मलखान सिंह, बाबूलाल दुबे, नवनी शर्मा, उदल पटेल, आशीष कौशिक, आनन्द देवलिया, हरपाल सिंह प्रजापति, कृपाल सिंह, भगवत सिंह, विजय सिंह एवं अन्य कृषकगण उपस्थित रहे ।

# विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक व्याख्यान का हुआ आयोजन



ललितपुर। राजकीय जिला पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 80 से 90 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. सौरभ देवलिया ने बच्चों को जीवन में अनुशासन, ध्यान, आत्मनियंत्रण व लक्ष्य के महत्व के बारे में प्रेरित किया, व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को समझाया गया कि आज की सबसे बड़ी समस्या ÷भटकता हुआ मन÷ है व यदि विद्यार्थी केवल मन के अनुसार चलेंगे तो लक्ष्य से दूर हो जाएंगे व बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि ÷मन के पीछे डंडा लेकर चलो, मन के हिसाब से नहीं व विद्यार्थियों को यह संदेश भी दिया गया कि वह रोज स्वयं से पूछें ÷जो मैं अभी कर रहा हूँ कि क्या वह मुझे मेरे सपने तक ले जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ व्याख्यान सुना तथा इसे अपने जीवन के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर राजकीय जिला पुस्तकालय के कमलेश कुमार लाइब्रेरियन, रोशनी पाल सहायक लाइब्रेरियन एवं सोनू सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, अनुशासन व जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा जगाना रहा है। अंत में डॉ. सौरभ देवलिया ने बच्चों को संदेश दिया कि सपने बड़े रखो, ध्यान मजबूत रखो व मेहनत से दोस्ती कर लो, तब सफलता एक दिन जरूर मिलेगी।

## पुलिस टीम ने 16 जुआरियों को जुआ खेलते किया गिरफ्तार

चित्रकूट- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना राजापुर, थाना मऊ एवं थाना मानिकपुर की पुलिस टीम ने 16 जुआरियों को जुआ खेलते हुए मालफड़ से 58,950 रूपये व 52 तास पत्ता तथा जामा तलाशी से 4960 रुपये के साथ गिरफ्तार किया।

उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, आरक्षी शाकिर अली, रिक्रूट आरक्षी लकी सिंह, रिक्रूट आरक्षी रोहित कुमार पटेल थाना राजापुर' द्वारा अभियुक्तगण धर्मेन्द्र उर्फ कल्लू पुत्र रामआसरे निवासी बाबाघाट क्टोयरा थाना राजापुर, श्रवण पुत्र शम्भू निवासी गोस्वामी नगर कस्बा व थाना राजापुर, अखिलेश उर्फ बदवा सोनकर पुत्र तिपवा निवासी गोसाईपुर थाना राजापुर, गेंदालाल उर्फ गेंदा पुत्र राधे सोनकर पुत्र गोसाईपुरवा पराको थाना राजापुर, कमलेश उर्फ राजेन्द्र उर्फ नैना पुत्र विफई राम निवासी गोसाईपुरवा मजरा पराको थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से 1400 रूपये व 52 अदद तास पत्ता, जामा तलाशी से 370 रुपये व 02 मोबाइल फोन बरामद किए गए। उपनिरीक्षक अभिषेक कुमार वर्मा व उपनिरीक्षक इमरान खान, आरक्षी प्रकाश मिश्रा, आरक्षी शुभम त्रिपाठी, आरक्षी आनन्द प्रताप सिंह, आरक्षी आकाश मौर्य, आरक्षी विशाल यादव, आरक्षी सत्यम बिन्द, आरक्षी हिमांशु यादव, आरक्षी शुभम यादव थाना मऊ द्वारा अभियुक्तगण विनोद कुमार पटेल पुत्र धर्मनारायण निवासी चैगलिया उम्र करीब 36 वर्ष, लालजी पटेल पुत्र हीरालाल उम्र 50 वर्ष, बैजनाथ पुत्र सीताराम उम्र करीब 58 वर्ष, मनोज कुमार मिश्रा पुत्र ओंकारनाथ उम्र करीब 35 वर्ष निवासीगण ग्राम गढ़वा थाना मऊ जनपद चित्रकूट को तास के पत्तो में हारजीत की बाजी लगाकर जुंआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से कब्ज़े के 9550 रुपये नकद, 52 तास के पत्ते व जामा तलाशी से बरामद 450 रुपये बरामद किये गए। उपनिरीक्षक शम्भूशरण सिंह आरक्षी शरद कुमार सिंह, आरक्षी सन्तोष सिंह, आरक्षी धीरज गुप्ता, आरक्षी दीपक अनुरागी, आरक्षी आदर्श मिश्रा, आरक्षी सतीश कुमार मौर्य, आरक्षी संजीव यादव, आरक्षी सतीश यादव, आरक्षी अभिषेक पटेल, आरक्षी रितुराज चन्द्र विकास, आरक्षी अनूप, आरक्षी अभिषेक यादव थाना मानिकपुर द्वारा अभियुक्तगण शिवशंकर पुत्र शिवलखन विश्वकर्मा उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ग्राम गढचपा थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट, शिवहरी पुत्र जयनाथ सिंह उम्र करीब 43 वर्ष निवासी ग्राम गौरिया थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट, राजेन्द्र प्रसाद पुत्र दुली चन्द्र यादव उम्र करीब 32 वर्ष निवासी सरैया थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट, इन्द्रेश पुत्र ब्रजभूषण सिंह उम्र करीब 58 वर्ष निवासी ग्राम गढ़चपा थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट, लाल सिंह पटेल पुत्र चन्द्रभान उम्र करीब 38 वर्ष निवासी सरैया थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट, लवकुश पुत्र मुकुन्दीलाल मिश्रा उम्र करीब 27 वर्ष निवासी मुस्लिमपुरवा मजरा सरैया थाना मानिकपुर, भागवत शुक्ला पुत्र राघव प्रसाद उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम गर्गनपुरवा मजरा सरैया थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को तास के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ के 48000 रुपये नकद, 52 अदद तास के पत्ते व जामा तलाशी से बरामद 4140 रुपये बरामद किए गए।

## जल संस्थान एवं जल निगम नियमित जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें : आयुक्त

**. आयुक्त की अध्क्षता में सम्पन्न हुई मण्डलीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक**

बांदा। आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि जल संस्थान एवं जल निगम नियमित जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पाठा मानिकपुर एवं अछरौड बॉदा में पानी की समस्या का तत्काल निराकरण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने तत्काल खराब हैण्डपम्पों को ठीक कराये जाने एवं तालाबों को भरवाये जाने के निर्देश दिये। जनसामान्य हेतु सभी जिलों में हीट वेव से बचाव हेतु पानी के प्याऊ लगवाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी पीएचसीध्सीएचसीध्विद्यालयों में ओआरएस घोल की उपलब्धता रखने के निर्देश दिये। जिन गॉवों में जलापूर्ति नही हो पा रही हैए वहां टैंकरों से पानी की उपलब्धता कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

सभी चिकित्सालयों में पेयजल की समुचित व्यवस्था के साथ जनरेटर का उपयोग किये जाने के निर्देश दिये। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत



प्रशव के उपरान्त मरीज को 48 घण्टे बाद ही डिसचार्ज किये जाने एवं प्रगति में सुधार किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती कम से कम की जाए। हेपेटाइटिस बी के टीके बच्चों को लगाये जायेंए कोई भी बच्चा छूटने न पाये। ई संजीवनी को बढावा दिया जाए। अस्पतालों में पर्याप्त दवा एवं संसाधनों की व्यवस्था रखी जाए। फार्मर रजिस्ट्री को चित्रकूट जनपद में बढाये जाने के निर्देश दिये। भवन निर्माण एवं रोड निर्माण की प्रगति खराब होने पर सुधार किये जाने के निर्देश दिये। पीएम सूर्यघर योजना में चित्रकूट एवं हमीरपुर में प्रगति लाने के निर्देश दिये। जननी सुरक्षा योजना में बॉदा एवं महोबा में प्रगति कम होने पर बढाये जाने के निर्देश दिये। फैमिली आईडी कार्य में चित्रकूट एवं महोबा में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। 15वें वित्त आयोग के कार्य में चित्रकूट एवं महोबा में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये।

पर्यटन योजना के अन्तर्गत चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में सफाई अभियान का कार्य शीघ्र पूर्ण किये जाने तथा तुलसी ब्रिज में समस्त पर्यटन विकास के कार्य तेज गति से पूर्ण करने के निर्देश दिये। पोषण अभियान के अन्तर्गत कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर जनपद महोबाए बॉदा व चित्रकूट में प्रगति लाने के निर्देश दिये। नई सडक निर्माण के कार्य में बॉदा एवं चित्रकूट में कार्य को तेज गति से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। सड़क अनुरक्षण में हमीरपुर जनपद में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

मातृत्व शिशु लाभ योजना में लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने समस्त विकास खण्ड स्तर पर ग्राम चौपाल का आयोजन सायंकाल करने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारियों को दिये। उन्होंने अवैध खनन को रोके जाने एवं ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी कार्यवाही टास्क फोर्स द्वारा संयुक्त रूप से किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रए वारिसान प्रमाण पत्रए नामान्तरण एवं पैमाइश के कार्यों को देर न करते हुए समय पर जारी करने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायतों एवं नगर पालिका के द्वारा भीड वाले स्थानों पर कूलिंग सेन्टर बनाये जाने के निर्देश दिये। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। आरोग्य मेला में चिकित्सक समय से उपस्थित रहकर मरीजों को आवश्यक दवायें उपलब्ध करायें। गौवंश संरक्षण हेतु गौशालाओं में पर्दए पानीए भूसाए चारा की समुचित व्यवस्था रखी जाए। आशाओं की टेउनिंग बेहतर रूप से करायी जाएए जिससे कि वे बच्चों व गर्भवती महिलाओं की देखरेख कर सकें। बैठक में जिलाधिकारी बॉदा अमित आसेरीए जिलाधिकारी हमीरपुर अभिषेक कुमारए जिलाधिकारी महोबा श्रीमती गजल भारद्वाजए जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्गए अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंहए संयुक्त विकास आयुक्त अरबिन्द कुमारए समस्त मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने समाचार पत्रों में प्रकाशित जनसमस्याओं का लिया गंभीर संज्ञान

**. संबंधित अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण एवं व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के दिये निर्देश**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**

**बांदा।** अजीत कुमारए आयुक्तए चित्रकूटधाम मण्डलए बाँदा द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित जनहित से जुड़ी खबरों का गंभीर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। साथ ही जनसुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार सुनिश्चित करते हुए विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

आयुक्त ने जनपद चित्रकूट की तहसील मानिकपुर अंतर्गत ऐचवारा उपकेंद्र ;हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरद्ध में आयोजित आरोग्य मेला के संबंध में प्रकाशित समाचार ष्ऐचवारा में नहीं पहुंचे डॉक्टरए मरीज की रही कतारष् को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारीए चित्रकूट से स्पष्टीकरण तलब किया है। समाचार में उल्लेखित तथ्य के अनुसार आरोग्य मेला के दौरान अधिकांश चिकित्सकीय कार्मिक अनुपस्थित रहेए जिसके कारण मरीजों का उपचार फार्मासिस्ट एवं पैरामेडिकल स्टाफ के भरोसे किया गया। आयुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं में शिथिलता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये हैं कि भविष्य में किसी भी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकीय सेवाएं प्रभावित न हों तथा वैकल्पिक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं।



इसी क्रम में जनपद बाँदा की ग्राम पंचायत अछरौड़ में उत्पन्न गंभीर पेयजल संकट संबंधी समाचार ष्अछरौड़ गांव में गहराया पेयजल संकटष् का संज्ञान लेते हुए अधिशासी अभियन्ताए जल संस्थानए बाँदा एवं अधिशासी अभियन्ताए उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीणए बाँदा से जवाब तलब किया गया है। समाचार के अनुसार विगत कई दिनों से गांव में पेयजल आपूर्ति बाधित है तथा ग्रामीण दूषित नदी के पानी के उपयोग को मजबूर हैंए जिससे जलजनित बीमारियों की आशंका उत्पन्न हो गई है। आयुक्त ने जर्जर पाइपलाइन को तत्काल दुरुस्त करानेए वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा संपूर्ण प्रकरण की जांच कर उत्तरदायित्व निर्धारित करने के निर्देश दिये हैं।

इसके अतिरिक्त जनपद चित्रकूट के पाठा क्षेत्र में नमामि गंगे योजना के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति व्यवस्था संबंधी समाचार ष्कागजों में बह रहा पानीए हकीकत में प्यास से बेहाल हो रहे ग्रामीणष् को भी आयुक्त द्वारा अत्यंत गंभीरता से लिया गया है। इस संबंध में अधिशासी अभियन्ताए जल निगमए चित्रकूट से विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा गया है। समाचार में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि करोड़ों रुपये व्यय होने के बावजूद अनेक गांवों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं हो सकी है तथा ग्रामीण भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। आयुक्त महोदय ने योजना की वास्तविक स्थिति का स्थलीय परीक्षण कराते हुए सभी अधूरे एवं बाधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं।आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि आमजन से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं विशेषकर स्वास्थ्य एवं पेयजल व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समयावधि में अनुपालन आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि प्रकरणों में लापरवाही पायी जाती है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

## खाली पड़ी गौशालाओं को गोपालवनके रूप में विकसित करने का फैसला

**अतर्रा बांदा ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर्यावरण संरक्षण और गो.संरक्षण को एक साथ जोड़कर बुंदेलखंड को हरा-भरा बनाने के लिए एक बेहद अनोखी पहल करने जा रही है। जिला प्रशासन ने बढ़ते तापमान और भीषण हीटवेव से निपटने के लिए जिले की खाली पड़ी गौशालाओं को गोपालवन के रूप में विकसित करने का फैसला किया है। इस अभियान के तहत इन गौशालाओं के खाली परिसरों में बड़े पैमाने पर फलदार और छायादार पौधे लगाए जाएंगे और इस महाभियान को जमीन पर उतारने के लिए सीडीओ की अध्यक्षता में विकास भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम नमामि गंगेए प्रभागीय वनाधिकारीए जिला पंचायत राज अधिकारीए और बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत लोक निर्माणए सिंचाईए एलएनटी और एनसीसी के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। आप सभी को ज्ञात हो की

इस अभियान को जन.आंदोलन बनाने के लिए योगी सरकार आम जनता और स्वयं सहायता समूहों को सीधे जोड़ेगी। इसके लिए वनाधिकारी और उद्यान विभाग द्वारा फलदार और अन्य पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। जिसको लेकर सीडीओ अजय कुमार पाण्डेय ने बैठक में निर्देश दिए कि पौधों के भंडारणए समय पर वितरण और ग्राम स्तर तक उनकी आसान उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए विकास खंड और ग्राम स्तर पर विशेष नोडल अधिकारी नामित किए जाएंगेए जो पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि गौवंशों को दूसरी गौशालाओं में स्थानान्तरण होने के पश्चात खाली हो रही गौशालाओं में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाए और उन्हें श्गोपालवनश् के रूप में विकसित किया जाए। यह अनूठी अवधारणा गो.संरक्षणए पर्यावरण संवर्धन और हरियाली को एक साथ जोड़ती है। श्गोपालवनश् न केवल छाया का स्रोत बनेगाए बल्कि बढ़ती हीटवेव और गर्मी के प्रकोप में ठंडक प्रदान करेगा तथा जिले के समग्र पर्यावरण को मजबूत बनाएगा।

# पेशेवर अपराधियों पर करें सख्त से सख्त कार्यवाही : डीआईजी

**. त्यौहारों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश**

**. डीआईजी ने की मंडलीय आपराधिक समीक्षा**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**

**बांदा।** पेशेवर अपराधियों पर कार्यवाही किये जाने के साथ त्योहार में विशेष सतर्कता बरती जाए। जो भी माहौल खराब करने की कोशिश करें। उसके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करायें। उपरोक्त निर्देश डीआईजी ने मंडलीय आपराधिक समीक्षा बैठक में पुलिस कप्तानों को दिए।

मंगलवार को परिक्षेत्रीय कार्यालय में डीआईजी राजेश एस की मौजूदगी में मंडलीय आपराधिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीआईजी ने जनपदवार समीक्षा की। पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस के द्वारा संगठित अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध संचालित अभियानों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा हेतु संचालित कार्यक्रमों की प्रगतिएसाइबर अपराधों की रोकथाम एवं जन.जागरूकताएई.साक्ष्य संकलन की गुणवत्ता तथा जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की स्थिति का मूल्यांकन किया गया। गोष्ठी के दौरान परिक्षेत्र के समस्त जनपदों में पूर्व में घटित घटनाओं का विश्लेषण करते हुए आवश्यक उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कानून.व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने सम्बन्धी डीआईजी ने पुलिस कप्तानों को निर्देशित किया। डीआईजी ने निर्देश दिए कि आगामी त्यौहार ईद.उल.अजहा ;बकरीदद्ध को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों की बैठक आयोजित की जाये। फायर व आपात सेवाओं को पूर्णतः सक्रियए तत्पर एवं उत्तरदायी रखा जाए। ताकि दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन आवर के भीतर राहत व बचाव कार्य प्रारम्भ किया जा सके।प्रत्येक थाना क्षेत्र में सतत गश्त एवं पेट्रोलिंग की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। गंभीर अपराधों की विवेचना में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित किये जाने के साथ प्रचलित अभियान श्आपरेशन कन्विक्शनश् के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही करते हुए लंबित प्रारंभिक एवं विभागीय जांचों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनसुविधा को केंद्र में रखते हुए शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के साथ.साथ साइबर अपराध मामलों में त्वरित व प्रभावी कार्यवाही की जाए तथा इस संबंध में जन.जागरूकता को सुदृढ़ किया जाए। सड़क दुर्घटनाओं में निरंतर कमी लाने हेतु लक्षित एवं परिणामोन्मुख रणनीति अपनाई जाने के साथ मिशन शक्ति केंद्रों की पहुंच एवं जन.जागरूकता को और अधिक व्यापक बनाया जाए।बैठक के दौरान अपराधियों के विरुद्ध ष्जीरो टालरेंसष् नीति का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के डीआईजी राजेश एस ने निर्देश दिए। साथ ही पुलिस कार्यवाहियों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने तथा आमजन के साथ संवेदनशीलए शालीन एवं मर्यादित व्यवहार सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसलएपुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरूण कुमार सिंहएपुलिस अधीक्षक हमीरपुर मृगांक शेखर पाठकएपुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह एवं सहायक पुलिस अधीक्षक बांदाध्क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टाक उपस्थित रहीं।

### आग की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**हमीरपुर।** अवगत कराना है कि आज समय करीब 16रू00 बजे थाना मौदहा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि करहिया मार्ग छिरका पर एक व्यक्ति की शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से मृत्यु हो गई है। उक्त सूचना पर थाना मौदहा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, तो ज्ञात हुआ कि करहिया से छिरका जाने वाले मार्ग पर ग्राम करहिया में मृतक रतीराम के खेत की मेड़ के पास लगे बिजली के खंभे में शॉर्ट सर्किट होने से खेतों में आग लग गई। तेज हवा के कारण आग फैलकर रतीराम पुत्र दिल्ली अनुरागी उम्र करीब 65 वर्ष, निवासी ग्राम करहिया थाना मौदहा जनपद हमीरपुर, घर तक पहुंच गई। आग बुझाने के प्रयास के दौरान रतीराम अनुरागी आग की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

## भाईचारे के साथ त्योहार मनाने पर दिया गया जोर

चित्रकूट- अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा शांतिपूर्ण एवं परम्परागत तरीके से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार को मनाने के लिए पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

अपर जिलाधिकारी चन्द्रशेखर एवं पुलिस अधीक्षक पीयूषकान्त राय की अध्यक्षता में आगामी बकरीद के दृष्टिगत कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा शांतिपूर्ण एवं परम्परागत तरीके से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार को मनाने के लिए पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।बैठक में अपर जिलाधिकारी ने तहसीलवार समस्याओं के बारे में जानकारी लिए एवं उपस्थित धर्म गुरूओं एवं अलग-अलग क्षेत्रों से आए हुए संभ्रान्त नागरिकों एवं शांति समिति के सदस्यों से सीधा संवाद कर आगामी त्यौहारों, विशेष रूप से बकरीद के अवसर पर आपसी सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में शांति एवं सहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार की नई परंपरा की शुरूआत न की जाए। जिस प्रकार से और जिस जगह पर विगत वर्षो में बकरीद के दौरान कुर्बानियां दी जाती रही हैं उसी को कायम रखना है। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न दी जाए, तथा कोई कुर्बानी खुले में भी न हो। उपस्थित समस्त क्षेत्रीय धर्म गुरूओं से अपील करते हुए कहा कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें। जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो।

अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किए कि त्यौहार के समय विद्युत आपूर्ति निर्वाध रूप से संचालित रहे। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में न आए एवं साफ सफाई की विशेष ध्यान रहे। उन्होंने समस्त अधिशाषी अधिकार नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने इलाकों में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए त्योहार के दिन सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी पहले से ही सुनिश्चित रखी जाए।

उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित समस्त सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता व अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें, इन कार्यो में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बकरीद के त्यौहार को परंपरागत रूप से मनाए जाने के संबंध में पुलिस अधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांति-सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। त्यौहार में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की जाती है तथा परंपरागत रूप से निश्चित स्थलों पर कुर्बानी दी जाती है। उन्होंने कहा इस दौरान संबंधित अधिशाषी अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिद, नमाज स्थलों के आसपास विशेष सफाई कराकर चूने का छिड़काव कराना सुनिश्चित करें, जलापूर्ति के लिए जो टाइमलाइन दिया जा रहा है उसी के अनुसार समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। कुर्बानी के बाद अवशेष को उचित स्थान पर पर्याप्त संख्या में गहरा गड्ढा खुदवाकर उसमें ब्लीचिंग, नमक तथा चूना डालकर उचित तरीके से ढकवा कर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रो में यह सुनिश्चित करेंगे कि कुर्बानी पूर्व से निर्धारित परंपरागत स्थलों पर ही की जाए, किसी भी दशा में खुले में कोई कुर्बानी नहीं की जाए। उक्त त्यौहार पर कोई नई परंपरा कायम नहीं की जाए। उन्होंने नगर पालिका व थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि जहां पर कुर्बानी होती है वहां पर अन्ना पशु ना जाने पाए। जिलाधिकारी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि शुकर पालकों के साथ मीटिंग करें की बकरीद के नमाज

# संयुक्त टीमों ने भटके बच्चे के परिजनों का पता लगाकर सौंपा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान श्आपरेशन मुस्कानश् के क्रम में आज विशेष किशोर पुलिस इकाईए थाना मानव तस्करी रोधी पुलिसए चाइल्ड हेल्पलाइन व अन्य संयुक्त टीम द्वारा गुमध्भटके हुए 12 वर्षीय बच्चे के परिजनों को पता लगाकर सकुशल बच्चे को उसकी मां को सुपुर्द किया गया है । गौरतलब हो कि 9 मई 26 को खुरहण्ड क्षेत्र में एक 12 वर्षीय बच्चा मिला थाए जो मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण अपना नाम एवं पता स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहा था। बच्चे की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उसे तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन सेंटर भेजा गया । इसके बाद संयुक्त टीमों द्वारा लगातार बच्चे के परिजनों की तलाश की जा रही थी । बच्चे



की पहचान हेतु उसकी जानकारी एवं फोटो चाइल्ड हेल्पलाइन के विभिन्न राज्यों के समूहों में साझा की गई ।

इसी क्रम में मध्य प्रदेश के जनपद रीवा से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त बालक कुछ समय पूर्व वहां के बाल संरक्षण गृह में रह चुका है । विस्तृत जानकारी करने पर पता चला कि लगभग एक वर्ष पूर्व यह बच्चा अपने घर से लापता हो गया थाए जिसे रीवां बाल संरक्षण गृह द्वारा बाद में वाराणसी में उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया था । तथा पुनः बच्चा घर से निकल गया और भटकते हुए जनपद बांदा पहुंच गया था । संयुक्त टीम के अथक प्रयासों एवं संवेदनशील कार्यशैली के परिणामस्वरूप आज बच्चे को उसकी मां को सुपुर्द कर दिया गया । अपने बच्चे को सकुशल पाकर मां एवं परिजनों की आंखें खुशी से नम हो गई तथा उन्होंने पुलिस टीमए चाइल्ड हेल्पलाइन सहित संबंधित सभी विभागों का हृदय से आभार व्यक्त किया ।

## श्रीमद् भागवत कथा के आज अंतिम दिन श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र सुन भाव विभोर हुए भक्त



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा ।** तहसील अतर्रा के ग्राम फौजदार के पुरवा में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के आखरी दिन की कथा व्यास आचार्य रजनीश शरण जी महाराज अयोध्या जी धाम ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन सुनाया। सातवें दिन कृष्ण के अलग.अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना तथा सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास आचार्य रजनीश शरण जी महाराज ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्रीकृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं। आप सभी को ज्ञात हो की उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र ;सखाद्ध से सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है।अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। सुदामा को अपने महल में ले गए ओर उनका अभिनंदन किया। इस दृश्य को देखकर तथा कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होंने सुदामा कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की । इस अवसर पर कथा परीक्षित राजकुमार यादव श्रीमती राजा बाई एवं विनोद कुमार यादव अवधेश यादव महेंद्र चंद्र प्रकाश सीताराम राज बहादुर राधेश्याम सदाशिव रामकिशन शशिकांत द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ उनके परिवार के सदस्य के साथ.साथ तमाम ग्रामवासी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान जिला वर्ग का हुआ समापन

**डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने प्रशिक्षार्थियों को दिया उद्बबोधन**

हमीरपुर। राठ के नारायण गार्डन में 25 मई को शुरू हुए दो दिवसीय प्रशिक्षण को आज उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने किया समापन। प्रशिक्षण की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद ने किया।





इस प्रशिक्षण में सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति राठ विधायक मनीषा अनुरागी जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत उप सभापति ब्रजकिशोर गुप्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक अनिल यादव क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे उपस्थित रहे।

इस 2 दिवसीय प्रशिक्षण में लगभग 200 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

द्वितीय दिवस पर चार सत्र का प्रावधान रखा गया था उसमे अलग-अलग वक्ताओं के द्वारा चार सत्रों में प्रशिक्षित किया गया। प्रथम सत्र में प्रदेश से आए हुए प्रदेश के मीडिया प्रभारी हिमांशु द्विवेदी ने प्रशिक्षार्थियों को अपने उद्ववोधन से प्रशिक्षित किया।प्रदेश के मंत्री हमीरपुर प्रभारी देवेश कोरी ने भी संगठन में काम करने के तरीके को बताया और उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दी अंतिम सत्र में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के द्वारा संगठन के कार्यो एवं अनुशासन तथा देशभक्त के विषय एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रशिक्षित किया। यह भी बताया गया कि देश की रक्षा के लिए हमारे कितने महापुरुषों ने अपना बलिदान दिया है। अपने देश की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य बनता है।

आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रीनिवास बुधौलिया अरविंद मुखिया प्रीतम सिंह किसान पूर्व विधायक युवराज सिंह किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह शिवेंद्र सिंह लालाराम निषाद सियाराम विश्वकर्मा आकाश त्रिपाठी अभिजीत सिंह स्वामी प्रताप सिंह ज्ञानेंद्र कुशवाहा राजदीप सिंह उमाकांत राजपूत सत्य प्रकाश राजपूत रेनू अनुरागी करण सिंह रूपा प्रजापति दिग्विजय पाठक अरिमर्दन सिंह अरविंद श्रीवास्तव ज्योत्सना सिंह निशा भटनागर के अलावा सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### समाजसेवियों ने शरबत का वितरण किया

भरथनाए इटावा। मंगलवार की दोपहर कस्बा के मुहल्ला मोतीगंज रेलवे फाटक के समीप सभासद प्रबल प्रताप कश्यप छेदीलाल ने अपने सहयोगियों भरत पोरवालए गुड्डू सक्सेनाए कैलाशए कुक्कूए देवा पोरवालए साजिद भाईए पप्पू फल वालों आदि के साथ भीषण जलनभरी गर्मी में आम जनमानस व राहगीरों को राहत दिलाये जाने के उद्देश्य से शीतल शरबत का वितरण किया। जिसे पीकर लोगों ने आराम महसूस किया।

## हम सब कार्यकर्ता समाजवादी, लोहियावाहिनी के झण्डे के तले विशाल धरना प्रदर्शन एवं अनशन पर बैठने को मजबूर होगे



**छिबरामऊ कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की छवि खराब करने के लिए लगाई गई होर्डिंग के सम्बन्ध में। लिखित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सोपा गया।

कन्नौज के सांसद अखिलेश यादव ;पूर्व मुख्यमंत्रीए उ0प्र0 शासन लखनऊद्ध जी की छवि धूमिल करने के प्रयास में कुछ अराजक तत्वों ने जनपद कन्नौज में जगह जगह होर्डिंग लगाकर उन्हें महिला विरोधी बताया हैए जिससे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में व्यापक रोष व्याप्त है। भारतीय जनता पार्टी अपने काले कारनामो को छुपाने के लिए जनपद कन्नौज में ऐसी घटनायें करवा रही है जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा के 9 साल के कार्यकाल में बिजली का कोई कारखाना नहीं लगा। आलू के किसानों के लिए कोई फैक्ट्री या अन्य कोई साधन उपलब्ध नहीं कराये। आज किसान बरबाद हुआ है तथा नौजवान भारी मात्रा में बेरोजगार धूम रहा है। इन सब चीजों को बी0 जे0पी0 छिपाने के लिए ऐसी होर्डिंगे लगवा रही है। जिससे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में एवं आम जनमानस में भारी होर्डिंग लगाने वाले नेताओं एवं होर्डिंग छापने वाले पर तत्काल एफ0आई0आर0 दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाये अगर कार्यवाही नहीं की जाती है तो हम सब कार्यकर्ता समाजवादीए लोहियावाहिनी के झण्डे के तले विशाल धरना प्रदर्शन एवं अनशन पर बैठने को मजबूर होगे।इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल रोविन यादव प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी संतोष गुप्ता चंदजीत एडवोकेट अमित राजपूत एडवोकेट अनिल एडवोकेट सजीव एडवोकेट घनश्याम एडवोकेट पिंकी कश्यप अंकुर सिंह यादव मिडिया प्रभारी भोला यादव राजन लंकंअ जीतू सिंह अख्तर अंसारी सलमान रजनीश एडवोकेट सैकड़ो सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा-पंडित बनारसी दास शास्त्री



छिबरामऊ कन्नौज। जल ही जीवन है बिना जल के मनुष्य का जीवन असंभव है बिन पानी सब सुन इसलिए जल का सदुपयोग करना चाहिए यह विचार व्यक्त करते हुए शक्तिपीठ गमा देवी की पुजारी ने गंगा दशहरा के पावन पर्व पर आए हुए श्रद्धालुओं से कहा कि आज हम सभी को जल का सदुपयोग करना चाहिए उन्होंने कहा कि कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा ।

इसके पूर्व गायत्री महायज्ञ में सुधा अवस्थी लता गुप्ता शिव गुप्ता विमल पाठक आरती पाठक एवं अच्युत त्रिपाठी गौरव द्विवेदी अमित दुबे भूललन सिंह गौरव कौशल आदि ने गायत्री महामंत्र की आहुति सबके कल्याण के लिए दी। गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर पंडित बनारसी दास शास्त्री ने कहा कि आज जल का सदुपयोग हम सभी को करना चाहिए क्योंकि जल के बिना जीवन संभव है अंत में आरती के बाद मधुर जल गंगा चरणामृत सबको पान कराया गया। सभी श्रद्धालु गंगा जी का चरणामृत पीते हुए हर हर गंगे?। घर.घर गंगे। प्यासे को पानी। जय गंगा महारानी। का जयकारा लगाया। कार्यक्रम में प्रसाद पाने के लिए बड़ी संख्या मेंश्रद्धालु की भीड़ उमडती रही।

### निसान ने सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट किया लॉन्च

कानपुर। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट के लिए सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट लॉन्च करने का एलान किया। सेगमेंट में पहली बार स्मार्ट ट्विन-सिलेंडर टेक्नोलॉजी पेश की गई है, जिससे 7-सीटर मॉड्यूलैरिटी और यूजएबिलिटी दोनों बनाए रखने में मदद मिलेगी। इसे 16 राज्यों में 82,9 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्रेवाइट सीएनजी को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिससे ग्राहकों को ज्यादा स्मार्ट, ज्यादा किफायती और पर्यावरण के दृष्टिकोण से ज्यादा बेहतर समाधान मिलेगा। साथ ही इस किट के लगने के बाद भी तीसरी पंक्ति में पर्याप्त जगह रहेगी, जिससे कम्फर्ट और रोजाना की गतिविधियों की व्यावहारिकता बनी रहेगी। निसान एंड इन्फिनिटी के डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट थियरी सबाग ने कहा भारत निसान के लिए लगातार रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है और हम यहां ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप प्रासंगिक, सुगम और भविष्य के लिए तैयार मोबिलिटी सॉल्यूशंस एवं प्रोडक्ट उपलब्ध कराने पर फोकस कर रहे हैं। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा मैग्नाइट सीएनजी को लेकर ग्राहकों की तरफ से बेहतर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने के बाद अब ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट के लिए सेगमेंट में पहली बार ट्विन-सिलेंडर सॉल्यूशन पेश करने की हमें खुशी है।

### संयुक्त प्रेस क्लब ने किया नवागत एडीएम का स्वागत

इटावा। संयुक्त प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिले के नवागत अपरजिलाधिकारी बिपिन कुमार से भेंटकर उनका बुके देकर स्वागत किया और जनपद में उनके कार्यकाल होने की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

वाराणसी और गाजियाबाद जैसे प्रदेश के अति महत्वपूर्ण जिलों में दायित्व संभाल चुके एडीएम बिपिन कुमार अपने प्रशासनिक कर्तव्य एवं लोक सेवा के प्रति पूरी संवेदना और समर्पण का भाव रखते हैं। उन्होंने आते ही जनपद की निम्नतर होती जा रही आईण् जीण्आरण्एसण् रैंकिंग को लेकर सभी विभागों को स्पष्ट चेतावनी वाले लहजे में निर्देश देते हुए इसमें तत्काल सुधार लाने के प्रयास करने के लिए कहा है। उनके इस लोक शिष्टाचार के भावना की सराहना करते हुए संयुक्त प्रेस क्लब के संरक्षक गणेश ज्ञानार्थीए धर्मलाल चतुर्वेदीए अध्यक्ष राजेन्द्र भसीनए महामंत्री सुधीर मिश्र ने उन्हें मीडिया की तरफ से भी सकारात्मक सहयोग दिए जाने का वचन दिया।

### भीषण विद्युत संकट पर योगी सराहनीय पहल-दीपक

इटावा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की भीषण ऊर्जा संकट को देखते हुए उर्जा भवन में आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिए गए दिशा निर्देशों का समर्थन करते हुए इसे सराहनीय कदम बताया है। प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है और 25 तारीख से नौतपा लग रहे हैं। जिससे आम व्यक्ति अत्यंत परेशान है। दूसरी तरफ विद्युत विभाग द्वारा दिन भर में 50 बार सीट डाउनए ट्रिपिंग के कारण पावर ब्रेक डाउन करके अवास्तविक विद्युत संकट पैदा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विद्युत संकट की मूल रूट को पकड़ते हुए उसकी जवाब देही तय कर देने की बात कह कर विद्युत विभाग में हड़कंम मचा दिया है। अब वही विद्युत विभाग ठीक से काम करता नजर आ रहा है। वास्तव में विद्युत आपूर्ति पावर स्टेशन तक तो रहती है परन्तु लाइनमैनए तकनीकी सहायकों तथा जे ई आदि फील्ड स्टॉफ की मिली भगत से पावर ब्रेक डाउन बना रहता है। यह बात उद्योगोंए व्यापार आदि के लिए संजीवनी का काम कर सकती है। दुःख की बात है कि कुछ कर्मचारी जानबूझ कृत्रिम विद्युत संकट पैदा कर रहे है।

# जिला विकास अधिकारी में मृतक रोजगार सेवक की पत्नी को ढाई लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

फर्रुखाबाद। जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने मंगलवार को मृतक रोजगार सेवक के गांव पहुंचकर उनकी पत्नी को ढाई लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी है

ब्लॉक नवाबगंज में ग्रामरोजगार सेवक के पद पर कार्यरत बिपिन कुमार निवासी ग्राम हरदुआ की 18 मई 2026 को सड़कदुर्घटना मे मौत हो गई थी

जिला विकास अधिकारी श्री तिवारी ने मृतक की पत्नी को संबल प्रदान करने के लिए जिलो के सभी विकासखंडों के सभी ग्राम स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा आपसी सहयोग से एकत्रित ढाई लाख रुपए मृतक रोजगार सेवक की पत्नी को दिए हैं

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए गए हैं कि दिवंगत ग्राम रोजगार सेवक की विधवा बहू को निराश्रित पेंशन पारिवारिक पेंशन और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना अंतर्गत शीघ्र आवेदन कराने के निर्देश कर्मचारियों को दिए गए इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार खंड विकास अधिकारी नवाबगंज अमरेश चौहान अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी आसाम सिंह ग्राम रोजगार सेवक संघ के जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार काफी संख्या में ग्राम रोजगार सेवक और ग्रामवासी उपस्थित थे



## आईजीआरएस के संदर्भों का जवाब न देने पर 24 अधिकारियों को नहीं मिलेगा मई का वेतन-जिलाधिकारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने 1 से 26 तक प्राप्त आई0जी0आर0एस0 संदर्भों की विस्तृत समीक्षा की जिसमें विभिन्न विभागों ने शिकायतों के निस्तारण में अत्यंत लापरवाही शिथिलता एवं शासनादेशों की अवहेलना पाए जाने पर जिलाधिकारी ने गंभीर नाराजगी व्यक्त की है

समीक्षा में पाया गया कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नगर पंचायत फर्रुखाबाद एवं मोहम्मदाबादए पूर्ति निरीक्षक कायमगंज अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अधिशासी अभियन्ता विद्युत ग्रामीण नगरीय एवं कायमगंज जिला समाज कल्याण अधिकारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी चिकित्साधिकारी कमालगंज शमसाबाद कायमगंज नवाबगंज एवं राजेपुर जिला पूर्ति अधिकारी अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण उप निदेशक कृषि सहायक विकास अधिकारी पंचायत बढ़पुर कायमगंज शमसाबाद राजेपुर नवाबगंज कमालगंज एवं मोहम्मदाबाद तथा खण्ड विकास अधिकारी बढ़पुर कमालगंज एवं राजेपुर द्वारा आई0जी0आर0एस0 संदर्भों के निस्तारण में स्थिति अत्यंत आपत्तिजनक पाई गई।

जिलाधिकारी ने समीक्षा में पाया कि संबंधित अधिकारियों ने आई0जी0आर0एस0 संदर्भों की नियमित समीक्षा नहीं की जा रही है और न ही शिकायतों का निस्तारण शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जा रहा है। साथ ही शिकायतकर्ताओं से शत.प्रतिशत संपर्क स्थापित न किए जाने के कारण मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है

जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित हो रही है तथा शासन स्तर पर जनपद की छवि धूमिल हो रही है।

जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 प्रणाली शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है तथा मुख्यमंत्री जी द्वारा जनसुनवाई एवं शिकायत निस्तारण को विशेष महत्व दिया गया है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता न बरतना अनुशासनहीनता कार्य के प्रति शिथिलता अकर्मण्यता एवं प्रशासनिक अक्षमता का परिचायक है।

जिलाधिकारी ने इसे गंभीर मानते हुए संबंधित अधिकारियों का मई 2026 का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने सुसंगत स्पष्टीकरण साक्ष्यों सहित 3 दिवस के भीतर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से संपर्क स्थापित कर शासनादेशों का पूर्ण अनुपालन कराया जाए।

### बिजली का करंट लगने से किशोरी गंभीर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो रहा है उपचार

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव सदरियापुर के मजरा टड़ा नगला में मंगलवार सुबह करंट लगने से एक किशोरी गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे आनन.फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज लेकर पहुंचे यहां उसका उपचार चल रहा है। डॉक्टरों ने किशोरी की हालत नाजुक बताई है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी धर्मेंद्र की 15 वर्षीय पुत्री काजल सुबह लगभग 11 बजे घर की छत पर पड़ी बिजली की केबल को हटाने गई थी। बताया गया कि केबल में पहले से कट लगा हुआ था। जैसे ही काजल ने केबल को हाथ लगाया वह तेज करंट की चपेट में आ गई और छटपटाने लगी। उसी दौरान गली से गुजर रहे एक पड़ोसी की नजर उस पर पड़ी। पड़ोसी ने तुरंत शोर मचाकर परिजनों को सूचना दी।

घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में अफरा.तफरी मच गई। परिजन अचेत अवस्था में काजल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे यहां डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के मुताबिक किशोरी की हालत गंभीर बनी हुई है और उसकी लगातार निगरानी की जा रही है। वहीं परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल ले जाते समय कस्बे के रेलवे तिराहे पर लगे भीषण जाम के कारण उन्हें काफी देर तक रास्ते में फंसे रहना पड़ा। परिजनों का कहना है कि यदि समय पर अस्पताल पहुंच जाते तो स्थिति और बेहतर हो सकती थी। उन्होंने प्रशासन से रेलवे तिराहे पर लगने वाले जाम की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

# झोपड़ी में लगी आग से दो वर्षीय बच्ची की जलकर मौत, वृद्धा झुलसी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** कंपिल थाना क्षेत्र के गांव कमरुद्दीन नगर में मंगलवार दोपहर एक झोपड़ी में लगी भीषण आग से दो वर्षीय मासूम बच्ची की जिंदा जलकर मौत हो गई जबकि एक वृद्ध महिला गंभीर रूप से झुलस गई। आग इतनी भयावह थी कि कुछ ही देर में पूरी झोपड़ी धू.धू कर जलने लगी और उसमें रखा पूरा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में चीख.पुकार और अफरा.तफरी मच गई। मासूम बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

गांव निवासी उर्वेश कुमार यादव ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12रू30 बजे परिवार के सभी सदस्य झोपड़ी में आराम कर रहे थे। उस समय झोपड़ी में उर्वेश कुमार उनकी पत्नी सरिता दो पुत्रियां रूद्र प्रभा और दो वर्षीय कुसुम प्रभा पिता जदुवीर तथा माता जदुरानी मौजूद थीं। दोपहर की तेज गर्मी के कारण सभी लोग विश्राम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक झोपड़ी के पीछे की ओर से आग की लपटें उठने लगीं। शुरुआत में किसी को आग लगने का पता नहीं चला लेकिन कुछ ही क्षणों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। आग की तेज तपिश महसूस होते ही परिवार के लोग घबराकर बाहर की ओर भागे। किसी तरह सभी लोगों ने अपनी जान बचाई लेकिन अफरा.तफरी के बीच दो वर्षीय मासूम कुसुम प्रभा झोपड़ी के अंदर ही रह गई। जब तक परिजन उसे बचाने का प्रयास करतेए तब तक आग पूरी झोपड़ी में फैल चुकी थी। देखते ही देखते मासूम बच्ची जिंदा जल गई। यह दृश्य देखकर परिवार के लोगों का रो.रोकर बुरा हाल हो गया।

वहीं उर्वेश कुमार की वृद्ध माता जदुरानी आग की चपेट में आने से झुलस गईं जिन्हें उपचार के लिए भेजा गया।हादसे में झोपड़ी में रखा गेहूं कपड़े चारपाई बर्तन और अन्य गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग की लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने नल और बाल्टियों के पानी से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम भी गांव पहुंची लेकिन संकरी गली होने के कारण दमकल वाहन घटनास्थल तक नहीं पहुंच सका। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष नितिन चौधरी तथा सीओ राजेश कुमार द्विवेदी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मासूम बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष नितिन चौधरी ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है

## गंगा दशहरा एवं ज्येष्ठ के बड़े मंगल पर शरबत व पूड़ी-सब्जी का वितरण

**छिबरामऊए कन्नौज।** पावन गंगा दशहरा और ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल के शुभ अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर राहगीरों व भक्तों के लिए शरबत एवं पूड़ी.सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया।

नगर की पुरानी गुड़ मंडी में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में लालूए रामूए रामए प्रियांशुए प्रभाकरए तासुए अबली गुप्ताए चंद्रभान गुप्ता मुन्ना और सत्यनारायण वर्मा सहित स्थानीय व्यापारियों ने ठंडा शरबत वितरित कर लोगों को गर्मी से राहत दी। इसी क्रम में सौरिख रोड स्थित बाबा की बगिया में प्राचीन हनुमान मंदिर पर भक्तों को पूड़ी.सब्जी का प्रसाद बांटा गया। नगर के अन्य कई प्रमुख स्थानों पर भी राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया गया।

# बिना एनेस्थीसिया डॉक्टर के हो रहे ऑपरेशन से मौतें अप्रशिक्षित के भरोसे ओटी

**-सोसाइटी की आपात बैठक में खुलासा 300 नर्सिंग होम पर सिर्फ 7 एनेस्थीसिया डॉक्टर**

**-जनता से अपील सर्जन और एनेस्थीसिया डॉक्टर से मिलकर ही कराएं ऑपरेशन**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थिसियोलॉजिस्ट जिले की शाखा की बैठक आयोजित की गई जिसमें जिले के नर्सिंग होम्स में मरीजों की हो रही मौतों पर गहरी चिंता जताई व्यक्त की गई है।

आवास विकास स्थित क्लीनिक पर अध्यक्ष डॉण् एसपी सिंह की अध्यक्षता में आपात बैठक आयोजित की गई मीटिंग हुई। इसमें डॉण् अनिल मिश्रा डॉण् यूएस तिवारी डॉण् सतीश राजपूत व डॉण् अरुण यादव शामिल रहे। बैठक में कहा गया कि जिले में कई अस्पताल ऑपरेशन बिना एनेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉक्टर बुलाए कर रहे हैं। सोसाइटी के अध्यक्ष ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान अप्रशिक्षित कम्पाउंडर से एनेस्थीसिया दिलवाया जा रहा है। इससे रोज अनपढ़ गरीब मरीजों की मौत हो रही है। घटना के बाद अस्पताल संचालक व स्टाफ फरार हो जाते हैं या स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अभद्रता करते हैं। जिले में करीब 300 पंजीकृत व अपंजीकृत नर्सिंग होम ओटी चलाते हैं जबकि एनेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉक्टर सिर्फ 7 हैं। इतने कम डॉक्टरों से सभी अस्पतालों में सेवा संभव नहीं है।

बैठक में कहा गया कि फीस बचाने के लालच में नर्सिंग होम संचालक क्वालिफाइड एनेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉक्टर नहीं बुलाते। लेकिन मरीज से उनकी फीस वसूल ली जाती है। एन एम सी के नियमों के अनुसार हर ऑपरेशन में सर्जन के साथ एनेस्थिसियोलॉजिस्ट डॉक्टर अनिवार्य है। बिना एनेस्थीसिया डॉक्टर के ऑपरेशन करना अपराध है और जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। सोसाइटी ने जनता से अपील की है कि ऑपरेशन से पहले सर्जन और एनेस्थीसिया डॉक्टर दोनों से मिलें। क्वालिफाइड डॉक्टर को सत्यापित करने के बाद ही ऑपरेशन कराएं और फीस दें। किया गया।

## खबर एक नज़र

### बकरीद का त्योहार आपसी सौहार्द हर्षोल्लास के साथ मनाए-डीएम

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में त्योहार ईद.उल.जुहा बकरीद की तैयारीयों एवं कानून व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत केंद्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित धार्मिक प्रबुद्धजनों एवं अलग.अलग क्षेत्रों से आये हुए संभ्रान्त नागरिकोंए एवं शांति समिति के सदस्यों से सीधा संवाद कर त्यौहार बकरीद के अवसर पर आपसी सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में शांति एवं सहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार की नई परंपरा की शुरूआत न की जाए। जिस प्रकार से और जिस जगह पर विगत वर्षो में बकरीद के दौरान कुर्बानियां दी जाती रही हैं उसी को कायम रखना है। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न दी जाए तथा कोई भी कुर्बानी खुले में न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि कुर्बानी के उपरांत अपशिष्टए अवशेष प्रदार्थो को खुले में न डाला जाए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बकरीद के त्यौहार को परंपरागत रूप से मनाये जाने के संबंध में पुलिस अधिकारियोंए थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांति.सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। त्यौहार में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईदगाहोंए मस्जिदों में नमाज अदा की जाती है तथा परंपरागत रूप से निश्चित स्थलों पर कुर्बानी दी जाती है। उन्होंने कहा इस दौरान संबंधित अधिशाषी अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिदए नमाज स्थलों के आसपास विशेष सफाई कराकर चूने का छिड़काव कराना सुनिश्चित करेंए जलापूर्ति की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा। इस अवसर पर एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठीए एसपी ग्रामीण श्रीश चन्द्रए एडीएम विपिन कुमारए नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुरए समस्त उपजिलाधिकारीए समस्त क्षेत्राधिकारीए जिला सूचना अधिकारी नीलम यादवए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्राए अधिशासी अधिकारी श्यामबचन सरोजए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रदीप देशमणि सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बकरीद पर्व को लेकर थाना इकदिल में पीस कमेटी की बैठक

इकदिलए इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बकरीद पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु थाना इकदिल परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने किया स बैठक में हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय के सम्मानित लोगों ने बढ़.चढ़कर भागीदारी निभाई और आपसी भाईचारे सौहार्द एवं शांति बनाए रखने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार को प्रेम सौहार्द और कानून व्यवस्था के दायरे में रहकर मनाएं तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत उर्फ डुल्लेए वरिष्ठ पत्रकार डॉण्सुशील सम्राटए उमाशंकर पांडेयए नगर अध्यक्ष रजत वर्माए सभासद सुनील राजपूतए पत्रकार अल्ताफ अंसारीए आशु चकए पूर्व प्रधान दाईपुरा विशाल दीक्षितए अनिल यादव प्रधान मुरैथा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे स सभी समुदायों के लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया तथा क्षेत्र में अमन.चैन और भाईचारा बनाए रखने के लिए कहा है।

### अमेज़न पर मेगा क्रिकेट फेस्टिवल लाइव

कानपुर। अमेज़न.इन पर मेगा क्रिकेट फेस्टिवल की जरूरी चीजों, फिटनेस गियर, फैन मर्चेंडाइज और होम एंटरटेनमेंट पर शानदार डील्स लेकर आया है। चाहे गली क्रिकेट मैच के लिए तैयारी करनी हो, अपने खेल को निखारने के लिए ट्रेनिंग करनी हो, अपनी किट को अपग्रेड करना हो या हर मैच के लिए एकदम सही व्यूइंग एक्सपीरियंस सेट करना हो, ग्राहक एसजी, डीएससी, कॉकटू, बोल्डफिट, निविया और प्लेआर सहित टॉप ब्रांडों के एआई-क्यूरेटेड बड़े सिलेक्शन से खरीदारी कर सकते हैं, जिसमें क्रिकेट से प्रेरित एक्सेसरीज और कलेक्टिबल्स भी शामिल हैं। शानदार डील्स के अलावा अमेज़न के एआई-संचालित शॉपिंग टूल्स सही प्रॉडक्ट्स को खोजना पहले से कहीं ज्यादा आसान बना देते हैं। एक कम्प्लीट क्रिकेट कॉम्बो जिसमें फुल-साइज बैट, स्टंप और टेनिस बॉल शामिल है, जो शुरुआती खिलाड़ियों और कैजुअल मैचों के लिए आदर्श है, इसे 89 रुपये में पाएं। टेनिस बॉल मैचों के लिए डिज़ाइन किया गया फुलसाइज हल्का प्लास्टिक क्रिकेट बैट जो सभी आयु समूहों के लिए उपयुक्त है, इसे 32 रुपये में पाएं ।

### एडीएम ने की आईजीआरएस की समीक्षा बैठक

इटावा। अपरजिलाधिकारी विपिन कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आईजीआरएस संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की आईजीआरएस रैंकिंग एवं शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि जनपद का कुल औसत प्रदर्शन प्रतिशत 57 प्रतिशत है। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि यदि इसी प्रकार स्थिति बनी रही तो जनपद बॉटम टेन में पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा आईजीआरएस की समीक्षा को प्रमुखता से लिया जा रहा है तथा पिछले तीन माह से जनपद की रैंकिंग में लगातार गिरावट आ रही है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल दो लाइन में जवाब देने से कार्य नहीं चलेगाए शिकायतकर्ता को समस्या का सही समाधान एवं संतुष्टिपूर्ण जानकारी देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में जनपद को मात्र 15 अंक प्राप्त हो रहे हैं तथा माह समाप्त होने में केवल 5 दिन शेष हैंए इसलिए सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करें ताकि जनपद की रैंकिंग में सुधार हो सके। बैठक में उपजिलाधिकारी न्यायिक राकेश कुमारए जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसादए एआरटीओ प्रदीप देशमणिए जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठीए जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमारए जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्यारानी बघेलए जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठीए समस्त खंड विकास अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थिति रहे।

### स्वच्छ मोहल्ला मीटिंग का आयोजन

इटावा। नगर पालिका परिषदव आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वाधान में वार्ड नं 22 पथवरिया में जन जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छ मोहल्ला मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान मोहल्ले के लोगों से मुलाकात कर स्वच्छता पर चर्चा की गई।

कचरे के प्रकारए गीला कचरा और सूखा कचरा की पहचानए मिश्रित कचरा देने से हानियांरू बीमारीए बदबूए कचरा निस्तारण में समस्याए स्रोत पर पृथक्करण के लाभरू खाद बनना आसानए रीसाइक्लिंग बढ़नाए शहर साफ रहनाए सफाई मित्र को सहयोगरू गीला व सूखा कचरा अलग अलग करके देनाए उचित निस्तारणए समय पर कचरा देना और उसका सही प्रबंधनए गीले कचरे से खादरू कम्पोस्टिंग के माध्यम से जैविक खाद तैयार करनाए सूखे कचरे का उपयोगरू रीसाइक्लिंग के लिए भेजनाए कम्पोस्टिंग की जानकारीए घरेलू स्तर पर होम कम्पोस्टर और वार्ड स्तर पर कम्युनिटी कम्पोस्टर से जैविक खाद बनाने की प्रक्रिया समझाई गई।

### डीएम एसएसपी ने केंद्रीय जेल का निरीक्षण किया

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार परिसर की सुरक्षा व्यवस्थाए बैरकों की स्थितिए सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणालीए तलाशी व्यवस्था एवं कारागार में निरुद्ध बंदियों की सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। अधिकारियों द्वारा कारागार में साफ.सफाईए भोजन व्यवस्थाए चिकित्सा सुविधाओं एवं बंदियों के पुनर्वास से संबंधित व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्थाए साफ.सफाई एवं बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारीगणए पुलिस विभाग एवं जेल प्रशासन के अन्य अधिकारीए कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा ने दी बड़े जानवर की सामूहिक कुर्बानी से बचने की सलाह

## 'कुर्बानी नहीं करने वालों को गुनाहगार कहना या जहन्नुम से डराना इस्लाम के खिलाफ': जमाल

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** बकरीद के मौके पर सामाजिक शांति, सौहार्द और भाईचारा में इजाफा करने के मकसद से सत्तारूढ़ भाजपा ने देश के मुस्लिम समाज को जहां एक ओर बड़े जानवर की सामूहिक कुर्बानी से बचने की सलाह दी है वहीं दूसरी ओर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा बकरीद पर कुर्बानी नहीं करने वालों को गुनाहगार कहे जाने और उन्हें जहन्नुम के नाम से डराए जाने को इस्लाम के खिलाफ बताया है। भाजपा के मुताबिक कुछ स्वयंभू धर्म के ठेकेदार कुर्बानी को फर्ज बताकर लोगों को भ्रमित करते हैं जबकि इस्लामी शिक्षाओं के अनुसार कुर्बानी वाजिब मानी गई है और वह भी केवल उन लोगों पर जो मालदार हों तथा जिनके पास निर्धारित हैसियत मौजूद हो। जो व्यक्ति आर्थिक रूप से कमजोर है, कर्ज में डूबा हुआ है, रोजमर्रा की जरूरतें मुश्किल से पूरी कर पा रहा है, या साहिबे-निसाब नहीं है उस पर कुर्बानी वाजिब नहीं होती। ऐसे व्यक्ति यदि कुर्बानी नहीं करते तो उन्हें गुनाहगार कहना या जहन्नुम से डराना इस्लाम के खिलाफहै। भाजपा की मानें तो 'सामूहिक कुर्बानी' के नाम पर कई जगह विवाद और गलत प्रथाएं सामने आती हैं जिससे समाज में अक्सर तनाव, बहस और विवाद की स्थिति बन जाती है लिहाजा इससे बचने की जरूरत है। भाजपा का साफ तौर पर कहना है कि आगामी बकरीद के अवसर पर सभी देशवासियों को और खास तौर से मुस्लिम समुदाय को समाज से आपसी भाईचारा, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहभागी बनना चाहिए और हिंदूओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए गौवंश की कुर्बानी हर्गिज नहीं देनी चाहिए।

सत्तारूढ़ भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने उक्त बातों पर जोर देते हुए कहा है कि बकरीद त्याग और बलिदान का त्योहार है इसलिए सभी लोग इसे आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ मनाएं। उन्होंने मुस्लिम भाइयों से अनुरोध किया कि किसी भी प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी न करें और विशेष रूप से गाय की हिफाजत करें जिसे देश में बड़ी संख्या में लोग माता के रूप में सम्मान देते हैं। उन्होंने सात लोगों की सहभागिता से की जाने वाली बड़े जानवर की सामूहिक कुर्बानी के बजाय ऐसी सामान्य कुर्बानी को ही तवज्जो देने की बात कही है जिसमें अपनी हैसियत और क्षमता के अनुसार व्यक्तिगत रूप से कुर्बानी की जाती है।

जमाल के मुताबिक अधिकतर विवाद बड़े जानवरों की कुर्बानी को लेकर ही उत्पन्न होते हैं जो सामाजिक तनाव और आपसी टकराव को बढ़ा सकते हैं। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि वे अमन, कानून और सामाजिक सौहार्द को प्राथमिकता दें तथा ऐसा कोई कार्य न करें जिससे समाज में नफ्रत या विवाद पैदा हो। साथ ही जमाल ने मुस्लिम समाज से अपील की है कि ईद की नमाज मस्जिदों, ईदगाहों या प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थानों पर दो या तीन शिफ्टों में अदा की जाए ताकि व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने सार्वजनिक सड़कों पर नमाज से आम लोगों को असुविधा होने की दलील देते हुए कहा है कि कानून, व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द का ध्यान रखना सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी स्थान पर बाहर नमाज पढ़ना बहुत आवश्यक हो तो स्थानीय प्रशासन से अनुमति लेकर ही नमाज अदा की जाए और सभी लोग प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें।

# बढ़नी में जाम से राहत की बड़ी उम्मीद : 144 करोड़ की लागत से बन रहा बाईपास



**स्वतंत्र भारत बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल सीमा से जुड़े अहम कस्बे बढ़नी में लंबे समय से लगने वाले भीषण जाम से अब जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। नगर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए एनएच-730 से लेकर नगर के बाहर से होते हुए भारत-नेपाल सीमा को जोड़ने वाले बाईपास मार्ग का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। वर्तमान में बाईपास निर्माण के तहत मिट्टी पटाई (लेवलिंग) का कार्य तेजी से जारी है। भारी मशीनों की मदद से सड़क का बेस तैयार किया जा रहा है, ताकि आगे पक्की सड़क निर्माण का कार्य सुचारू रूप से किया जा सके। इसके साथ ही, रेलवे लाइन के ऊपर से मार्ग को निकालने के लिए पिलर निर्माण का कार्य भी तेज़ गति से चल रहा है, जो इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 144 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। प्रशासन और निर्माण एजेंसियां इस काम को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। बाईपास के निर्माण के बाद सबसे बड़ा फायदा उन वाहनों को होगा जो भारत से नेपाल की ओर या नेपाल से भारत की ओर आते-जाते हैं। अभी तक इन वाहनों को बढ़नी कस्बे के अंदर से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे अक्सर घंटों लंबा जाम लग जाता है। बाईपास शुरू होने के बाद भारी और बाहरी वाहनों को नगर के बाहर से ही डायवर्ट कर दिया जाएगा, जिससे कस्बे के अंदर ट्रैफिक का दबाव काफी कम हो जाएगा। इससे न सिर्फ यात्रियों को राहत मिलेगी, बल्कि स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों को भी बड़ी सुविधा मिलेगी। जाम की समस्या कम होने से बाजारों में आवागमन आसान होगा, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बाईपास बढ़नी के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। लंबे समय से इसकी मांग की जा रही थी, जो अब धरातल पर उतरती नजर आ रही है। यदि निर्माण कार्य इसी गति से चलता रहा, तो आने वाले समय में बढ़नी को जाम की समस्या से बड़ी राहत मिल सकती है।

## साइड लेने के चक्कर में ट्रैक्टर ट्राली से टकराए बाइक सवार एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**स्वतंत्र भारत मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के लालापुर सेमरा कलां संपर्क मार्ग स्थित लालापुर गांव में सोमवार की रात ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर लालगंज क्षेत्र निवासी बाइक सवार दो युवक नहर में गिर पड़े। जिसमें बाइक पर पीछे बैठे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना के एक घंटे बाद पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल बाइक चालक को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। लालगंज थाना क्षेत्र के खोमर मैना गांव निवासी 35 वर्षीय श्याम सुंदर गांव के ही अपने साथी 30 वर्षीय नागेश के साथ बाइक से लालापुर गांव स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। जैसे ही सेमरा कलां लालापुर संपर्क मार्ग पर पहुंचा तो आगे चल रहे ट्रैक्टर ट्राली से साइड लेने के चक्कर में ट्रैक्टर से टकराते हुए बाइक सहित नहर में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर पीछे बैठे नागेश की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना के एक घंटे बाद पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल श्याम सुंदर को उपचार हेतु एंबुलेंस से पीएचसी हलिया भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक आलोक सिंह यादव ने बाइक चालक के पैर में आई गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। मृतक बाइक सवार नागेश के भाई हरिशंकर की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर लालगंज क्षेत्र के खोमर मैना गांव निवासी बाइक सवार नागेश की मौत हो गई है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।गंभीर रूप से घायल बाइक चालक श्याम सुंदर को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है।

## जंगल में लापता व्यक्ति का हाथ पैर कटा शव पलाश के पेड़ में लटका हुआ मिला, पुलिस मौके पहुंची

**स्वतंत्र भारत मीरजापुर।** जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के तुलसी व डांगरखेरी गांव के जंगल में एक किसान का डेढ़ माह पुराना कंकाल पेड़ से लटका मिला है। 65 वर्षीय मुन्ना लाल यादव का शव घर से तीन किलोमीटर दूर मंगलवार सुबह तुलसी डांगरखेरी गांव के जंगल में एक प्लास के पेड़ से लटकता हुआ पाया गया। शव का निचला हिस्सा गायब था, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।

सूचना मिलने पर लालगंज थाना प्रभारी के साथ फॉरेंसिक पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने शव की जांच-पड़ताल की और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि शव के निचले हिस्से को जानवरों ने खा लिया होगा।

मुन्ना लाल यादव, जो तुलसी गांव के निवासी थे, 11 अप्रैल की सुबह करीब 7 बजे अपने घर से 200 मीटर दूर स्थित निजी गौशाला के लिए निकले थे। वह उस दिन वापस नहीं लौटे। पूरे दिन और रात घर न आने पर चिंतित परिजनों ने 12 अप्रैल की शाम लालगंज थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी थी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। सोमवार शाम को जंगल में लकड़ी लेने गई महिलाओं ने सबसे पहले पेड़ से लटकते शव को देखा था। रात में यह खबर तुलसी गांव तक पहुंची। मंगलवार को जब परिजनों और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि शव का कमर से नीचे का हिस्सा गायब था।

शव पूरी तरह से सड़-गल चुका था और केवल कंकाल ही बचा था, हालांकि शरीर पर कपड़े मौजूद थे। प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने कहा कि प्रथम दृश्य फांसी पर लटकाने से मौत हुई है और शव का निचला हिस्सा जानवर खाए हैं, फिलहाल मौत का पूरा कारण पोस्टमार्टम के बाद स्पष्ट हो जाएगा।

## नाबालिग को बहला-फुसला कर भगाने व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत मड़िहान/मीरजापुर।** नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर भगाने व दुष्कर्म के सम्बन्ध में मड़िहान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक बालमुकुन्द मिश्रा मय पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी अंकित कोल पुत्र तौलन कोल निवासी हसरा थाना मड़िहान को पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## 10 दिवसीय संस्कार एवं संगीत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**स्वतंत्र भारत मीरजापुर।** लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ (संस्कृति विभाग) द्वारा सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत मिर्जापुर में 10 दिवसीय संस्कार एवं संगीत प्रशिक्षण कार्यक्रम नई बस्ती बथुआ में आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम में किशोर तथा किशोरियों को निःशुल्क प्रशिक्षण तथा संस्थान द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सहकार भारती उत्तर प्रदेश के विभाग संयोजक विंध्याचल मंडल प्रतोष दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया तथा जिले के नागरिकों से अनुरोध किया कि आप सभी लोग अपने बच्चों को प्रशिक्षण में भेज कर संगीत में कुशल व विशेषज्ञ प्रशिक्षक से उत्कृष्ट ज्ञान प्राप्त कर ले जो बिल्कुल मुफ्त है ऐसा अवसर कभी कभी मिलता है। उक्त कार्यशाला में प्रशिक्षक कुसुम पांडेय ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया तथा सुमधुर स्वर में लय बद्ध तरीके से बालिकाओं को संगीत की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया साथ में ढोलक वादक, हारमोनियम वादक ने कार्यक्रम को और आकर्षक रूप प्रदान किया, समापन सहकार भारती की जिला अध्यक्ष श्रीमती उमा पाण्डेय ने किया युक्त अवसर पर क्षेत्रीय अनेकों गणमान्य महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का किया औचक निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के नवागत सचिव आनन्द कुमार-11 ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर मीरजापुर का औचक निरीक्षण किए। दौरान निरीक्षण सचिव ने सम्प्रेक्षणगृह में प्रवासित किशोरो के बैरको, भोजनालय, भण्डारण, निरीक्षण किए।

जनपद मीरजापुर, सोनभद्र एवं भदोही के सम्प्रेक्षण गृह में प्रवासित किशोरो से व्यक्तिगत मुलाकात किए। प्रवासित किशोरों से मुकदमों में पैरवी से सम्बन्ति विवरणों एवं अधिवक्ता होने अथवा न होने तथा दवा इलाज, पढ़ाई, खेलकूद, पेंटिंग, डान्स, बागवानी का प्रशिक्षण प्रतिदिन कराया जाना सन्तोषजनक नहीं पाया गया। अधीक्षक सम्प्रेक्षणगृह को निर्देशित किया गया कि अविलम्ब जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का पत्राचार करें और सम्प्रेक्षणगृह में प्रवासित किशोरो को उपरोक्त दवा इलाज, पढ़ाई, खेलकूद, पेंटिंग, डान्स, बागवानी का प्रशिक्षण प्रतिदिन कराया जाना सुनिश्चित करें और कृत कार्यवाही से अविलम्ब अवगत कराये। उन्होंने किशोर सम्प्रेक्षगृह के पाकशाला का अवलोकन किए जिसमें प्रवासित 43 किशोरो के लिए दाल, बाटी, चोखा, सलाद, पापड़ तैयार किया गया था जिसकी गुणवत्ता परखने के लिए चखे और अधीक्षक को निर्देशित किए कि सम्प्रेक्षण गृह में प्रवासित किशोरों को सुबह का नास्ता और मेनू दिन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदत्त किया जाए इसमें कोतहाई न हो और भण्डारण में मेनू के अनुसार सामग्री प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थें। सचिव ने भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए अधीक्षक को यह भी निर्देशित किया कि पाकशाला व समस्त बैरकों एवं शौचालयों का नियमित रूप से साफ-सफाई कराया जाये। निरीक्षण में डाटा आपरेटर रंजीत कुमार, सम्प्रेक्षण गृह अधीक्षक, पीएलवी इरफान अंसारी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## चर्चित माती चौकी कांड में 22 आरोपियों को मिली 7-7 साल कैद

**बाराबंकी।** जिले के बहुचर्चित माती पुलिस चौकी आगजनी और पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमले के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। करीब 11 वर्ष पुराने इस सनसनीखेज मामले में अपर सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्या-02 राकेश कुमार सिंह प्रथम ने 22 आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजते हुए सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 मई 2026 की तारीख तय की है। बता दें कि यह मामला वर्ष 2015 में देवा थाना क्षेत्र की माती पुलिस चौकी में हुई हिंसा, आगजनी और पुलिसकर्मियों को जिंदा जलाने की कोशिश से जुड़ा है। उस समय इस घटना ने न केवल बाराबंकी बल्कि पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया था। दिनदहाड़े हुई इस हिंसक घटना के बाद पूरे इलाके में कई दिनों तक दहशत और तनाव का माहौल बना रहा था। शासकीय अधिवक्ता अरविंद राजपूत के मुताबिक, इस पूरे मामले की शुरुआत 30 अगस्त 2015 को हुई थी, जब देवा थाने की हवालात में बंद अभियुक्त सुभाष राजवंशी द्वारा आत्महत्या कर ली गई थी। घटना के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया था। आरोप है कि कुछ राजनीतिक लोगों द्वारा इस घटना को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया और लोगों को भड़काया गया। अगले दिन यानी 31 अगस्त 2015 को बड़ी संख्या में लोग माती पुलिस चौकी पहुंच गए। उस समय चौकी पर आरक्षी राजेंद्र सिंह बिष्ट अपने साथी पुलिसकर्मियों प्रदीप सिंह, रणजीत सिंह, पारस नाथ मिश्रा और अशोक यादव के साथ ड्यूटी पर मौजूद थे। तहरीर के अनुसार, भीड़ में शामिल लोग लाठी-डंडे, सरिया और डीजल-पेट्रोल से भरी पिपियां लेकर पहुंचे थे। भीड़ ने पुलिस चौकी को चारों तरफ से घेर लिया और नारेबाजी शुरू कर दी। मुकदमे में दर्ज तहरीर के मुताबिक, आरोपियों ने पुलिसकर्मियों को जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया। तहरीर में कहा गया कि भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने ललकारते हुए कहा चौकी में मौजूद पुलिस वालों को जिंदा जलाकर मार डालो, कोई बचने न पाए। इसके बाद उग्र भीड़ ने चौकी में तोड़फोड़ शुरू कर दी। चौकी परिसर में मौजूद सरकारी दस्तावेज, अभिलेख, फर्नीचर और पुलिसकर्मियों के निजी सामान को तोड़ दिया गया।

पुलिसकर्मियों के बक्सों को तोड़कर उसमें रखा सामान और नकदी भी नष्ट कर दी गई। आरोप है कि हमलावरों ने चौकी भवन के सामने बने छप्पर में आग लगा दी, जिसके बाद देखते ही देखते पूरी चौकी आग की लपटों में घिर गई। चौकी परिसर में खड़ी मोटरसाइकिलों को भी आग के हवाले कर दिया गया।


### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान तहसीलदार सदर कानपुर नगर
मु. नं. 3630/2026
बलराम बनाम सरजू प्रसाद

1. सुनील पुत्र वीरेन्द्र उर्फ छुन्ना 2. गोविन्द पुत्र रामशंकर 3. पानकुंवरि पत्नी वीरेन्द्र उर्फ छुन्ना सभी निवासीगण 5/3 वाजिदपुर जाजमऊ कानपुर नगर...प्रतिवादीगण

धारा 34–35 रा.सं. पेशी 30.05.2026

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 30.05.2026 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 07.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.- 393/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 19764/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410019764
श्रीमती उर्मिला गुप्ता आदि बनाम विनय गुप्ता
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. श्रीमती उर्मिला गुप्ता वयस्क पत्नी श्री रज्जन लाल गुप्ता निवासिनी 85/28 कोपरगंज कानपुर नगर आदि ...आवेदक/मकान मालिक

बनाम– विनय गुप्ता वयस्क पुत्र अज्ञात निवासी 73/10 बी कलक्टरगंज कानपुर नगर

...विरोधी पक्षकार/किरायेदार

रिलीज प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 21 नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 03.07.2026 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 26.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.- 393/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी (न्यायिक) महोदय उन्नाव
वाद सं. टी202510690123114
श्रीपाल आदि बनाम दिनेश आदि

1. दिनेश बालिग 2. नीशू बालिग 3. मुनेश पुत्रगण स्व. ममूती 4. श्रीमती रजाना बेवा स्व. ममूती 5. राजेन्द्र 6. वीरेन्द्र पुत्रगण मोतीलाल 7. श्रीमती लक्ष्मी बेवा मोतीलाल 8. राजेश पुत्र राम गुलाम 9. गनेशा पत्नी राम गुलाम साकिनान ग्राम दोस्तीनगर परगना व तहसील व जिला उन्नाव 10. सरकार उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधीश महोदय उन्नाव 11. गांव सभा ग्राम मुर्तजानगर पर. हड़हा तह. व जिला उन्नाव द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम मुर्तजानगर पर. हड़हा तह. व जिला उन्नाव.....प्रतिवादीगण

पेशी 04.06.2026

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 04.06.2026 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 26.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.- 393/K-CN

### उत्तर मध्य रेलवे

नं.: BNDA/AE/L-3/2025 दिनांक: 25.05.2026

**सार्वजनिक अधिसूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खैरार-भीमसेन रेल मार्ग पर इचौली-अकोना स्टेशनों के मध्य स्थित रोड खण्डेह से फतेपुरवा पर स्थित रेलवे समपार संख्या-एस-10 (कि0मी0-1325/05-06) पर रोड अन्डर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जिसके लिये दिनांक 20.05.2026 से समपार फाटक बंद कर दिया गया है। इस दौरान आने-जाने हेतु रेलवे RUB एस-09 के माध्यम से मार्ग में बदलाव किया गया है।

सहा.मण्डल.अभियन्ता बाँदा

1192/26(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्याः- 09 विद्युत/सा0/प्रयागराज/26-27 दिनांक- 23.05.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज** निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक **16.06.2026** समय **15.00** बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा संबंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है-

**क्र.सं.1. निविदा सूचना संख्याः** ELG-23-2627 **कार्य का नामः** PRYJ डिवीज़न के Manauri (MRE) (3.05 M चौड़ा) और Bharwari (BRE) (6.1 M चौड़ा) में "पुराने FOB को नए FOB से बदलने" Sirathu (SRO) में पुराने FOB को रैंप वाले 6.10 M चौड़े नए FOB से बदलना। Ambiapur-Tundla सेक्शन के तहत ULD में पुराने FOB को नए FOB से बदलने से संबंधित विद्युत कार्य।

**काम की लागतः** ₹ 9433669.35 | **बिड सिक्योरिटीः** ₹ 188700.00

**कार्य समाप्त करने की समयावधिः** 06 महीना

**क्र.सं.1. निविदा सूचना संख्याः** ELG-24-2627 **कार्य का नामः** प्रयागराज मंडल में मौजूदा वॉशिंग लाइन में कैटवॉक, पिट लाइट्स और अन्य संबंधित कार्यों का प्रावधान और सुधार।

**काम की लागतः** ₹ 9525608.79 | **बिड सिक्योरिटीः** ₹ 190500.00

**कार्य समाप्त करने की समयावधिः** 06 महीना

**निविदा खुलने की तिथिः 16.06.2026,** समय- **15.00** बजे।

**नोटः 1.** उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज के साथ) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 15.00 बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। 1181/26 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं रिशेड्यूलिंग करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है :-

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 01922 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी - हडपसर विशेष | 27.05.2026 |
| 01921 | हडपसर - वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी विशेष | 28.05.2026 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम | मार्ग परिवर्तन (वाया) | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 22590 | हडपसर - बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस | पुणे-लोनावला-कर्जत-पनवेल-कल्याण-नासिक रोड-मनमाड | 28.05.2026 एवं 30.05.2026 |
| 12627 | क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण (बेंगलुरु)-नई दिल्ली एक्स. | सोलापुर-कुर्डुवाडी-लातूर रोड-परभणी-अंकाई-मनमाड | 27.05.2026 |
| 22685 | यशवंतपुर - चण्डीगढ़ एक्सप्रेस | पुणे-लोनावला-कर्जत-पनवेल-कल्याण-नासिक रोड-मनमाड | 27.05.2026 |
| 11078 | जम्मू तवी - पुणे एक्सप्रेस | मनमाड-इगतपुरी-कल्याण-पनवेल-लोनावला-पुणे | 26.05.2026 |
| 12627 | क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण (बेंगलुरु)-नई दिल्ली एक्स. | सोलापुर-कुर्डुवाडी-लातूर रोड-परभणी-छत्र. संभाजीनगर-मनमाड | 29.05.2026 |
| 20657 | श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि-हज़रत निज़ामुद्दीन एक्स. | सोलापुर-कुर्डुवाडी-लातूर रोड-परभणी-छत्र. संभाजीनगर-मनमाड | 29.05.2026 |
| 15030 | पुणे - गोरखपुर एक्सप्रेस | पुणे-लोनावला-कर्जत-पनवेल-कल्याण-नासिक रोड-मनमाड | 30.05.2026 |
| 11078 | जम्मू तवी - पुणे एक्सप्रेस | मनमाड-नासिक रोड-कल्याण-पनवेल-कर्जत-लोनावला-पुणे | 28.05.2026 |
| 12780 | हज़रत निज़ामुद्दीन - वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी एक्स. | मनमाड-नासिक रोड-कल्याण-पनवेल-कर्जत-लोनावला-पुणे | 29.05.2026 |

**रेलगाड़ियों की रिशेड्यूलिंग**

| गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 01415 | पुणे-गोरखपुर विशेष | 28.05.2026 एवं 30.05.2026 | यह रेलगाड़ी पुणे से अपने निर्धारित समय 06:50 बजे के बजाय 08 घंटे की देरी से 14:50 बजे रवाना होगी। |
| 05590 | हडपसर-मुज़फ़्फ़रपुर विशेष | 28.05.2026 | यह रेलगाड़ी हडपसर से अपने निर्धारित समय 15:00 बजे के बजाय 08 घंटे की देरी से 23:00 बजे रवाना होगी। |
| 01449 | पुणे-दानापुर विशेष | 30.05.2026 | यह रेलगाड़ी पुणे से अपने निर्धारित समय 15:30 बजे के बजाय 03 घंटे की देरी से 18:30 बजे रवाना होगी। |

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR 1199/26(AS)

### उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर संख्याः- 230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई-टेण्डर/2026/636 दिनांकः 25.05.2026

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क0वि0/उ0म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है।

**निविदा सं.:** 230-क0वि0-कार्य ठेका-1025-2026

**कार्य का विवरणः** प्रयागराज मंडल में 220/132KV फफूंद (PHD) और दादरी (DER) ग्रिड सब-स्टेशन (GSS) पर फीडिंग व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु 132kV बस में संशोधन तथा अन्य संबंधित कार्य।

**अनुमानित लागतः** रु. 2,33,35,817.49 | **बिड सुरक्षा राशिः** रु. 4,66,700.00

**निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः** 16.06.2026, 14:00 बजे | **बोली प्रणालीः** एक पैकेट

**निविदा खुलने की तिथि तथा समयः** 16.06.2026, 15:00 बजे | **कार्य अवधिः** 12 महीना

**नोटः(1)** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। **(2)** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(3)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **1188/26 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

### उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डर नंः पीआरवाईजे-सिग-201-2026-27 दिनांक- 22.05.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से **वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार/इंजीनियर/समन्वय, प्रयागराज** द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये **खुली निविदा,** ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को **12.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

**क्र.सं. 1. निविदा नं.:** पीआरवाईजे-सिग-201-2026-27

**कार्य का विवरणः** सीनियर सेक्शन इन्जीनियर/सिगनल/आर.आर.आई/कानपुर के खण्ड में 24 माह के लिए सेक्सनल सिगनलिंग मेन्टीनेन्स अनुबंध।

**अनुमानित मूल्यः** ₹ 13185967.58/- | **बिड सिक्योरिटीः** ₹ 263700/-

**कार्य समापन की अवधिः** 24 माह | **निविदा खुलने की तिथिः** 19.06.2026

**2. निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
**3. निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थानः** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि **12.30** बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **1189/26 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय जल प्रबन्ध योजना शारदा नहर खण्ड हरदोई

ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या:– 01/ई0ई0/2026–27

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से टेक्निकल/फाइनेंशियल बिड सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत सिविल कार्यों में दक्ष एवं अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों से ई–निविदा दिनांक 29.05.2026 के प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 05.06.2026 के प्रातः 11.00 बजे तक (डाउनलोड/अपलोड/सबमिट की जा सकती है) आमंत्रित की जाती है, जिसकी टेक्निकल बिड दिनांक 05.06.2026 को प्रातः 11.00 बजे निविदा समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह ई–निविदा अगले कार्यदिवस में उसी समय खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है–

| क्रम | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा शुल्क (स्टेशनरी+निविदा प्रपत्र का मूल्य +18 प्रतिशत जी0एस0टी0) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पिलखनी ड्रेन के किमी0 0.000 से 8.150 तक अनुरक्षण का कार्य। | 3.88 | 7760.00 | 10 दिवस | 500+150+27 = 677.00 | सी एवं उच्च श्रेणी |
| 2 | पुवायाँ ड्रेन के किमी0 0.000 से 4.900 तक अनुरक्षण का कार्य। | 2.34 | 4680.00 | 10 दिवस | 500+75+14 = 589.00 | सी एवं उच्च श्रेणी |
| 3 | भड़ायल ड्रेन के किमी0 0.000 से 4.500 तक अनुरक्षण का कार्य। | 5.46 | 10920.00 | 10 दिवस | 500+225+41 = 766.00 | सी एवं उच्च श्रेणी |

नोट

1- इस ई-निविदा से सम्बंधित समस्त नियम एवं शर्ते http://etender.up.nic.in एवं सिंचाई विभाग की वेबसाईट http://irrigation.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
राष्ट्रीय जल प्रबन्ध योजना
शारदा नहर खण्ड हरदोई

उ0प्र0 251790 दिनांक- 26.05.2026
Website: www.upgov.nic.in


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96

कानपुर, बुधवार, 27 मई, 2026

# इजराइल को देश नहीं मानेंगे : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इजराइल से दोस्ती करने और उसे देश की मान्यता देने से साफ इनकार कर दिया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा

- विचारधारा से समझौता मंजूर नहीं
- ट्रम्प मुस्लिम देशों से बोले थे- इजराइल से दोस्ती करें

आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपनी मौलिक विचारधाराओं से समझौता नहीं कर सकता। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तान से कहा था कि अगर वह अमेरिका-ईरान शांति समझौते की प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहता है, तो उसे अब्राहम समझौते में शामिल होकर इजराइल को अलग देश की मान्यता देनी होगी।



इसके बाद पाकिस्तान ने साफ कहा है कि वह इस मांग को मानने के मूड में नहीं है। आसिफ ने इजराइल पर निशाना साधते हुए कहा, हम उन लोगों के साथ कैसे बैठ सकते हैं जिनकी बात पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता। आसिफ ने पाकिस्तान की पासपोर्ट नीति का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुनिया का शायद इकलौता देश है, जिसके पासपोर्ट पर साफ लिखा होता है कि यह इजराइल के लिए मान्य नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का रुख पूरी तरह साफ है और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। ट्रम्प ने सोमवार को कई मुस्लिम और अरब देशों से इजराइल के साथ रिश्ते सामान्य करने की अपील की। ट्रम्प ने इसे ईरान के साथ संभावित शांति बातचीत से भी जोड़ा। इसी दौरान उन्होंने पाकिस्तान का नाम भी उन देशों में शामिल किया था, जिनसे अमेरिका इजराइल को मान्यता देने की उम्मीद कर रहा है।

## यूक्रेन पर बड़े हमले करेगा रूस, कीव छोड़ने की चेतावनी

**मॉस्को।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में रहने वाले विदेशी नागरिकों, राजनयिकों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों को तुरंत शहर छोड़ने की चेतावनी दी है। रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार वे यूक्रेन के सैन्य-औद्योगिक परिसरों, निर्णय लेने वाले केंद्रों और कमान चौकियों पर सुनियोजित हमले शुरू कर रहे हैं। मंत्रालय ने कीव के स्थानीय निवासियों से भी अपील की है कि वे जेलेंस्की शासन की सैन्य और प्रशासनिक ढांचागत सुविधाओं से दूरी बना लें, क्योंकि ये सैन्य ठिकाने पूरे कीव में फैले हुए हैं। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से फोन पर बात उन्हें इस हमले की अग्रिम जानकारी दी और कहा कि यूक्रेन की ओर से रूस पर किए जा रहे आतंकी हमलों की वजह से उसे ये कदम उठाना पड़ रहा है।

### ट्रंप की पोस्ट का साफ इशारा, सत्ता का केंद्र हैं पाक सेना प्रमुख

# पाकिस्तान : मुनीर की कठपुतली हैं शहबाज!

**वॉशिंगटन।** पाकिस्तान में प्रधानमंत्री भले ही शहबाज शरीफ हों, लेकिन तमाम बड़े मामलों में सेना प्रमुख आसिम मुनीर का दखल साफ नजर आता है। पाकिस्तान में शहबाज शरीफ अब आसिम मुनीर के हाथों की कठपुतली जैसे दिखते हैं। पाकिस्तान में सत्ता के इस समीकरण को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक हालिया पोस्ट ने और बल दिया है।

दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब्राहम समझौते के विस्तार को लेकर एक सोशल मीडिया पोस्ट की थी। इस पोस्ट में ट्रंप ने मुस्लिम-बहुल देशों से ईरान युद्ध के बाद अब्राहम समझौते में शामिल होने का आग्रह किया था। इस पोस्ट में उन्होंने शहबाज शरीफ की जगह पर पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर का नाम लिया। ट्रंप के पोस्ट से सवाल खड़ा हो गया है कि असल में





पाकिस्तान की सत्ता किसके हाथ में है? ट्रंप ने सोमवार को ट्रुथ सोशल पर अब्राहम समझौते के विस्तार को लेकर एक पोस्ट में उन विश्व नेताओं की सूची जारी की, जिनसे उन्होंने बात की थी। हालांकि, जब बात पाकिस्तान की आई, तो उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का नाम नहीं लिया। इसके बजाय अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर का जिक्र किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने पोस्ट में सऊदी अरब के मोहम्मद बिन सलमान, यूएई के मोहम्मद बिन जायद, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी जैसे नेताओं का नाम लिखा। वहीं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इस सूची में नहीं थे। जानकारों का कहना है कि यह सिर्फ चूक का मामला नहीं है। यह चूक सीधे तौर पर पाकिस्तान में सत्ता के समीकरण पर मुहर लगाती दिख रही है। यह पहले से ही साफ है कि पाकिस्तानी सेना विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में देश की सरकार की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभाव रखती है। वहीं, ट्रंप की पोस्ट ने एक तरह से इसकी पुष्टि कर दी है।

### मुनीर का बढ़ता कद

पाकिस्तान में आसिम मुनीर का कद लगातार बढ़ने का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह ईरान, अफगानिस्तान और अमेरिका के साथ सहयोग से जुड़े मुद्दों पर फैसला लेने वालों में सबसे अहम माने जाते हैं। कई रिपोर्टों में दावा है कि शहबाज शरीफ से ज्यादा मुनीर से ट्रंप की करीबी है। ट्रंप ने पिछले साल एक गोपनीय बैठक की थी और मुनीर की तारीफ की थी।

## एक नज़र

### सेनेगल को मिला नया प्रधानमंत्री

**डकार।** सेनेगल के राष्ट्रपति बासिरू दियोमाये फाये ने अहमादू अल अमीनू लो को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री उस्मान सोनको को हटाए जाने के बाद यह फैसला लिया। सोनको और राष्ट्रपति फाये के बीच पिछले कई महीनों से नीतिगत मतभेद बढ़ रहे थे, खासकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से कर्ज वार्ता को लेकर। लो इससे पहले पश्चिम अफ्रीकी केंद्रीय बैंक में वरिष्ठ पद पर कार्य कर चुके हैं। नई सरकार ऐसे समय में बन रही है जब सेनेगल आर्थिक संकट और सत्तारूढ़ पार्टी के अंदरूनी विवादों से जूझ रहा है।

### लाओस की गुफा में फंसे सात लोगों को बचाने के लिए अभियान जारी

**लाओस।** लाओस के शाइसोंबून प्रांत में पिछले सप्ताह से गुफा में फंसे सात लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू अभियान तेज कर दिया गया है। ये ग्रामीण 19 मई को सोने की तलाश में गुफा में गए थे, तभी भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से बाहर निकलने का रास्ता बंद हो गया। एक व्यक्ति समय रहते बाहर निकल आया और उसने अधिकारियों को सूचना दी। लाओस और थाईलैंड की संयुक्त रेस्क्यू टीमें लगातार अभियान चला रही हैं। गोताखोर पानी से भरे संकरे रास्तों से होकर अंदर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। गुफा में फंसे लोगों की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

### अमेजन संरक्षण के लिए ब्राजील का बड़ा निवेश

**साओ पाउलो।** ब्राजील सरकार ने अमेजन वर्षावन क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए 3.1 अरब रियाल यानी करीब 617.5 मिलियन डॉलर निवेश करने की घोषणा की है। यह राशि इको इन्वेस्ट कार्यक्रम के तहत दी जाएगी, जिसका उद्देश्य जैव अर्थव्यवस्था, सतत पर्यटन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। सरकार के अनुसार निजी और विदेशी निवेशकों की मदद से परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की सरकार का कहना है कि यह पहल 2050 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य हासिल करने और अमेजन में वनों की कटाई रोकने में मदद करेगी।

### कैलिफोर्निया के रासायनिक टैंक में विस्फोट का खतरा टला

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित गार्डन ग्रोव में एयरोस्पेस प्लांट के क्षतिग्रस्त रासायनिक टैंक में अब विस्फोट का खतरा काफी हद तक खत्म हो गया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि टैंक में आई दरार से दबाव कम हुआ और तापमान घट गया। टैंक में मेथाइल मेथाक्रिलेट नामक खतरनाक रसायन भरा था, जिसके गर्म होने से विस्फोट की आशंका पैदा हो गई थी। एहतियात के तौर पर 50 हजार से अधिक लोगों को इलाके से निकाला गया था। हालांकि अब हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं, लेकिन सुरक्षा कारणों से निकासी आदेश अभी भी जारी है।

### श्रीलंका : 40 देशों के पर्यटकों को आगमन पर वीजा

**कोलंबो।** श्रीलंकाई सरकार ने सोमवार को घोषणा की है कि भारत सहित 40 देशों के पर्यटकों को 30 दिनों के लिए आगमन पर वीजा मुफ्त दिया जाएगा। आव्रजन व उत्प्रवास विभाग के अनुसार, इन देशों के नागरिकों को आने से पूर्व इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल ऑथराइजेशन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसके तहत पर्यटकों को पहुंचने की तारीख से डबल-एंट्री की सुविधा भी मिलेगी। भारत अभी श्रीलंका के लिए पर्यटन का सबसे बड़ा स्रोत है। इस सूची में रूस, ब्रिटेन, अमेरिका, जर्मनी, चीन व डेनमार्क जैसे देश भी शामिल हैं।

### पाकिस्तान : दो बसें टकराईं, 17 लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी मर्दान जिले में स्वात एक्सप्रेस-वे पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, एक तेज रफ्तार बस ने सड़क किनारे खड़ी दूसरी बस को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोग घायल भी हुए हैं, जिनका उपचार जारी है। मृतक मुख्य रूप से अपर दीर और बाजौर जिलों के रहने वाले थे और स्वात घाटी जा रहे थे। बचाव दल मौके पर राहत कार्यों में जुटा है और मृतकों की पहचान की जा रही है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने फिर की भारत की तारीफ

### ट्रंप बोले- मैं हूं पीएम मोदी का बहुत बड़ा प्रशंसक

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में अमेरिकी दूत सर्जियो गोर द्वारा साझा की गई एक सोशल मीडिया पोस्ट को फिर से पोस्ट किया है। इस पोस्ट में सर्जियो गोर ने भारत के लिए ट्रंप के प्रेम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मजबूत संबंधों का जिक्र किया। एक्स पर एक पोस्ट में सर्जियो गोर ने लिखा, राष्ट्रपति ट्रंप ने आज रात मुझे फोन किया। उनका एक स्पष्ट संदेश था : मैं भारत से प्यार करता हूं। हम भारत के इतने करीब कभी नहीं रहे।

मैं प्रधानमंत्री मोदी का एक बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। इसके जवाब में ट्रंप ने सोमवार शाम को अपने आधिकारिक ट्रुथ सोशल अकाउंट पर इस संदेश को फिर से पोस्ट किया। उन्होंने नई दिल्ली के भारत मंडपम में अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ समारोह से एक वीडियो क्लिप भी साझा की। ट्रंप ने रविवार रात को कहा था कि भारत मुझ पर



100 प्रतिशत भरोसा कर सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना बेहतरीन दोस्त बताया था। यह घटनाक्रम भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते कूटनीतिक संबंधों के बीच सामने आया है, जिसमें दोनों देशों के नेता एक-दूसरे के प्रति प्रशंसा व्यक्त कर रहे हैं। ट्रंप की यह पोस्ट भारत के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों को उजागर करने के उनके प्रयास को दर्शाती है। ट्रंप ने भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर को अचानक फोन किया। तब गोर अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में थे। इस दौरान ट्रंप ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खुलकर तारीफ की।

## कार्नी के भारत दौरे से रिश्ते का नया अध्याय हुआ शुरू

### पीयूष गोयल बोले-संबंध होंगे मजबूत

**ओटावा।** कनाडा और भारत के रिश्तों में एक बार फिर गर्मजोशी लौटती नजर आ रही है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की हालिया भारत यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों को पूरी तरह से रीसेट करने की दिशा में तेजी से काम शुरू हो गया है। यह बात केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कनाडा दौरे के दौरान कही। ओटावा में कनाडा के



अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू से मुलाकात के बाद गोयल ने कहा कि दोनों देश अब नए एजेंडे और नए लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मार्क कार्नी की फरवरी में हुई भारत यात्रा ने दोनों देशों के नजरिए को पूरी तरह बदल दिया और रिश्तों में नई शुरुआत की राह खोल दी। भारत और कनाडा के बीच संबंध 2023 में उस समय तनावपूर्ण हो गए थे, जब कनाडा में खालिस्तानी समर्थक सिख कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने भारत पर आरोप लगाए थे। भारत ने इन आरोपों को सख्ती से खारिज करते हुए कनाडा पर खालिस्तानी चरमपंथियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया था।

### रूबियो ने रूस के विदेश मंत्री से की बात

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच सोमवार को फोन पर बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन युद्ध, द्विपक्षीय संबंधों और ईरान की स्थिति पर चर्चा की।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बताया कि बातचीत का अनुरोध रूस की ओर से किया गया था। रूसी विदेश मंत्रालय के अनुसार लावरोव ने कीव में यूक्रेनी सेना से जुड़े ठिकानों पर हमले की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ये कार्रवाई रूस के अंदर नागरिक इलाकों पर हो रहे कथित हमलों के जवाब में की गई। लावरोव ने अमेरिका समेत अन्य देशों से कीव में मौजूद अपने राजनयिकों और नागरिकों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने को भी कहा।

### पीएम नेतन्याहू अचानक अस्पताल में भर्ती, पहले से कई बीमारी से हैं पीड़ित

**तेल अवीव।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को सोमवार शाम यरुशलम के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में इसकी पुष्टि की गई। टाइम्स ऑफ इस्राइल की रिपोर्ट के अनुसार नेतन्याहू को यरुशलम स्थित हदासाह ऐन केरम मेडिकल सेंटर ले जाया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि 76 वर्षीय नेतन्याहू दांतों से जुड़े इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे थे। यह बयान उस समय जारी किया गया जब हिब्रू मीडिया में उनके अस्पताल ले जाए जाने की खबरें सामने आईं। पिछले कुछ समय से नेतन्याहू की सेहत इस्राइल में चर्चा और विवाद का बड़ा विषय बनी हुई है। विपक्ष और आलोचकों ने उन पर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी जनता से छिपाने के आरोप लगाए हैं। इसी वजह से उनकी वास्तविक स्वास्थ्य स्थिति को लेकर देश में लगातार अटकलें लगती रही हैं।

## उत्तर कोरिया ने फिर किया मिसाइल परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने मंगलवार को अपने पश्चिमी तट से एक अज्ञात प्रक्षेपास्त्र का प्रक्षेपण किया है। दक्षिण कोरिया की सेना ने इस बात की पुष्टि की है, जो इस वर्ष उत्तर कोरिया का नवीनतम हथियार परीक्षण प्रतीत होता है। यह प्रक्षेपण 19 अप्रैल को उत्तर कोरिया द्वारा किए गए एक अन्य प्रक्षेपण के बाद हुआ है। उस समय उत्तर कोरिया ने कई छोटी दूरी की मिसाइलों का



परीक्षण किया था, जिसे उत्तर कोरियाई मीडिया ने क्लस्टर बमों के वारहेड के प्रदर्शन के रूप में वर्णित किया था। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन 2019 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ परमाणु कूटनीति के विफल होने के बाद से अपने परमाणु और मिसाइल शस्त्रागार का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ट्रंप ने किम के साथ बातचीत फिर से शुरू करने की इच्छा बार-बार व्यक्त की है, लेकिन प्योंगयांग ने अब तक इन प्रस्तावों को नजरअंदाज किया है। वॉशिंगटन ने बातचीत की पूर्व शर्त के रूप में उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण की मांगों को छोड़ने का आग्रह किया है।

### जापान में कॉनबिनी साम्राज्य के संस्थापक सुजुकी का निधन

**टोक्यो।** सेवन-इलेवन सुविधा स्टोर शृंखला के वैश्विक खुदरा साम्राज्य की स्थापना का श्रेय पाने वाले जापानी व्यवसायी तोशिफुमी सुजुकी का 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। सुजुकी ने जापान में 7-इलेवन के उन सर्वव्यापी कॉनबिनी आउटलेट्स का संचालन करने वाली इकाई की स्थापना की, जहां व्यस्त लोग सैंडविच, राइस बॉल, पेय पदार्थ, चिप्स और अन्य भोजन खरीद सकते हैं, एटीएम का उपयोग कर सकते हैं और बिजली के बिलों का भुगतान कर सकते हैं।

### अवैध सोने की खदान में भूस्खलन से 28 की मौत

**बेंगू।** अंगोला के उत्तर-पश्चिमी बेंगू प्रांत में एक अवैध सोने की खदान में भूस्खलन होने से कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसे देश के सबसे घातक अवैध खनन हादसों में से एक बताया है। नागरिक सुरक्षा और अग्निशमन सेवा ने रविवार को बताया कि मलबे से चार लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है और तलाशी अभियान पूरा हो चुका है।

## लेबनान पर इस्राइल का हमला

**तेल अवीव।** इस्राइल और लेबनान की सीमा पर चल रही लड़ाई अब बहुत खतरनाक हो गई है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन

- हिजबुल्ला के 70 ठिकानों पर बमबारी, सीमाई इलाकों में स्कूल बंद, 12 लोगों की मौत

नेतन्याहू के आदेश के बाद इस्राइली सेना ने लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ हमले बहुत तेज कर दिए हैं। इस्राइल की वायुसेना ने ताबड़तोड़ हमले करके हिजबुल्ला के 70 से ज्यादा ठिकानों को तबाह कर दिया है। इन हमलों में करीब 85 बमों और मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया है। दूसरी तरफ, लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी एएनए के मुताबिक, इस्राइल के इन हमलों में 12 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हुए हैं। इस्राइली



सेना ने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्होंने लेबनान के टायर इलाके में हिजबुल्ला के 10 कमांड सेंटर, हथियारों के गोदाम और दूसरे ठिकानों को निशाना बनाया है। सेना ने यह भी दावा किया कि मोटरसाइकिल पर जा रहे हिजबुल्ला के लड़ाकों को भी मार गिराया गया है। इसके अलावा, इस्राइली लड़ाकू विमानों ने लेबनान की बेका घाटी और कई दूसरे इलाकों में बने हिजबुल्ला के ठिकानों पर भी भारी बम बरसाए हैं।

## खोज

### चीनी वैज्ञानिकों ने दुनिया में किया बड़ा कमाल

# सूर्य की सामान्य रोशनी से बनी क्वांटम तस्वीर

**बीजिंग।** चीन के वैज्ञानिकों ने क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में ऐसी सफलता हासिल की है, जिसने दुनिया के वैज्ञानिकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। अब तक माना जाता था कि क्वांटम फोटॉन बनाने के लिए शक्तिशाली और स्थिर लेजर जरूरी होती है, लेकिन वैज्ञानिकों ने पहली बार सिर्फ सूर्य की सामान्य रोशनी की मदद से क्वांटम-लिंक्ड फोटॉन तैयार कर लिए। इन फोटॉनों की मदद से घोस्ट इमेजिंग तकनीक के जरिए कृत्रिम तस्वीर भी बनाई गई। इस उपलब्धि को भविष्य की अंतरिक्ष तकनीक और क्वांटम संचार के लिए बेहद अहम माना जा रहा है।

**आखिर वैज्ञानिकों ने क्या नया कर दिखाया?**

अब तक क्वांटम ऑप्टिक्स में लेजर को सबसे जरूरी उपकरण माना जाता था। वैज्ञानिकों का मानना था कि बिना नियंत्रित और शक्तिशाली लेजर के क्वांटम स्तर पर जुड़े फोटॉन तैयार नहीं किए जा सकते। लेकिन चीन की शियामेन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इस सोच को बदल दिया। शोधकर्ताओं ने सूर्य की



प्राकृतिक रोशनी का इस्तेमाल करके क्वांटम-लिंक्ड फोटॉन तैयार किए। इसके बाद इन फोटॉनों की मदद से घोस्ट इमेजिंग तकनीक द्वारा तस्वीर का पुनर्निर्माण किया गया। इस तकनीक में तस्वीर सीधे कैमरे से नहीं ली जाती, बल्कि क्वांटम संबंधों के जरिए तैयार होती है। इस शोध को जर्नल एडवांस्ड फोटोनिक्स में प्रकाशित किया गया है।

**धूप से क्वांटम तस्वीर कैसे बनाई गई?**

वैज्ञानिकों ने एक खास स्वचालित सन-ट्रैकिंग प्रणाली तैयार की। यह सिस्टम पूरे दिन सूर्य की दिशा का पीछा करता रहा, ठीक वैसे ही जैसे टेलीस्कोप काम करता है। इसके जरिए सूर्य की रोशनी को 20 मीटर लंबे प्लास्टिक मल्टीमोड ऑप्टिकल फाइबर में भेजा गया। यह फाइबर रोशनी को एक अंधेरी प्रयोगशाला तक पहुंचाता है। वहां इस प्रकाश को पीपीकेटीपी नाम के विशेष नॉनलाइनियर क्रिस्टल पर डाला गया। इसी प्रक्रिया के दौरान क्वांटम फोटॉन जोड़े तैयार हुए।

**पीपीकेटीपी क्रिस्टल क्या होता है?**

पीपीकेटीपी यानी पीरियॉडिकली पोल्ड पोटैशियम टाइटेनिल फॉस्फेट एक विशेष प्रकार का क्रिस्टल है। इसका इस्तेमाल क्वांटम ऑप्टिक्स और फोटॉन आधारित प्रयोगों में किया जाता है। यह क्रिस्टल प्रकाश की तरंगों को खास तरीके से बदलता है, जिससे क्वांटम फोटॉन जोड़े बन पाते हैं। वैज्ञानिकों ने बताया कि पहली बार साबित हुआ है कि सूर्य की प्राकृतिक रोशनी भी स्पॉन्टेनियस पैरामेट्रिक डाउन-कन्वर्जन प्रक्रिया को सक्रिय कर सकती है। यही प्रक्रिया क्वांटम तकनीक में फोटॉन जोड़े बनाने के लिए सबसे अहम मानी जाती है।

### इस सफलता को इतना बड़ा क्यों माना जा रहा है?

विशेषज्ञों के अनुसार यह उपलब्धि भविष्य की क्वांटम तकनीकों को सस्ता और आसान बना सकती है। अभी तक ऐसे प्रयोगों के लिए महंगे लेजर सिस्टम की जरूरत पड़ती थी। अगर सूर्य की रोशनी से भी क्वांटम फोटॉन बनाए जा सकते हैं, तो भविष्य में छोटे और कम खर्च वाले क्वांटम उपकरण विकसित हो सकते हैं। इस तकनीक का इस्तेमाल अंतरिक्ष मिशनों, सुरक्षित संचार प्रणाली और हाईटेक इमेजिंग सिस्टम में किया जा सकता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि इससे क्वांटम संचार को दूरदराज और अंतरिक्ष क्षेत्रों तक ले जाने में मदद मिलेगी।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089